kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-15 ❑ अंक-30 ❑ शुक्रवार, 27 फरवरी 2026 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



लोकतंत्र में दूसरों की भावनाओं का सम्मान करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना अपनी भावनाओं का सम्मान करना और इस तरह के आदान-प्रदान से राष्ट्रीय एकता मजबूत होती है।
सीपी राधाकृष्णन

एनसीईआरटी मामले में न्यायपालिका के आदेश का पालन किया जायेगा : धर्मेन्द्र 11

बेटियों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है सरकारः धामी 12

## संक्षेप

### वॉट्सएप 1 मार्च से सिम कार्ड के बिना नहीं चलेगा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को साफ कर दिया है कि 'सिम बाइंडिंग' के नियमों को लागू करने की 28 फरवरी की डेडलाइन नहीं बढ़ाई जाएगी। नए नियमों के तहत मोबाइल में सिम कार्ड न होने पर वॉट्सएप, टेलीग्राम, सिग्नल, स्नैपचैट, शेयरचैट, जियोचैट, अराटाई और जोश जैसे मैसेजिंग एप काम नहीं करेंगे। कंप्यूटर पर लॉगिन वॉट्सएप भी 6 घंटे में लॉगआउट हो जाएगा। सरकार का दावा है कि इससे साइबर धोखेबाजों का पता लगाने में मदद मिलेगी।

### जिला पंचायतों में 2883 मानचित्र पास, 57 करोड़ की आय

**लखनऊ।** ग्रामीण व अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में भवन निर्माण के लिए मानचित्र स्वीकृति की प्रक्रिया को सख्ती व पारदर्शिता के साथ लागू किया जा रहा है। ऑनलाइन प्रक्रिया से आय व पारदर्शिता दोनों बढ़ी है, जिससे जिला पंचायतों की आय में वृद्धि हुई है। 2883 मानचित्र पास किए गए और 57.42 करोड़ रुपये की आय हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में अस्पताल, मॉल व स्टेडियम निर्माण को रफ्तार मिली है। ग्रामीण क्षेत्रों में अब ऑफलाइन के साथ ऑनलाइन मानचित्र पास किए जा रहे हैं। मानचित्र स्वीकृति की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। डिजिटल प्रक्रिया को अपनाने से मानचित्र स्वीकृति में लगने वाला समय भी कम हुआ है। भ्रष्टाचार की शिकायतें भी घटी हैं। बढ़े राजस्व से सड़क, नाली व पेयजल जैसी योजनाओं को चलाने में मदद मिल रही है। जिला पंचायतों ने अपने-अपने क्षेत्रों में भवन निर्माण के लिए मानचित्र स्वीकृति को अनिवार्य किया गया है। पहले बड़ी संख्या में लोग बिना स्वीकृति के निर्माण कर लेते थे, अब ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम दोनों माध्यम से मानचित्र स्वीकृति होने से अवैध निर्माण पर भी रोक लगी है।

### मार्च में 2.42 फीसदी कम देना होगा बिजली बिल

**लखनऊ।** बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहतभरी खबर है। मार्च 2026 के लिए उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) द्वारा ईंधन अधिभार शुल्क की नई दरों की घोषणा कर दी गई है। इस बार दिसंबर 2025 की अपेक्षा मार्च 2026 माह में 2.42 प्रतिशत ईंधन अधिभार शुल्क में कमी की गई है। इसके हिसाब से उपभोक्ताओं को इतना कम बिल देना पड़ेगा। इससे प्रदेश के उपभोक्ताओं को लगभग 141.20 करोड़ रुपये का सीधा लाभ होगा। उधर, फरवरी में उपभोक्ताओं से 10 प्रतिशत ईंधन अधिभार (फ्यूल सरचार्ज) शुल्क वसूले जाने के आदेश के खिलाफ विद्युत उपभोक्ता परिषद द्वारा विद्युत नियामक आयोग में प्रभावी विरोध में प्रस्ताव दाखिल किया था। परिषद की आपत्ति के बाद नियामक आयोग इस प्रकरण की जांच में जुटा हुआ है। उधर, मार्च में कमी को लेकर परिषद का कहना है कि इसे स्पष्ट रूप से बिजली दरों में 2.42 प्रतिशत की कमी के रूप में देखा जाना चाहिए, जिससे प्रदेश के उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

# 'भ्रष्टाचार' पर अध्याय वाली पुस्तक बैन

## सुप्रीम कोर्ट ने एनसीईआरटी से कहा- माफी काफी नहीं, हार्ड कॉपी वापस लें, डिजिटल कॉपी हटाएं

एजेंसी

नई दिल्ली। एनसीईआरटी की आठवीं कक्षा की किताब के विवादित अंश को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रूख अपनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इस मामले पर सुनवाई के दौरान एनसीईआरटी की आठवीं की उस किताब पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिसके अध्याय में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार वाला हिस्सा है। किताब में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' वाले अंश को लेकर उपजे विवाद पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पंचोली की पीठ ने सुनवाई की। चीफ जस्टिस ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि इस मामले में एनसीईआरटी का माफी मांगना पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसी किताब बच्चों तक जाने देना गलत होगा। न्यायपालिका की गरिमा को बनाए रखना जरूरी है। शिक्षा सचिव और एनसीईआरटी को नोटिस जारी करते हुए सर्वोच्च अदालत ने कहा कि जब तक कोर्ट संतुष्ट नहीं हो जाता, सुनवाई जारी रहेगी।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को इस किताब की सभी कॉपियों को जब्त करने का आदेश दिया है और साथ ही इसके डिजिटल प्रिंट को भी हटाने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने चेतावनी दी कि अगर उसके इस आदेश के पालन में कोताही बरती गई तो गंभीर कार्रवाई की जाएगी।

सर्वोच्च अदालत ने एनसीईआरटी के निदेशक, स्कूली शिक्षा सचिव को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया है और ये पूछा है कि इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि

### सुप्रीम सख्ती

- ❑ सीजेआई ने जताई नाराजगी, कहा- किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने की इजाजत नहीं
- ❑ एनसीईआरटी के निदेशक को कारण बताना होगा



### सुप्रीम कोर्ट के 4 बड़े निर्देश

- ❑ केंद्र और राज्यों के शिक्षा विभाग तय करें कि किताब चाहे स्कूलों में हो, छपी हुई हों या डिजिटल तौर पर हो तुरंत लोगों की पहुंच से हटाई जाए।
- ❑ किताब के प्रिंटेड या डिजिटल वर्जन को बांटना कोर्ट के आदेश का जानबूझकर उल्लंघन माना जाएगा।
- ❑ सभी राज्यों के शिक्षा विभाग के मुख्य सचिव 2 हफ्ते में इस मामले में कार्रवाई की रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंपें।
- ❑ जांच रिपोर्ट मिलने के बाद कोर्ट कमेटी बनाएगा, जो पूरे मामले की जांच करेगी और जिम्मेदार लोगों की पहचान करेगी।

यह न्यायपालिका की गरिमा को ठेस पहुंचाने के लिए जानबूझकर किया गया कृत्य लगता है।

सुनवाई के दौरान एनसीईआरटी ने कहा कि वे बिना शर्त माफी मांगने को तैयार हैं। किताब से विवादित अंश को भी हटा दिया जाएगा। इस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि केवल माफी मांगना और किताब से आपत्तिजनक अंशों को हटाना पर्याप्त नहीं है। एनसीईआरटी के निदेशक को कारण बताना होगा। ये सोच-समझकर उठाया गया कदम है। अदालत ने सवाल किया कि इस मामले को अवमानना क्यों न माना जाए?

पीठ ने कहा कि मामला आपराधिक अवमानना के दायरे में आता है। हम इसकी विस्तृत जांच चाहते हैं। अदालत ने कहा कि अगर इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो इससे लोगों का न्यायपालिका में विश्वास कमजोर होगा। किसी को भी ऐसा करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एनसीईआरटी ने बुधवार को जो जवाब दिया है, उसमें एक भी शब्द माफी वाला नहीं है और इसके बजाय वे इसे सही साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। शिक्षा मंत्रालय की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट में बिना शर्त माफी मांगी। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई 11 मार्च तक टाल दी है।

गौरतलब है कि बुधवार को वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी और मुकुल रोहतगी ने सीजेआई के सामने यह मामला उठाया था। इसके बाद, मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने एनसीईआरटी किताब में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' चैप्टर पर कड़ी नाराजगी जताई। सीजेआई ने कहा कि किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

नाराजगी जाहिर करते हुए सीजेआई ने कहा, 'संस्था का प्रमुख होने के नाते मैंने हमेशा अपने दायित्व को निभाया है। मैं किसी को इस बात की इजाजत नहीं दूंगा कि वो न्यायपालिका को बदनाम करें। किसी कीमत पर मैं इसकी इजाजत नहीं दूंगा, कोई कितना भी बड़ा क्यों न हो। कानून अपना काम करेगा। मैं जानता हूं कि इससे कैसे निपटा जाए। मैं स्वतः संज्ञान ले रहा हूं। दरअसल, एनसीईआरटी ने 24 फरवरी को कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की नई किताब जारी की, लेकिन किताब के एक अध्याय में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' का एक सेक्शन था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी के बाद एनसीईआरटी (राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद) ने माफी मांगी है और विवादित चैप्टर वाली कक्षा 8 की किताब के वितरण पर रोक लगाई है। मामला सामने आने के बाद स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने तुरंत निर्देश दिया कि अगली सूचना तक इस किताब का वितरण रोक दिया जाए। एनसीईआरटी ने आदेश मानते हुए किताब की आपूर्ति पर रोक लगा दी है। एक बयान में एनसीईआरटी ने माना कि गलती अनजाने में हुई है। किसी भी संस्था की गरिमा कम करने का कोई इरादा नहीं था। अब इस अध्याय को दोबारा लिखा जाएगा। इसके लिए संबंधित अधिकारियों से सलाह ली जाएगी। सुधारी ● शेष पेज 11 पर

# इजराइल में चलेगा भारतीय यूपीआई

एजेंसी

यरूशलम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत और इज़राइल ने अपनी साझेदारी को 'विशेष रणनीतिक साझेदारी' का दर्ज़ा देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है और दोनों देश महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी एवं दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला के क्षेत्र में सहयोग करेंगे।

श्री मोदी ने यहां इज़राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तरीय बैठक के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'आज हमने समय की कसौटी पर खरी उतरी अपनी साझेदारी को 'विशेष रणनीतिक साझेदारी 'का दर्ज़ा देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। अपनी दो दिवसीय इज़राइल यात्रा के दूसरे दिन श्री मोदी ने कहा कि उन्हें नौ वर्ष पहले इजरायल की यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बनने का सौभाग्य मिला था। अब एक बार फिर इजराइल की ऐतिहासिक भूमि पर कदम रखना उनके लिए गर्व और भावुकता का क्षण है। उन्होंने उन्नत और उभरती प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग पर हुई सहमति की जानकारी देते हुए कहा, आज हमने महत्वपूर्ण और उभरतीय प्राद्योगिकी साझेदारी स्थापित करने का निर्णय लिया है। इससे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), क्वांटम और दुर्लभ खनिजों जैसे क्षेत्रों में सहयोग को नई गति मिलेगी। प्रधानमंत्री ने खुशी जाहिर की कि इजरायल सरकार अपने देश में भारतीय डिजिटल भुगतान प्रणाली यूपीआई के इस्तेमाल की छूट देने को तैयार हो गयी है और इसके लिए समझौता किया गया है। आतंकवाद के खिलाफ भारत के कड़े रुख को दोहराते हुए श्री मोदी ने कहा, भारत और इजरायल पूरी तरह से स्पष्ट हैं कि आतंकवाद का दुनिया में कोई स्थान नहीं है। किसी भी रूप में, किसी भी तरीके के आतंकवाद को सहन नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री ने कहा, हम कंधे-से-कंधा मिलाकर आतंकवाद और उनके समर्थकों का विरोध करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। श्री मोदी ने गाजा शांति समझौते के प्रति भारत का समर्थन दोहराते हुए कहा मानवता संघर्ष का शिकार न बने। गाजा शांति योजना से शांति का एक रास्ता बना है। भारत ने इन प्रयासों का पूर्ण समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि भारत और इज़राइल के संबंध गहरे विश्वास, साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं की मजबूत आधारशिला पर स्थापित हैं।हमारे रिश्ते समय की हर कसौटी पर खरे उतरे हैं। इस यात्रा के आखिरी दिन ● शेष पेज 11 पर

❑ मोदी-नेतन्याहू की बैठक में समझौता, मोदी बोले- जल्द फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करेंगे, इजराइल आना मेरे लिए गर्व की बात



# मोदी इंस्टाग्राम पर 10 करोड़ फॉलोअर्स वाले पहले नेता

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'इंस्टाग्राम' पर 10 करोड़ फॉलोअर हो गए हैं और इसके साथ ही इस सोशल मीडिया मंच पर यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह विश्व के पहले नेता बन गए हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 2014 में इंस्टाग्राम से जुड़े थे और पिछले एक दशक में उनका अकाउंट वैश्विक नेताओं के बीच सबसे अधिक सक्रिय डिजिटल मंच में से एक बन गया है। वैश्विक नेताओं में मोदी के 'इंस्टाग्राम' पर अब सबसे अधिक फॉलोअर हैं। सोशल मीडिया मंच पर उनके फॉलोअर की संख्या अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फॉलोअर से दोगुनी से भी अधिक है। अधिकारियों ने बताया कि अगले पांच प्रमुख विश्व नेताओं के फॉलोअर की कुल संख्या भी मोदी के फॉलोअर की संख्या से कम है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप



4.32 करोड़ फॉलोअर के साथ दूसरे स्थान पर हैं। ट्रंप के बाद इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के 1.5 करोड़ फॉलोअर हैं, जबकि ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा के 1.44 करोड़ फॉलोअर हैं। इसके बाद तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन का स्थान आता है जिनके 1.16 करोड़ फॉलोअर हैं जबकि अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई के 64 लाख फॉलोअर हैं। अधिकारियों ने कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी की बेजोड़ वैश्विक पहुंच और दुनिया भर के युवाओं ● शेष पेज 11 पर

# अब रेल दावे होंगे ऑनलाइन

एजेंसी

नयी दिल्ली। रेल यात्रियों को यात्रा के दौरान हादसे, अनहोनी घटनाओं अथवा सामान के नुकसान या चोरी आदि के मामलों में क्षतिपूर्ति के दावों के लिए इलेक्ट्रानिक सुविधा मिलेगी जिससे कोई यात्री ऐसे किसी भी मामले में रेलवे दावा न्यायाधिकरण (आसीटी) के समक्ष कहीं से भी दावा कर सकेगा।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को यहां भारतीय रेलवे की प्रमुख योजना '52 हफ्तों में 52 सुधार' के तहत सुधार संख्या तीन और चार क्रमशः रेलटेक नीति और रेलवे दावा न्यायाधिकरण (आसीटी) को पूरी तरह से डिजिटाइजेशन की करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ई- आरसीटी प्रणाली रेलवे दावा न्यायाधिकरण को पूरी तरह से कम्प्यूटर आधारित और डिजिट बनाएगी। यह देश में कहीं से भी तेज गति, ज़्यादा पारदर्शी और आम लोगों के पहुंच योग्य बनाकर दावा फाइल करने, प्रक्रिया और न्यायिक निर्णय लेने की गति को बदल देगी। उन्होंने बताया कि मौजूदा समय में देश भर में 23 आरसीटी पीठ हैं और दावा



❑ यात्री ऑनलाइन कर पाएंगे हादसे, सामान के नुकसान, किराया-विवाद के मामलों में दावाः वैष्णव

फाइल करना अभी लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, खासकर उन यात्रियों के लिए जो किसी घटना के समय दूसरे राज्यों में यात्रा कर रहे हों। दावा फाइल करने के लिए सही क्षेत्राधिकार तय करना अक्सर एक बड़ा मुद्दा बन जाता है, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि इस सुधार का मकसद देश में कहीं से भी दावा फाइल करना आसान, डिजिटल और पहुंच योग्य बनाना है। नयी प्रणाली के तहत परेशान यात्री अपने स्थान की परवाह किए बिना यात्रा करते समय या अपनी मंज़िल पर पहुँचने पर भी इलेक्ट्रॉनिक तरीके से दावा फाइल कर सकेंगे। ई-फाइलिंग से लेकर मामला सूचना प्रणाली तक, पूरी प्रक्रिया डिजिट और एआई आदारित होगी। श्री वैष्णव ने कहा कि अगले 12 महीनों में, इस पहल के तहत रेलवे दावा न्यायाधिकरण की सभी पीठ पूरी तरह से डिजिटाइज़ हो जाएंगी।

उन्होंने बताया कि अगर यह मॉडल सफल होता है, तो इसी तरह के डिजिटल समाधान केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण जैसे दूसरे न्यायाधिकरणमें भी लागू किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसका मकसद तेज़ प्रक्रिया , बेहतर पारदर्शिता और न्याय देने के लिए नागरिक-केंद्रित तरीका सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि पहले, दावा करने और वकीलों को मामला फाइल करने, दस्तावेज जमा करने और मामले की प्रक्रिया को ट्रैक करने के लिए निजी तौर पर न्यायाधिकरण के दफ्तर जाना पड़ता था, जिसमें प्रक्रिया में देरी होती थी। ई-आरसीटी प्रणाली के आने से अब कहीं से ● शेष पेज 11 पर

### शराब पीकर गाड़ी चलाने पर ड्राइविंग लाइसेंस होगा रद्द : गडकरी

नयी दिल्ली। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं में हर साल लाखों लोगों का जीवन बचाने के लिए सरकार सुरक्षा कारणों की गहनता से पड़ताल कर रही है और इसमें रोड इंजीनियरिंग, आटोमोबाइल इंजीनियरिंग, सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करते हुए शिक्षा तथा जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। श्री गडकरी ने गुरुवार को यहां हैबिटेट सेंटर में सीआईआई के तत्वावधान में आयोजित 'नेशनल कन्क्लेव ऑफ रोड सेफ्टी' विषय पर अपने विचार पेश करते हुए गुरुवार को कहा कि देश में हर साल लाखों लोगों की जान सड़क दुर्घटनाओं में जाती है और उसे बचाना आवश्यक है इसलिए सड़क इंजीनियरिंग के साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस को लेकर सख्त रुख नियम बनाए जा रहे हैं। उनका कहना था कि शराब पीकर गाड़ी चलाने की घटनाएं ज्यादा होती हैं इसलिए इस नियम को ज्यादा सख्त किया जा रहा है और बार बार शराब पीकर गाड़ी चलाते हुए पकड़े जाने पर लाइसेंस स्थायी ● शेष पेज 11 पर

# 47 हजार कार्मिकों को एक और मौका

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल ने प्रदेश के उन 47 हजार राज्य अधिकारियों कर्मचारियों को कई प्रतिबंधों के साथ एक और मौका दिया है, जिन्होंने अब तक मानव संपदा पोर्टल पर चल अचल संपत्ति का विवरण नहीं भरा है। ऐसे अधिकारी - कर्मचारी अब 26 फरवरी से 10 मार्च तक विवरण भर सकते हैं। 31 जनवरी तक 47 हजार 816 अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपना विवरण अपलोड नहीं किया है।

उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से लगातार राज्य अधिकारियों व कर्मचारियों को बार बार ऐसे निर्देश दिए जा रहे हैं कि अपनी चल - अचल संपति मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड करें। इसके बाद भी 31 जनवरी तक लगभग 47 हजार अधिकारियों कर्मचारियों ने संबंधित विवरण अपलोड नहीं किया है। अब इन पर सरकार सख्ती

❑ मानव संपदा पोर्टल पर चल अचल संपत्ति दर्ज न करने का मामला, प्रतिबंधों के साथ 10 मार्च तक करें अपलोड

कर रही है। शासन ने ऐसे भी निर्देश दिए थे कि विवरण न अपलोड करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलेगा। इतने सख्त आदेश के बावजूद बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने अपना विवरण नहीं भरा है। ऐसे में प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल की ओर से सभी विभागाध्यक्षों व प्रमुख सचिवों को भेजे गये आदेश में निर्देश दिए हैं कि 31 जनवरी तक मानव संपदा पोर्टल पर अपनी चल अचल संपत्ति का विवरण न दर्ज करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। इनमें उक्त कार्मिकों के खिलाफ नियमानुसार विभागीय कार्यवाही की जाएगी। इन कार्मिकों को वर्तमान चयन वर्ष में पदोन्नति पर विचार न किया जाय और ● शेष पेज 11 पर

# यूपी ने रिएक्टिव' नहीं, 'प्रोएक्टिव' नीति अपनाई : योगी

एजेंसी/कैनविज टाइम्स ब्यूरो

जापान/ लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जापान दौरे के दूसरे दिन विगत नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश की तीव्र औद्योगिक प्रगति और निवेश-अनुकूल नीतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य ने 'रिएक्टिव' नहीं, बल्कि 'प्रोएक्टिव' नीति दृष्टिकोण अपनाया है, जिसके परिणामस्वरूप प्रति व्यक्ति आय और अर्थव्यवस्था, दोनों को तीन गुना करने में सफलता प्राप्त हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जापान के यामानाशी प्रीफ़ेक्चर में, माननीय गवर्नर श्री कोटारो नागासाकी के साथ उत्तर प्रदेश-यामानाशी सहयोग को और मजबूत करने और हमारी बढ़ती स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप को आगे बढ़ाने के लिए सार्थक बातचीत हुई।

योगी ने कहा कि इंडस्ट्री, टूरिज्म और वोकेशनल एजुकेशन में सहयोग को गहरा करने के लिए एक एमओयू साइन किया गया, जिसमें ग्रीन हाइड्रोजन, क्लीन एनर्जी इनोवेशन और टेक्नोलॉजी एक्सचेंज पर खास ध्यान दिया गया।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश एनर्जी में



आत्मनिर्भरता बढ़ाने और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सस्टेनेबल भविष्य के विजन को आगे बढ़ाने के लिए आईआईटी कानपुर को ग्रीन हाइड्रोजन में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तौर पर सक्रिय रूप से विकसित कर रहा है। योगी ने कहा कि मैं अगस्त में उत्तर प्रदेश में 200 सीईओ के एक डेलीगेशन को लीड करने के माननीय गवर्नर के प्रस्ताव का स्वागत करता हूं, जिससे इंडस्ट्रियल पार्टनरशिप और इन्वेस्टमेंट की गति और तेज होगी। योगी ने कहा कि , मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और इन्वेस्ट यूपी के डेडिकेटेड जापान डेस्क और यीडा में प्रस्तावित जापान इंडस्ट्रियल टाउनशिप के जरिए आसान सुविधा के साथ स्केल, स्किल और स्पीड देता है।

यह समझौता यामानाशी में एक चमकदार और धूप वाले दिन साइन किया गया, जो इस दिशा में स्पष्टता और आत्मविश्वास का एक पॉजिटिव प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मैं यामानाशी प्रीफ़ेक्चर के गवर्नर और सभी स्टेकहोल्डर्स का शुक्रिया अदा करता हूं कि उन्होंने इस कोलेबोरेशन को गहरा करने में अपनी प्रोएक्टिव भूमिका निभाई, जो शेयर्ड इकोनॉमिक विज़न और सिविलाइज़ेशनल कनेक्ट पर आधारित है। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को जापान के यामानाशी प्रांत में आयोजित 'उत्तर प्रदेश इन्वेस्टमेंट रोड शो' में सहभाग किया। मुख्यमंत्री ने जापान के उद्योगपतियों एवं बिजनेस लीडर्स को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए ग्रीन एनर्जी, प्रौद्योगिकी, विनिर्माण और अवसंरचना क्षेत्रों में साझेदारी हेतु आह्वान किया।

### मुख्यमंत्री योगी का सिंगापुर-जापान दौराः 1.5 लाख करोड़ के एमओयू, 2.5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए

**सिंगापुर/टोक्यो/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा है कि ऑटो क्लस्टर के विकास करने के लिए यमुना अथॉरिटी में जापान के निवेशकों के लिए जापान की एक डेडिकेटेड सिटी के निर्माण के लिए भी यहाँ पर विस्तार से चर्चा हुई और इसके लिए वहाँ लैंड अलॉट करने की कार्रवाई हुई है। मुख्यमंत्री ने जापान में पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह बातें कहीं । उन्होंने कहा कि हम लोगों को जो अब तक यहाँ प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं मुझे प्रसन्नता है कि 90 हजार करोड़ रुपये के एमओयू जापान के अंदर, व डेढ़ लाख करोड़ के प्रस्ताव उत्तर प्रदेश के इस डेलीगेशन को प्राप्त हुए हैं। योगी ने कहा कि इसी प्रकार से सिंगापुर में 60 हजार के एमओयू और 1 लाख करोड़ रुपये तक के हमारे पास प्रस्ताव उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आए हैं जिन्हें इन्वेस्ट यूपी और उत्तर प्रदेश के हमारे अन्य विभाग आगे बढ़ाने का काम करेंगे। हालांकि सरकार की ओर से जारी बयान के अनुसार, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सिंगापुर और जापान दौरा निवेश, तकनीक और वैश्विक साझेदारी के लिहाज़ से अभूतपूर्व रूप से सफल रहा। दोनों देशों में हुए निवेश संवादों के दौरान कुल 1.5 लाख करोड़ के एमओयू पर हस्ताक्षर हुए, जबकि 2.5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। यह यात्रा वर्ष 2029-30 तक उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। बयान में कहा गया है कि जापान दौरे पर मिली अभूतपूर्व सफलता जापान में आयोजित निवेश संवाद के दौरान प्रदेश सरकार को हजारों करोड़ रुपये के एमओयू ● शेष पेज 11 पर

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक सम्पन्न

❒ बैठक के प्रारंभ में निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की गई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखनऊ। जिलाधिकारी विशाख जी. की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों, संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों तथा उद्योग विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग करते हुए औद्योगिक विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक के प्रारंभ में निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने समय-सीमा से अधिक लंबित प्रकरणों के संबंध में स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभाग निवेश मित्र पोर्टल पर प्रदर्शित प्रकरणों का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। इसके उपरांत औद्योगिक क्षेत्र अमौसी/नादरगंज में अवस्थापना सुविधाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। गत बैठक में दिए गए निर्देशों के क्रम में अधिशासी अभियंता यूपीसीडा द्वारा अवगत कराया गया कि क्षेत्र में नाला, कलवर्ट तथा मीडियन निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि 31 मार्च तक सभी निर्माण कार्य पूर्ण कर लिए जाएं, अन्यथा संबंधित अधिशासी अभियंता यूपीसीडा के विरुद्ध चार्जशीट जारी कर कार्यवाही प्रारंभ करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।बैठक में गोयला औद्योगिक क्षेत्र में एल0टी0 लाइन उपलब्ध कराने की प्रगति की भी समीक्षा की गई। विद्युत विभाग द्वारा स्वीकृत बजट के सापेक्ष व्यय एवं प्रगति संतोषजनक न पाए जाने एवं कार्य न होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिशासी अभियंता के विरुद्ध चार्जशीट जारी कर प्रबंध निदेशक, विद्युत विभाग को प्रेषित करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया गया कि विद्युत आपूर्ति से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र पूर्ण किया जाए।बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर पूर्वी, अपर नगर आयुक्त, उपायुक्त उद्योग, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीसीडा, लखनऊ विकास प्राधिकरण, नगर निगम सहित उद्योग से संबंधित विभिन्न विभागों के अधिकारी, औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारी एवं उद्यमीगण उपस्थित रहे।

# छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति योजना: संदेहास्पद डाटा निस्तारण के लिये अंतिम तिथि निर्धारित

❒ छात्र-छात्राओं एवं शिक्षण संस्थाओं के लॉगिन पर उपलब्ध करा दिया गया है

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



प्रयागराज। निदेशालय, समाज कल्याण, उप्र लखनऊ द्वारा शैक्षिक सत्र 2024-25 की अनुसूचित जाति- अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग दशमोत्तर छात्रवृत्ति-शुल्क प्रतिपूर्ति (कक्षा 11-12 के अतिरिक्त) योजनान्तर्गत तिथि विस्तार के उपरांत संदेहास्पद डाटा कारणों सहित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षण संस्थाओं के लॉगिन पर उपलब्ध करा दिया गया है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रयागराज ने जनपद के समस्त विश्वविद्यालयों / एफिलियेटिंग एजेंसियों को निर्देशित किया है कि वे अपने अधीनस्थ शिक्षण संस्थाओं को दिनांक 26.02.2026 तक अनिवार्य रूप से 100 के स्टाम्प पेपर पर प्रत्यावेदन (आवश्यक प्रपत्रों सहित) अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित करें। प्राप्त प्रत्यावेदन के आधार पर संदेहास्पद डाटा का शुद्धिकरण कर इसे निदेशालय, समाज कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ को निर्धारित तिथि 28.02.2026 तक ऑनलाइन अग्रसारित किया जाएगा।शिक्षण संस्थाएं अपने प्रत्यावेदन के साथ संस्था का आधिकारिक पत्र, अनुसूचित जाति/जनजाति एवं सामान्य वर्ग की पृथक-पृथक संदेहास्पद डाटा सूची (पात्र/अपात्र का स्पष्ट उल्लेख सहित), आवश्यक साक्ष्य एवं संबंधित छात्रों के आवेदन पत्र की प्रति अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा करेंगी। सभी अभिलेख सक्षम स्तर से प्रमाणित होना अनिवार्य है। प्रोफ़ेशनल पाठ्यक्रमों में काउन्सिलिंग के माध्यम से प्रवेशित छात्रों की प्रमाणित सूची भी काउन्सिलिंग प्रपत्रों सहित संलग्न करना सुनिश्चित करें। निर्धारित समयावधि दिनांक 27.02.2026 तक यदि शिक्षण संस्थाओं द्वारा त्रुटियों से संबंधित प्रत्यावेदन उपलब्ध नहीं कराया जाता है और इसके कारण कोई पात्र छात्र/छात्रा छात्रवृत्ति से वंचित होता है, तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित शिक्षण संस्था की होगी। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त डाटा अग्रसारित नहीं किया जाएगा।

## ग्राम न्यायालय के दंडाधिकारी ने खजुरी कला मोबाइल कोर्ट में 39 मामलों का किया निस्तारण



**कोरांव, प्रयागराज,कैनविज टइम्स संवाददाता।** प्रयागराज के कोरांव तहसील में ग्राम न्यायालय के दंडाधिकारी अभय दीप विश्वकर्मा ने मोबाइल कोर्ट चलाकर खजुरी कला में सुनवाई की। उन्होंने घरेलू हिंसा और धारा 323, 504 जैसे कुल 39 मामलों का निस्तारण किया।यह व्यवस्था पहली बार इस सरकार में शुरू की गई है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र की जनता को सरलता से सुलभ न्याय मिल रहा है। दंडाधिकारी के अलावा स्टेनो अवनीश त्रिपाठी और अन्य सहयोगी स्टाफ भी मौजूद थे।इससे पहले लोगों को सैकड़ों किलोमीटर चलकर जनपद न्यायालय जाना पड़ता था, लेकिन अब गांव में ही मामलों का निस्तारण हो रहा है।

## स्मार्ट सिटी योजना पर उठे सवाल, नगर निगम की कार्यशैली से जनता नाराज़

**प्रयागराज,कैनविज टइम्स संवाददाता।** प्रयागराज नगर निगम में स्मार्ट सिटी योजना के तहत हो रहे विकास कार्यों को लेकर आम जनता में असंतोष बढ़ता जा रहा है। शहरवासियों का आरोप है कि स्मार्ट सिटी के नाम पर बड़े दावे तो किए गए, लेकिन जमीनी स्तर पर अपेक्षित विकास कार्य दिखाई नहीं दे रहे हैं।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़कों की बदहाल स्थिति, जलभराव, सफाई व्यवस्था और ट्रैफिक प्रबंधन जैसी मूलभूत समस्याएं अभी भी जस की तस बनी हुई हैं। लोगों का आरोप है कि करोड़ों रुपये की योजनाओं के बावजूद पारदर्शिता और प्रगति की स्पष्ट जानकारी सार्वजनिक नहीं की जा रही है।जनता ने नगर निगम प्रशासन से स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट सार्वजनिक करने तथा कार्यों में पारदर्शिता लाने की मांग की है। वहीं, विपक्षी दलों ने भी इस मुद्दे को लेकर नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं।अब देखना होगा कि नगर निगम प्रशासन इन आरोपों पर क्या स्पष्टीकरण देता है और स्मार्ट सिटी योजना को लेकर जनता के भरोसे को कैसे बहाल करता है।

## दिव्यांग छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण, 79 विद्यार्थियों की हुई जांच

**प्रयागराज,कैनविज टइम्स संवाददाता ।** जनपद के मेजा स्थित राजकीय समेकित विशेष (दिव्यांग) माध्यमिक विद्यालय गेदुराही मेजा में बुधवार, 26 फरवरी 2026 को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेजा के चिकित्सकों द्वारा विद्यालय के समस्त 79 दिव्यांग छात्रों का राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (टउट्टख) के तहत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मूक-बधिर दिव्यांग छात्र शनि कुमार, रेशमा बानो, सुमित, रितेश सहित अन्य विद्यार्थियों की गहन जांच की गई।जांच के दौरान कुछ छात्रों को वायरल बुखार, सर्दी-खांसी आदि के लिए निशुल्क दवाएं, मलहम एवं आयरन की गोलियां वितरित की गईं, जबकि गंभीर समस्या वाले कुछ विद्यार्थियों को आगे उपचार हेतु सीएचसी मेजा रेफर किया गया।इस अवसर पर सीएचसी मेजा के चिकित्सक डॉ. आर.एच. सिद्दीकी, डॉ. आयशा फातिमा तथा एएनएम कविता प्रजापति सहित स्वास्थ्य टीम मौजूद रही। विद्यालय प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त किया।

## होली पर शराब की दुकानें निर्धारित समय तक रहेंगी बंद

**प्रयागराज,कैनविज टइम्स संवाददाता।** जनपद में होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए विशेष आदेश जारी किया है।आदेशानुसार 4 मार्च 2026 को जनपद के समस्त आबकारी अनुज्ञापन – देशी शराब, कम्पोजिट शॉप, भांग, थोक, मॉडल शॉप (एफएल-9/9ए), एफएल-16/17, होटल बार/रेस्तरां बार/माइक्रो ब्रिवरी, मिथाइल अल्कोहल संबंधित अनुज्ञापन (एफएल-39, 40, 41 एवं 49) – सायं 5:00 बजे तक बंद रहेंगे।इसके अतिरिक्त, नगर क्षेत्र में 5 मार्च 2026 को भी होली का पर्व मनाया जाएगा, जिसके दृष्टिगत ग्रामीण क्षेत्रों को छोड़कर नगर क्षेत्र में स्थित सभी आबकारी अनुज्ञापन 5 मार्च को अपराह्न 2:00 बजे तक बंद रखे जाएंगे।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि उक्त बंदी अवधि के लिए अनुज्ञापियों को किसी भी प्रकार का प्रतिफल या छूट देय नहीं होगी तथा आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया।

## उत्तर मध्य रेलवे का बड़ा फैसला: यात्रियों के लिए चलेंगी अतिरिक्त स्पेशल ट्रेने

**प्रयागराज,कैनविज टइम्स संवाददाता।** यात्रियों की बढ़ती भीड़ और सुविधा को ध्यान में रखते हुए उत्तर मध्य रेलवे ने आनंद विहार टर्मिनलऽबलिया और नई दिल्लीऽपटना रूट पर विशेष ट्रेनों के अतिरिक्त फ़ेरों के संचालन का निर्णय लिया है।रेल प्रशासन के अनुसार, गाड़ी संख्या 04056 आनंद विहार टर्मिनलऽबलिया का संचालन 4 मार्च से 25 मार्च 2026 के बीच चार अतिरिक्त फ़ेरों में किया जाएगा, जबकि 04055 बलियाऽआनंद विहार टर्मिनल 5 मार्च से 26 मार्च 2026 तक चार अतिरिक्त फ़ेरों में चलाई जाएगी। इससे पूर्व निर्धारित तिथियों के बाद भी यात्रियों को सीधी सुविधा मिलती रहेगी।इसके अलावा, यात्रियों की मांग को देखते हुए 04088/04087 नई दिल्लीऽपटना आरक्षित विशेष एक्सप्रेस भी चलाई जाएगी। यह ट्रेन नई दिल्ली से 27 फरवरी से 3 मार्च तथा पटना से 28 फरवरी से 4 मार्च 2026 तक प्रतिदिन संचालित होगी।यह विशेष ट्रेन नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से चलकर टुंडला, गोविंदपुरी, सूबेदारगंज, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, दिलदारनगर, बक्सर, आरा और दानापुर होते हुए पटना जंक्शन पहुंचेगी।रेल प्रशासन का मानना है कि इन अतिरिक्त फ़ेरों से यात्रियों को यात्रा में राहत मिलेगी और भीड़भाड़ के दौरान सीट उपलब्धता में सुधार होगा।

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद मामले में अग्रिम जमानत पर सुनवाई

**प्रयागराज,कैनविज टइम्स संवाददाता ।** जिले में चर्चित संत स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से जुड़े यौन शोषण प्रकरण में कानूनी हलचल तेज हो गई है। मामले में दर्ज एफआईआर के बाद उन्होंने अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की है, जिस पर अब सुनवाई का रास्ता साफ हो गया है। जानकारी के अनुसार, इस याचिका पर कल इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की ओर से विवेचना के दौरान गिरफ्तारी से राहत की मांग की गई है। अदालत में दायर प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि जांच पूरी होने तक उन्हें संरक्षण दिया जाए। यह मामला धार्मिक और सामाजिक हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है। अब सभी की निगाहें हाईकोर्ट की सुनवाई पर टिकी हैं, जहां से आगे की कानूनी दिशा तय होगी।

## एसआरएन अस्पताल में वेतन को लेकर आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की हड़ताल

**प्रयागराज,कैनविज टइम्स संवाददाता ।** प्रयागराज स्थित स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय (ट्टटग) में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने वेतन न मिलने के विरोध में हड़ताल शुरू कर दी है। कर्मचारियों का आरोप है कि पिछले दो महीनों से उनका भुगतान लंबित है, जिससे आर्थिक संकट गहरा गया है। दिसंबर में नई आउटसोर्सिंग कंपनी ऌराजधानीङ्क को टेंडर मिलने के बावजूद कर्मचारियों को अब तक वेतन नहीं मिला। हड़ताल के चलते अस्पताल की दैनिक सेवाएं प्रभावित होने लगी हैं, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को परेशानी उठानी पड़ रही है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। अस्पताल प्रशासन और संबंधित कंपनी के बीच समन्वय की कमी का खामियाजा अब मरीजों को भुगतना पड़ रहा है।

## लोक जनशक्ति पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने अशोक वर्मा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आदर्श व्यापारी एसोसिएशन एवं आल इंडिया ज्वेलर्स एंड जेम्स फ़ेडरेशन की एक बैठक आशियाना में सम्पन्न हुई। बैठक में व्यापारी समाज के अशोक वर्मा का लोक जनशक्ति पार्टी(व्यापार प्रकोष्ठ) का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर स्वागत किया गया।

## प्रत्येक पात्र मतदाताओं के नाम सूची मे सुनिश्चित करना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है: डॉ नीरज सिंह



लखनऊ । भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. नीरज सिंह ने एस आई आर अभियान के अंतर्गत लखनऊ पूर्वी विधानसभा के शंकर पुरवा वार्ड तृतीय स्थित बूथ संख्या 236 पर बूथ प्रवास किया ।पंतनगर सांस्कृतिक समिति, रामलीला मैदान, पंतनगर खुर्रम नगर में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए बूथ स्तर पर चल रहे मतदाता पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा की तथा नए मतदाताओं के पंजीकरण कार्य को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। इस अवसर पर डॉ. नीरज सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए बूथ को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के तहत प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए घर-घर संपर्क, नए मतदाताओं का पंजीकरण तथा त्रुटियों के संशोधन का प्रयास जारी रखें।

# माघ मेला 2026 में पहली बार शामिल किए गए नवाचारों ने लिखी कामयाबी की इबारत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ बड़े धार्मिक आयोजनों में होंगे उपयोगी

प्रयागराज। प्रयागराज में संगम के तट पर इस साल आयोजित माघ मेले में शुरू किए गए नवाचार आगामी धार्मिक आयोजनों में प्रबंधन के लिए एक नजीर पेश कर सकते हैं। इन नवाचारों के उपयोग की सामने आई रिपोर्ट इसकी उपयोगिता पर मुहर लगा रही है। उत्तर प्रदेश और उसके बाहर के राज्यों भी भविष्य में इनका उपयोग कर सकते हैं।

### माघ मेले में परिवहन नवाचार सेवा से बने कीर्तिमान, दस लाख श्रद्धालुओं को मिली मदद

प्रयागराज महाकुंभ के दिव्य और भव्य आयोजन के बाद आयोजित हुए पहले माघ मेले में पहुंची श्रद्धालुओं की भीड़ की भीड़ ने कीर्तिमान दर्ज कर दिया। माघ मेला 2026 के आयोजन में 45 दिनों के इस माघ मेला में 21.10 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में पुण्य की डुबकी लगाई। कमिश्नर प्रयागराज सौम्या अग्रवाल बताती हैं कि मेला क्षेत्र पहुंचे आगंतुकों को सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता थी और इसके लिए परिवहन को लेकर नवाचार भी शुरू हुए हैं जो उपयोगी साबित हुए हैं। माघ मेला पहुंचने के लिए देश के विभिन्न शहरों और ग्रामीण इलाकों से आए श्रद्धालुओं को मेला क्षेत्र तक सुगम आवागमन सुनिश्चित कराने के लिए माघ मेला प्रशासन ने पहली बार बाइक टैक्सी की शुरुआत की । कमिश्नर प्रयागराज सौम्या अग्रवाल का कहना है कि मेला क्षेत्र में पहुंचने के लिए दोपहिया वाहन अधिक सुविधाजनक होते हैं। इसे देखते हुए मेला प्रशासन और रैपिडो के साथ एक एमओयू किया गया। पहली बार माघ मेले के लिए बाइक टैक्सी की सेवा शुरू की गई। बाइक टैक्सी सेवा ने पूरे माघ मेला में 06 लाख श्रद्धालुओं को अपनी सेवा प्रदान की। मेला क्षेत्र के अंदर श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए प्रदूषण रहित गोल्फ कार्ट सेवा की शुरुआत भी पहली बार माघ मेले में की गई । इलेक्ट्रिक से चलने वाली 20 गोल्फ कार्ट ने मेला क्षेत्र में सेवा प्रदान की । कमिश्नर प्रयागराज सौम्या अग्रवाल का कहना है कि इस नई पहल से विशेष रूप से वृद्ध श्रद्धालुओं, बच्चों और दिव्यांग यात्रियों को सुगम, सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल यातायात सुविधा प्राप्त हुई । सेवा को मेला अवधि के दौरान 04 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने उपयोग किया। इस तरह परिवहन के इस नवाचार से 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं को लाभ हुआ।

### मेला सेवा ऐप के नवाचार ने दर्ज की सेवा की नई इबारत

माघ मेला 2026 में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं, सुरक्षा और त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से माघ मेला प्रशासन द्वारा पहली बार की गई डिजिटल पहल ने भी कीर्तिमान बनाया है। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर माघ मेला में कई नवाचार शुरू किए गए जिसमें मेला सेवा ऐप भी शामिल है । इस डिजिटल ऐप के माध्यम से श्रद्धालुओं की गई मदद ने अपनी उपयोगिता को साबित किया है। मेला अधिकारी ऋषिराज का कहना है कि 800 हैक्टेयर में फैले माघ मेला क्षेत्र के कोने कोने में मौजूद श्रद्धालुओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए शुरू किए मेला सेवा ऐप में 1 दिसंबर 2025 से माघ मेला के समापन तक कुल 2279 शिकायतें दर्ज की गई जिसमें 2277 शिकायतों का त्वरित निस्तारण दो घंटे के अंदर किया गया। इस तरह समस्याओं के निस्तारण की दर इस ऐप के माध्यम से 99.99 फीसदी दर्ज की गई । यह तकनीकी के इस्तेमाल का ही नतीजा था कि शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतों की लंबित दर 0.01 फीसदी ही रही। कमिश्नर प्रयागराज सौम्या अग्रवाल का कहना है कि प्रशासन ने माघ मेला 2026 में कई नवाचार इस बार किए थे जिसमें गोल्फ कार्ट, बाइक टैक्सी और मेला सेवा ऐप उपयोगी साबित हुए हैं। आगामी धार्मिक आयोजनों में यह उपयोगी साबित हो सकते हैं।

# मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों का किया निरीक्षण

❒ पत्रावलियों के डिजिटलीकरण से प्रशासनिक कार्यों में गति आएगी व पारदर्शिता बढ़ेगी:मंडलायुक्त

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



रायबरेली। मंडलायुक्त, लखनऊ मण्डल, लखनऊ विजय विश्वास पंत ने आज कलेक्ट्रेट में संयुक्त कार्यालय के विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेख संरक्षण, जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति एवं शिकायत निस्तारण की समीक्षा की। मंडलायुक्त ने सर्वप्रथम संयुक्त कार्यालय में राजस्व सहायक (प्रथम), न्याय सहायक (द्वितीय), शिकायत प्रकोष्ठ, न्याय सहायक (द्वितीय), लेखाकार, डीएलआरसी, स्थापना, आंग्ल अभिलेखागार, डिस्पैच पटल का निरीक्षण कर पटल से सम्बन्धित कार्यो की गहन समीक्षा की गई व अभिलेखों के रख-रखाव को देखा गया। इसके पश्चात अभिलेखागार का निरीक्षण किया गया। मंडलायुक्त ने कार्यरत कार्मिकों की सेवा पुस्तिका का अवलोकन किया, जिसमें सभी कार्मिकों की सर्विस बुक अपडेट पायी गई। इसके पश्चात मंडलायुक्त ने सेवानिवृत्त व स्थानान्तरित कार्मिकों की पत्रावलियों का भी अवलोकन किया। मंडलायुक्त ने पटलों के निरीक्षण में संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिये कि अभिलेखों एवं पत्रावलियों का रख-रखाव ठीक प्रकार करें और आवश्यक शासनादेशों को गाइट फाइल में रखें। शस्त्र अनुभाग के निरीक्षण में मंडलायुक्त ने कहा कि शस्त्र वरासत संबंधी सभी पत्रावलियों की जांच करायें और शस्त्र नवीनीकरण की प्रक्रिया समय पर निर्धारित करायें। उन्होंने कहा कि सभी पत्रावलियों का डिजिटलीकरण कराये और डिजिटलीकरण से न केवल प्रशासनिक कार्यो में गति आएगी, बल्कि पारदर्शिता भी बढ़ेगी। उन्होने सेवानिवृत्त कार्मिकों के देयों के भुगतान की स्थिति की जानकारी ली तथा निर्देश दिये कि सेवानिवृत्ति देयों अथवा एसीपी से संबंधित कोई भी प्रकरण लंबित न रखें। लंबित प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने व पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दि। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी हर्षिता माथुर,अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल यादव, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल कुमार शर्मा सहित सम्बन्धित अधिकारी व कलेक्ट्रेट कार्मिक उपस्थित रहें।

# प्रयागराज में होलिका दहन को लेकर सख्त दिशा-निर्देश जारी, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज । होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कार्यालय मुख्य अग्निशमन अधिकारी, कमिश्नरेट प्रयागराज ने वर्ष 2026 के लिए होलिका दहन एवं होली मिलन कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस वर्ष 2 मार्च को होलिका दहन तथा 3 मार्च को रंगोत्सव मनाया जाएगा। शहर में 4 हजार से अधिक स्थानों पर होलिका दहन प्रस्तावित है।जारी आदेश में कहा गया है कि होलिका दहन स्थल विद्युत तारों, ट्रांसफार्मर, डीजल-पेट्रोल टैंक, अस्पताल, बाजार और आवासीय क्षेत्रों से सुरक्षित दूरी पर ही स्थापित किए जाएं। किसी भी दशा में होलिका दहन स्थल विद्युत लाइनों से न्यूनतम 15 मीटर तथा प्रमुख सड़कों से कम से कम 50 मीटर की दूरी पर होना चाहिए। साथ ही स्थल के आसपास ज्वलनशील पदार्थ न रखे जाएं।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि होलिका दहन के दौरान अग्निशमन की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। आयोजकों को कार्यक्रम समाप्ति तक मौके पर मौजूद रहकर शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जलते हुए अलाव को बिना बुझाए स्थल न छोड़ने के निर्देश दिए गए हैं।इसके अतिरिक्त होली मिलन समारोहों में ध्वनि प्रदूषण एवं कानून-व्यवस्था का विशेष ध्यान रखने को कहा गया है। किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक आचरण, जबरन रंग लगाने या हुड़दंग पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि पर्व को पारंपरिक उल्लास और सौहार्द के साथ मनाएं तथा जारी दिशा-निर्देशों का पालन कर सुरक्षित होली सुनिश्चित करें।

# टेट अनिवार्यता के विरोध में बीएसए कार्यालय पर धरना

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखनऊ । टीचर्स फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडिया के बैनर तले जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आज टेट अनिवार्यता के विरोध में धरना दिया गया। उत्तर प्रदेश राज्य में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 दिनांक 27 जुलाई 2011 से लागू हुआ है जिसके लिए टेट की अनिवार्यता के विरोध में विशाल धरना दिया गया अधिनियम के अनुसार अधिनियम के प्रभावी होने की तिथि से अथवा उसके उपरांत नियुक्त होने वाले शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा टेट होना अनिवार्य किया गया है जबकि उसकी पूर्व में नियुक्त सभी शिक्षकों को टेट की अनिवार्यता से मुक्त रखा गया परंतु माननीय सुप्रीम कोर्ट के दिनांक 1 सितंबर 2025 के निर्णय के द्वारा देश के सभी राज्यों में अधिनियम लागू होने की तिथि से पूर्व में नियुक्त शिक्षकों को भी सेवा में बने रहने अथवा पदोन्नति हेतु टेट परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया है जो की पूर्व में नियुक्त शिक्षकों के साथ सरासर अन्याय है फल स्वरुप देश भर के शिक्षक टीचर्स फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले आंदोलनरत है भारत सरकार से उपरोक्त के संबंध में अध्यादेश लाकर पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट देने की अपील कर रहे हैं टेट अनिवार्यता के विरोध में जनपद लखनऊ के सभी शिक्षकों ने आज जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना दिया एवं मार्च पास्ट कर ज्ञापन सहायक पुलिस आयुक्त चौक राज कुमार सिंह के माध्यम से प्रधानमंत्री जी को प्रेषित किया गया सुधांशु मोहन डॉ प्रभा कांत मिश्रा की वीरेन्द्र सिंह सुधीर सहगल मनोज मौर्य मंजू चौधरी रेखा शुक्ला विमला चंद्र राखी वर्मा अंजय दास संजीव श्रीवास्तव सहित पदाधिकारी हजारों शिक्षक उपस्थित रहे।

## भारतीय जन उद्योग व्यापार मंडल की नई प्रदेश कार्यकारिणी का हुआ गठन

लखनऊ,कैनविज टइम्स संवाददाता। भारतीय जन उद्योग व्यापार मंडल की आम सभा प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में भारतीय जन उद्योग व्यापार मंडल का संगठनात्मक विस्तार करते हुए इसे प्रदेश स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक विस्तारित किया गया है। संगठन को और अधिक सशक्त, प्रभावी एवं व्यापक बनाने के उद्देश्य से नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा की गई है।संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में एस. डी. सिंह बैसवारा को नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय संरक्षक के पद पर सौरभ तिवारी को दायित्व सौंपा गया है। राष्ट्रीय प्रभारी के रूप में हनुमंत सिंह को नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष के पद पर विवेक शुक्ला को मनोनीत किया गया है।संगठनात्मक पुनर्गठन के तहत वर्तमान प्रदेश कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग करके नई प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह को पुनः नियुक्त किया गया। प्रदेश संरक्षक सुशील कुमार निगम, वरिष्ठ महामंत्री अधिवक्ता विमल चौबे , वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज दीक्षित , उपाध्यक्ष प्रवीण मिश्रा, विशाल रावत समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## इच्छापूर्ति श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर की मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन

लखनऊ,कैनविज टइम्स संवाददाता । चौपटिया क्षेत्र स्थित फाटक जियालाल में नवनिर्मित इच्छापूर्ति श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में गुरुवार को इच्छापूर्ति श्री पंचमुखी हनुमान जी की मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा का भव्य एवं दिव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर आसपास के क्षेत्रों का भ्रमण करती हुई पुनः मंदिर पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों और जयकारों के साथ वातावरण को भक्तिमय बनाते रहे। वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधि-विधान के साथ इच्छापूर्ति श्री पंचमुखी हनुमान जी की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। साथ ही इच्छापूर्ति श्री पंचमुखी हनुमान जी के साथ मां भगवती दुर्गा तथा भव्य शिवलिंग के साथ शिव परिवार की स्थापना भी विधि-विधानपूर्वक की गई। वहीं इस मौके पर भव्य भंडारा एवं सायं 7 बजे से भजन संध्या का भी आयोजन हुआ।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106-टेली/टेंडर/27/2025-26 |
| कार्य का नाम | लखनऊ मंडल के उत्तर रेलवे के मार्गस्थ (वे–साइड) स्टेशनों पर अनुरक्षण–मुक्त अर्थिंग तथा सर्ज सुरक्षा उपकरण (एसपीडी) की व्यवस्था का कार्य। |
| अनुमानित लागत | रु. 2,51,64,561.17/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 2,75,800.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 270 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 18.03.2026 15:30 Hrs |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/ उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है • समस्त नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.– 106–टेली / टेंडर / 27 / 2025–26 दिनांक 25.02.2026 641/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जनता की समस्याओं का अधिकारी त्वरित पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें: एके शर्मा

❒ नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री गुरूवार को अपने निवास पर आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने आज अपने आवास पर आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान विद्युत कनेक्शन से संबंधित प्रकरण, विद्युत बिल में त्रुटि सुधार, सीवर लाइन की समस्याएं, नवीन निर्माण कार्यों की स्वीकृति, क्षतिपूर्ति भुगतान तथा अन्य स्थानीय जनसमस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण निर्धारित समयसीमा के भीतर किया जाए तथा निस्तारण की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जनसुनवाई केवल औपचारिकता न होकर परिणामोन्मुखी होनी चाहिए, जिससे लोगों को वास्तविक राहत मिल सके।मंत्री श्री शर्मा ने स्पष्ट किया कि विद्युत एवं नगर विकास से जुड़े मामलों में तकनीकी कारणों का हवाला देकर अनावश्यक विलंब न किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे संवेदनशीलता के साथ नागरिकों की समस्याओं का समाधान करें और आवश्यकतानुसार स्थलीय निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति का आकलन करें।उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक नागरिक को मूलभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध हों और शिकायतों के समाधान में पारदर्शिता बनी रहे। जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त प्रकरणों की नियमित समीक्षा भी की जाएगी, ताकि लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित हो सके।कार्यक्रम में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# सदरापुर गांव में सूखा पड़ा अमृत सरोवर

❒ खंड विकास अधिकारी ने पूरी जानकारी न होने की बात कही तो प्रधान काम को अधूरा बताया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । विकास खंड गोसाईगंज के गांव सदरापुर मजरा रायपुर में बना हुआ अमृत सरोवर सुखा पड़ा हुआ है। उसका बोर्ड वहीं पर टूटा हुआ पड़ा है।बोर्ड में उस तालाब का निर्माण वर्ष 2024- 25 लिखा हुआ है। गांव के लोगो के अनुसार इस मानसरोवर के खुदवाने जेसीवी का प्रयोग किया गया है।

इसके निर्माण कार्य में मजदूरों को नजदीक नहीं जाने दिया गया।गांव वालों के लोग इसे बंजारा तालाब के नाम से जानते है। गांव वालों के अनुसार इस तालाब का निर्माण गांव के पूर्व प्रधान राम सिंह ने करवाया था। उसकी गाटा संख्य 96 दर्ज है।सदरापुर के मान सरोवर किसी भी किनारे पर एक भी पेड़ नहीं है और न ही वहां कोई गिट्टी - मौरंग की कोई बेंच ही बनाई गई।गोसाईगंज के खंड विकास अधिकारी राजेश बहादुर सिंह से मिली जानकारी के अनुसार धरती के नीचे जल स्तर बनाए रखने के उद्देश्य से गांवों में मानसरोवरों का निर्माण करवाया गया है। इनका निर्माण मनरेगा योजना के तहत हुआ। खंड विकास अधिकारी के अनुसार को सुरक्षा के दृष्टिकोण से मानसरोवर को चारों ओर से तार घिरा होना चाहिए। वहां वृक्ष लगे हों और चारों ओर बेंच होना चाहिए। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि जहां पर नहर है वहां उसी से सरोवर में पानी भरा जाना चाहिए। अन्य स्थानों पर सरोवर में पानी का होना या न होना वर्षा पर निर्भर रहता है। खंड विकास अधिकारी ने सदरापुर के मान सरोवर के संबंध में कोई विशेष जानकारी नहीं होने की बात कही। उनके अनुसार इस ब्लॉक में उनकी पोस्टिंग का एक वर्ष भी नहीं पूरा हुआ इस लिए इस तालाब के संबंध में पूरी जानकारी नहीं है। उधर इस मामले में जब ग्राम प्रधान राय सिंह से बात हुई तो उनकी ओर से सरदारपुर के मानसरोवर का काम पूरा न होने की बात कही गई।

# श्री श्याम मंदिर परिवार के सदस्यों ने निकाली निशान यात्रा, खाटू श्याम जयकारों से गूंज उठा शहर




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । श्री श्याम मंदिर परिवार के सदस्यों की तरफ से फाल्गुन द्वादशी से पूर्व निशान यात्रा निकाली गई है। भक्तों ने निशान यात्रा निकालते हुए हुए बाबा श्याम का गुणगान किया।

निशान यात्रा के दौरान 2100 से अधिक भक्तों ने ध्वजा उठाते हुए खाटू श्याम का जयकारा लगाया। इस मौके पर पूरा शहर खाटू श्याम जयकारों से गूंज उठा। महामंत्री रुपेश अग्रवाल ने बताया कि निशान यात्रा के वक्त श्याम बाबा की झांकी श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रही है। बाबा श्याम की भव्य प्रतिमा को फूलों से सजाया गया। रंग बिरंगे फूलों से बाबा का श्रृंगार भक्तों को काफी लुभा रहा था। निशान यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह भंडारे की भी व्यवस्था की गई। श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप, डीजे संगीत, सजीव झांकियों और भजन-कीर्तन के बीच बाबा श्याम के जयकारे लगाते हुए लखनऊ का भ्रमण किया। अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने बताया कि यात्रा में सम्मिलित होने वाले भक्तों में से किसी एक को लकी ड्रा के माध्यम से चांदी की बांसुरी दिया जाता है जिसमें इस बार वृंदावन निवासी प्रमोद कुमार अग्रवाल की लकी ड्रा में चांदी की बांसुरी निकली। प्रवक्ता अनुराग साहू ने बताया कि कलकत्ता से आए कलाकारों ने पिछले एक महीने से अधिक समय लगाकर भव्य दिव्य अलौकिक दरबार से सजाया है।

# महर्षि यूनिवर्सिटी में चल रहा चार दिवसीय वार्षिक खेल



❒ सांस्कृतिक और साहित्यिक महोत्सव, कल होगा समापन

कैनविज टाइम्स संवाददात

लखनऊ । महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी का कैंपस इन दिनों स्टूडेंट्स के जोश और उत्साह से सराबोर है। कैंपस में विश्वविद्यालय के चार दिवसीय वार्षिक खेल, सांस्कृतिक और साहित्यिक महोत्सव 'अरिहंतऽ2026' चल रहा है। इसमें खेल मुकाबले, रंगारंग प्रस्तुतियां और साहित्यिक प्रतियोगिताओं की धूम देखने को मिल रही है। कुलपति प्रो. बी. पी. सिंह ने छात्रों को खेल भावना और एकता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कुलसचिव गिरीश छिमवाल ने बताया कि इस बार प्रतियोगिताओं में जबरदस्त भागीदारी देखने को मिली है, इस तरह के कार्यक्रम स्टूडेंट्स को खुद को पहचानने का मौका देते हैं। तो वहीं नीरज जैन ने इसे प्रतिभाओं का महाकुंभ बताया।

## बोरा फाउंडेशन एवं सेवा अस्पताल ने संयुक्त रूप से लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बोरा फाउंडेशन एवं सेवा अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में फैजुल्लागंज प्रथम वार्ड में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। गायत्री स्वयं सहायता समूह की सीआरपी गायत्री गोस्वामी कैंप संयोजक की भूमिका में उपस्थित रहीं। शिविर में लखनऊ के प्रसिद्ध विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा ब्लड प्रेशर, शुगर, वजन और शारीरिक जांच की गयी। साथ ही नि:शुल्क आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। इस कैंप के माध्यम से 80 लोगों को योजना का लाभ मिला। शिविर में 163 लोगों ने अपनी जांच कराई और विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त किया।

## उदित चुने गए जिला प्रतिनिधि, दलबहादुर बने मंडल अध्यक्ष



**सरोजनी नगर, लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उतर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी की संस्तुति पर मंगलवार देर शाम लखनऊ जिले के विभिन्न जिलाप्रतिनिधियों एवं मंडल अध्यक्षों का ऐलान किया गया। इसी क्रम में जिले के खुशहालगंज मंडल के निवासी मंडल महामंत्री उदित नारायण द्विवेदी को जिलाप्रतिनिधि एवं मण्डल के उपाध्यक्ष दलबहादुर सिंह को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया। अवध क्षेत्र के अध्यक्ष कमलेश मिश्रा द्वारा जारी सूची के बाद देर रात ही दोनों कार्यकर्ताओं की नियुक्ति पर उन्हें फोन एवं सोशल मीडिया पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। बताते चलें कि शीर्ष नेतृत्व द्वारा दोनों कार्यकर्ताओं की नियुक्ति पूर्व में उनके द्वारा कार्यक्षेत्र में की गई मेहनत एवं लगन के चलते हुई है। उदित द्विवेदी के साथ दलबहादुर सिंह ने अपनी नियुक्ति पर सभी शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

## चिनहट थाने पर हुई पीस कमेटी बैठक

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आगामी त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए गुरुवार को थाना चिनहट पर पीस कमेटी की बैठक थाना प्रभारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आगामी होली का त्यौहार व रमजान माह को लेकर चर्चा हुई। बैठक में आए क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों ने आगामी त्यौहार में आने वाली समस्याओं के बारे में बताया। तो वहीं पुलिस द्वारा भी उन्हें शासन के दिशा निर्देश से अवगत कराया गया एवं सकुशल त्यौहार संपन्न कराने की अपील भी की गई।

## नवनिर्वाचित गोसाईगंज मंडल अध्यक्ष का ब्लॉक प्रमुख कार्यालय में हुआ स्वागत



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज के नवनिर्वाचित भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव कुमार रावत का ब्लॉक प्रमुख कार्यालय में स्वागत किया गया। हाल ही में जारी हुई सूची में शिवकुमार रावत को गोसाईगंज मंडल का अध्यक्ष घोषित किया गया था। अध्यक्ष घोषित होने के बाद अब उन्हें बधाइयां मिलने का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में आज गोसाईगंज ब्लॉक प्रमुख कार्यालय में मिठाई माला पहनाकर के साथ ही मिठाइयां बांट कर अध्यक्ष का स्वागत किया गया। इस मौके पर विधानसभा संयोजक शंभू नाथ पांडे के साथ पूर्व दुग्ध संघ अध्यक्ष गणेश शंकर वर्मा, ज्ञानू सिंह, प्रदीप वर्मा, राजेश पांडेय व डी डी त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## इलेक्ट्रिक बस में मिला अकेला बच्चा, परिचालक को 500 पुरस्कार



**दुबग्गा, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के दुबग्गा डिपो की इलेक्ट्रिक बस (यूपी 32 एफएमएन 0075) में विजयखंडऽदुबग्गा मार्ग पर एक छोटा बच्चा अकेला पाया गया। टिकट बनाते समय परिचालक चंद्र प्रकाश यादव ने बच्चे को चालक सीट के पास अकेला खड़ा देखा और पूछताछ की, लेकिन उसके साथ कोई अभिभावक नहीं मिला।सूचना पर वरिष्ठ केंद्रीय प्रभारी अनिल तिवारी के निर्देश में बच्चे को सुरक्षित डिपो लाया गया तथा परिजनों से संपर्क किया गया। बाद में पुलिस की मौजूदगी में बच्चे को उसके माता–पिता के सुपुर्द कर दिया गया।सतर्कता और जिम्मेदारी दिखाने पर वरिष्ठ केंद्रीय प्रभारी ने परिचालक को ?500 नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# स्वास्थ्य शिविर में जांची गई, अधिकारियों कर्मचारियों की सेहत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी, लखनऊ। अति हिमीकृत वीर्य उत्पादन केंद्र रहमान खेड़ा काकोरी के संयुक्त निदेशक डॉ. नीरज कुमार वर्मा के अनुरोध पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एन बी सिंह एवं जिला क्षय रोग अधिकारी लखनऊ डॉ ए के सिंघल के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काकोरी के अधीक्षक डॉ के डी मिश्रा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलिहाबाद के अधीक्षक डॉ अशोक कुमार द्वार संयुक्त रूप से दोनों टीबी यूनिटों के माध्यम से संस्थान में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें काकोरी टीबी यूनिट के एस टी एल एस श्री विजय कुमार मौर्य एवं मलिहाबाद टीबी यूनिट के एस टी एस श्री मनीष कुमार सिंह द्वारा मेदांता फाउंडेशन के सहयोग से प्राप्त मेडिकल मोबाइल वैन के माध्यम से लगभग तीस लोगों का एक्सरे किया तथा लगभग 100 व्यक्तियों के बलगम जांच के नमूने एकत्र किए जिनका परीक्षण काकोरी टीबी यूनिट की प्रयोगशाला में वरिष्ठ टीबी प्रयोगशाला पर्यवेक्षक श्री विजय कुमार मौर्य की निगरानी में केंद्र के लैब तकनीशियन श्री विजय प्रकाश द्वारा किया जाएगा,जांच रिपोर्ट धनात्मक पाए जाने पर उनका उपचार प्रारम्भ किया जाएगा। उक्त के अतिरिक्त केंद्र के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों के रक्तचाप एवं मधुमेह की भी जांच की गई।इस अवसर पर संस्थान की ओर से संयुक्त निदेशक सहित डॉ सर्वेंद्र गुप्ता, डॉ सी पी सिंह, डॉ दीपिका एवं सृष्टि गुप्ता सहित संस्थान के सभी श्रमिक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शहजादेपुर बना शिवमय: काशी विश्वनाथ मंदिर की प्राण–प्रतिष्ठा से पहले निकली विराट शिव बारात

❒ आयोजन में उमड़ा आस्था का सैलाब



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । शहजादेपुर गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन आस्था, उत्साह और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। काशी विश्वनाथ मंदिर की प्रस्तावित प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व यहां भव्य और ऐतिहासिक शिव बारात निकाली गई, जिसमें क्षेत्रभर से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

पीएस एंड एमएस ग्रुप के तत्वाधान में आयोजित इस शोभायात्रा ने पूरे क्षेत्र को शिवमय कर दिया। गुरुवार को शिव बारात का शुभारंभ काशी विश्वनाथ मंदिर से हुआ। सजे-धजे रथ, आकर्षक झांकियां और भक्ति संगीत ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। बारात गंगागंज होते हुए सैनिक ढाबा के समीप स्थित देवाधिदेव महादेव मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात शोभायात्रा गरीब नाथन मंदिर पहुंची और वहां से आगे बढ़ते हुए बाराबंकी के शिवनाम क्षेत्र स्थित योगिनी माता मंदिर पहुंची। यहां भक्तों ने पुष्प वर्षा कर बारात का भव्य स्वागत किया।इसके बाद शहजादेपुर गांव के समीप स्थित अन्य दो शिव मंदिरों में दर्शन-पूजन कर बारात पुनः काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में डीजे और ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच ‌हर-हर महादेव‌ के जयघोष लगातार गूंजते रहे। श्रद्धालु रंग-गुलाल उड़ाते हुए नृत्य करते नजर आए, जिससे वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो उठा।कार्यक्रम के मुख्य आयोजक पीएस एंड एमएस ग्रुप के डायरेक्टर मोहित शर्मा रहे। उनके नेतृत्व में यह आयोजन अत्यंत सुव्यवस्थित, भव्य और आकर्षक ढंग से संपन्न हुआ।

# जब फागुन में घुलता था अपनापन और संस्कारों का रंग- टेसू के फूलों से बनते थे रंग

❒ चौपालों पर गूंजती थी फाग, बुजुर्गों ने साझा की पुरानी होली की यादेंराज प्रताप सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब, लखनऊ । फागुन का महीना लगते ही कभी गांवों और कस्बों की तस्वीर बदल जाती थी। खेतों में सरसों की पीली चादर, आम की बौर और गलियों में बच्चों की किलकारियां–सब मिलकर होली के आगमन का संकेत देते थे।

पुराने जमाने की होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, पारिवारिक मेलजोल और सांस्कृतिक परंपराओं का जीवंत उत्सव होती थी। त्योहार से एक सप्ताह पहले ही घरों में साफ-सफाई और पकवानों की तैयारी शुरू हो जाती थी। महिलाएं समूह बनाकर गुजिया, मालपुआ, ठंडाई, दही-बड़े और नमकीन बनाती थीं। पड़ोसनें एक-दूसरे के घर मदद के लिए पहुंचतीं, जिससे मोहल्ले में अपनापन और भी बढ़ जाता था। बच्चों की टोली टेसू (पलाश) के फूल बटोरती और उन्हें उबालकर प्राकृतिक केसरिया रंग तैयार करती थी। चुकंदर, हल्दी और मेहंदी से भी रंग बनाए जाते थे। त्वचा को नुकसान पहुंचाने वाले रासायनिक रंगों का नामोनिशान नहीं था।होलिका दहन की शाम पूरा गांव एक स्थान पर एकत्र होता। पंडित द्वारा विधिवत पूजा के बाद लोग परिक्रमा करते और बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश ग्रहण करते। इसके बाद चौपालों पर ढोलक, मंजीरे और हारमोनियम की थाप पर फाग और पारंपरिक होली गीत देर रात तक गूंजते थे। बुजुर्ग गीतों के माध्यम से नई पीढ़ी को संस्कार और सामाजिक मर्यादाओं की सीख देते थे।रंग खेलने का भी अपना अलग अंदाज था। सुबह सबसे पहले घर के बड़े-बुजुर्गों के चरण स्पर्श कर अबीर-गुलाल लगाया जाता और आशीर्वाद लिया जाता। इसके बाद दोस्तों और रिश्तेदारों के घर जाकर गले मिलना, मिठाई खिलाना और हंसी-ठिठोली करना दिन भर चलता था। किसी के मन में द्वेष नहीं रहता था, होली आपसी मनमुटाव मिटाने का माध्यम बनती थी।कठवारा गांव के 84 वर्षीय रविकांत बाजपेई बताते हैं, ‌हमारे समय की होली में दिखावा नहीं था। हर घर के दरवाजे खुले रहते थे। कोई भी किसी के यहां जाकर रंग लगा सकता था।‌ वहीं 78 वर्षीय शांति देवी याद करते हुए कहती हैं, ‌महिलाएं मिलकर फाग गाती थीं। पूरे गांव में ऐसा लगता था जैसे एक ही परिवार हो। अब वो बात कहां।‌ बुजुर्गों के अनुसार आज डीजे के शोर, तेज रफ्तार जिंदगी और बाजारू रंगों के बीच त्योहार की आत्मीयता कहीं पीछे छूटती नजर आती है। हालांकि वे मानते हैं कि समय के साथ बदलाव स्वाभाविक है, लेकिन होली का मूल भाव–प्रेम, सम्मान और सौहार्द–बनाए रखना जरूरी है।पुराने जमाने की होली भले ही बीते दिनों की बात हो, लेकिन उसकी सादगी, सामूहिकता और दिलों को जोड़ने वाली परंपरा आज भी लोगों की स्मृतियों में जीवित है। फागुन की हर दस्तक के साथ बुजुर्गों की आंखों में वही पुरानी होली फिर से रंग भर देती है।

## साक्ष्यहीन और निराधार है सोशल मीडिया के द्वारा लगाए जा रहे आरोप : उत्तर प्रदेश फार्मेसी काउंसिल

लखनऊ । सोशल मीडिया के माध्यम से लगाए जा रहे आरोपों को उत्तर प्रदेश फार्मेसी काउंसिल ने निराधार और साक्ष्यहीन बताया है। इस संबंध में काउंसिल के अध्यक्ष संदीप बडोला और रजिस्ट्रार प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने स्पष्ट किया कि संस्थान की छवि धूमिल करने वालों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। काउंसिल द्वारा जारी बयान में बताया गया कि पूर्व में एक संविदा पर गार्ड के रूप में उसकी तैनाती के दौरान बीती 14 जुलाई 2025 को कार्यालय में हुई चोरी की घटना में उसे पुलिस जांच के दौरान संलिप्त पाया गया था। प्रकरण में उसे छह माह तक कारागार में निरुद्ध रहना पड़ा। लेकिन न्यायालय से जमानत पर रिहा होने के बाद वह अब सोशल मीडिया के माध्यम से काउंसिल और उसके कर्मचारियों पर विभिन्न प्रकार के निराधार आरोप लगा रहा है। अध्यक्ष संदीप बडोला और रजिस्ट्रार प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने कहा कि ऐसे व्यक्ति पर शीघ्र ही विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# बीबीडी के छात्र डिग्री होल्डर ही नहीं बल्कि फ्यूचर लीडर भी है: नीरज सिंह

❒ बीबीडी में हुआ 'उत्कर्ष–2026' का भव्य शुभारंभ,विरासत से विकास तक की थीम ने किया प्रेरित




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । बाबू बनारसी दास एजुकेशनल ग्रुप के तत्वाधान में तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव ''उत्कर्ष-2026'' का शुभारंभ हुआ। यह आयोजन 26 से 28 फरवरी तक हो रहा है। वार्षिकोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता नीरज सिंह एवं बीबीडी ग्रुप के प्रेसीडेंट एवं प्रो चांसलर, बीबीडी यूनीवर्सिटी विराज सागर दास ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना के साथ छात्राओं द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुति से हुई। जिसके बाद मुख्य अतिथि नीरज सिंह ने कहा कि बीबीडी यूनीवर्सिटी के वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव केवल प्रतिभा और सृजनात्मकता का मंच नहीं, बल्कि विरासत से विकास तक की प्रेरणादायी यात्रा का प्रतीक बताया। अपने संबोधन में नीरज सिंह जी के युवा नेतृत्व, कौशल विकास, रोजगार सृजन और 50,000 से अधिक युवाओं को विकसित भारत एंबेसडर के रूप में जोड़ने के प्रयासों को सराहा गया, तथा विद्यार्थियों को उनके समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना से प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया। नीरज सिंह ने कहा कि बीबीडी का नाम न केवल लखनऊ में, बल्कि पूरे भारत में अपनी विरासत के कारण जाना जाता है। यहाँ के छात्र डिग्री होल्डर ही नहीं बल्कि फ्यूचर लीडर है। यहाँ संभावनाओं की कमी नहीं है। विरासत से विकास तक की थीम पॉवरफुल मैसेज है। उन्होंनें कहा कि जिस इमारत की नींव मजबूत होती है, उस पर बनी इमारत मजबूत होती है। वहीं इस मौके पर छात्रों द्वारा बनाये गये उत्कर्ष-2026 के लोगो डिजाइन में विजयी छात्रों को पुरूस्कृत किया गया। बीबीडी छात्रों द्वारा टेक एक्सपो-2026 में 100 से अधिक मॉडल नई तकनीक एआई, सीसीएमएल पर आधारित बनाये गये मॉडलो को बीबीडी के प्रेसीडेंट, वाइस प्रेसीडेंट एवं डायरेक्टर, ए0डी0जी0 स्कूल द्वारा देखकर छात्रों की प्रशंसा एवं उत्साहवर्धन किया।

# डीएम खीरी व विधायक गोला ने शिव मंदिर कॉरिडोर कार्यों की समीक्षा

❒ निरीक्षण के दौरान डीएम ने स्पष्ट कहा कि शिव मंदिर कॉरिडोर केवल एक निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है, 7 दिन में प्रगति दिखाने के निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी। जनपद के तीर्थ नगरी गोला गोकर्णनाथ स्थित छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध गोला गोकर्णनाथ मंदिर में निर्माणाधीन शिव मंदिर कॉरिडोर परियोजना की प्रगति का जायजा लेने गुरुवार को जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल एवं विधायक अमन गिरी ने स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कार्यों की मौजूदा स्थिति देखी और संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं गुणवत्ता पूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने स्पष्ट कहा कि शिव मंदिर कॉरिडोर केवल एक निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कार्यदायी संस्था को चेतावनी देते हुए कहा कि निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी लंबित कार्य पूरे किए जाएं और सात दिनों में स्पष्ट प्रगति धरातल पर दिखाई देनी चाहिए।निरीक्षण में मंदिर परिसर के भीतर और आसपास जल निकासी व्यवस्था को और प्रभावी बनाने की आवश्यकता महसूस की गई। डीएम ने नगर पालिका परिषद को निर्देशित किया कि जलभराव की समस्या से निपटने के लिए तत्काल कार्ययोजना बनाकर अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए अभी से ठोस इंतजाम किए जाएं।मंदिर परिसर के बाहर स्थित नालों के चौड़ीकरण और सफाई कार्य को लेकर जल निगम एवं लोक निर्माण विभाग को संयुक्त रूप से कार्य करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि नालों की क्षमता बढ़ाने से जल निकासी सुचारू होगी और आसपास की बस्तियों को भी राहत मिलेगी।मंदिर परिसर के भीतर समतलीकरण का कार्य सात दिनों के भीतर पूरा कराने के निर्देश दिए गए, ताकि श्रद्धालुओं के आवागमन में कोई असुविधा न हो। साथ ही कॉरिडोर में नवनिर्मित मंदिरों में पुराने मंदिरों की मूर्तियों की स्थापना भी समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने को कहा गया। डीएम ने स्पष्ट किया कि धार्मिक परंपराओं और विधि-विधान का पूरा सम्मान करते हुए यह कार्य कराया जाए।कॉरिडोर से जुड़े वीआईपी मार्ग के चौड़ीकरण कार्य की समीक्षा के दौरान सामने आई बाधाओं को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मार्ग चौड़ा होने से यातायात व्यवस्था सुगम होगी, आपातकालीन सेवाओं को सुविधा मिलेगी और तीर्थ क्षेत्र की व्यवस्थाएं बेहतर होंगी।कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी लंबित कार्यों में तेजी लाई जाए और गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए। विधायक अमन गिरी ने भी कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और कॉरिडोर को एक आदर्श तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किया जाए।

# ग्राम पंचायत राजापुर के विकास कार्यों में प्रकाश में आ रहा बड़ा झोल

❒ आर सी सी के ऊपर इंटरलाकिंग निर्माण के बाद हॉट बाजार के लिए चिन्हांकित स्थल पर क्षेत्र पंचायत निधि से अन्य निर्माण कार्य का टेंडर जारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सकरन, सीतापुर। जब घर के हों परसईया तो क्यों न हो घी की खराबी कहावत को सत्यार्थ करती सकरन की ग्राम पंचायत राजापुर के जिम्मेदार प्रधान व पंचायत सचिव ने विकास कार्यों में हेर -फ़ेर कर सरकार की बड़ी रकम हड़पने की पटकथा लिख डाली है। जहां मनरेगा से खड़ंजे व हॉट बाजार की कार्ययोजना बना बाकायदा सी आई बी बोर्ड भी लगा दिए गए फिर उन्हीं स्थलों पर क्षेत्र पंचायत निधि से भी घोटाले करने की कार्ययोजना बना टेंडर प्रकाशित करवा दिए गए, अब देखने वाली बात ये होगी कि उक्त कार्य मनरेगा से होते हैं या क्षेत्र पंचायत निधि से ग्रामीणों ने बताया कि गांव के बीचो - बीच आरसीसी मार्ग पर नाममात्र की रोड़ी डालकर मनरेगा योजना से इंटरलाकिंग निर्माण कराया जा रहा है इसी तरीके से कई खड़ंजे भी मनरेगा में फीड करा उनपर क्षेत्र पंचायत का भी टेंडर निकाल दिए गया है।क्षेत्र पंचायत से प्रकाशित करवाए गए दो दर्जन कार्यों में सिर्फ एक ही ग्राम पंचायत में करीब एक दर्जन कार्यों को करवाना भी क्षेत्रवासियों के लिए किसी छलावे से कम प्रतीत नहीं होता है।ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव की मिलीभगत से सिर्फ मानकविहीन कार्य करवा धन निकासी ही मुख्य लक्ष्य है जिसमें क्षेत्र पंचायत निधि के दुरूपयोग की भी पूर्ण सम्भावना प्रतीत हो रही है। एक ही ग्रामपंचायत तक सिमटे अधिकतर क्षेत्र पंचायत के विकास कार्य के मामले पर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने बताया कि ये टेंडर क्षेत्रवासियों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है फिर भी यदि कार्यों में भ्रष्टाचार व मानकों की अनदेखी की गई तो मामला जिलाधिकारी के समक्ष ले जाया जाएगा और जिम्मेदारों के खिलाफ बड़ी लड़ाई लड़ी जाएगी।इस विषय पर जब जानकारी लेने के लिए खंड विकास अधिकारी सकरन से फोन के माध्यम से संपर्क किया गया तो फोन व्यस्त मिला।

## क्षेत्री किसानों ने मिलकर सहकारी विकास गन्ना समिति के सचिव को दिया प्रार्थना पत्र

कसमंडा, कमलापुर। कमलापुर चीनी मिल पर किसानो का बकाया करोड़ो रूपए गन्ना मूल्य भुगतान को लेकर गुरुवार को बड़ी संख्या मे एकराय होकर क्षेत्रीय किसानो ने जनपद सीतापुर की सहकारी गन्ना विकास समित लिमिटेड कमलापुर के सचिव माधव राम को संयुक्त रूप से एक लिखित प्रार्थनापत्र देकर बकाया गन्ना मूल्य भुगतान ब्याज सहित दिलवाए जाने की मांग की है,इस मौकेपर प्रधान विनोद प्रकाश मौर्या,प्रधान अनीत कुमार,तेजप्रकाश सिंह,गुड्डू रावत,अमित कुमार सिंह, विश्वनाथ, रंजीत सिंह, नौमीलाल,अभिषेक मिश्रा,चन्द्रिका प्रसाद,,छत्रपाल,अनुज बाजपेई,नरेंद्र पाल,संजय कुमार, आदेश तिवारी,जयपाल, रामसनेही,राजकरन यादव, सहित बड़ी संख्या मे क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

# वर्षों से समस्या का समाधान नहीं।रास्ते पर कीचड़, निकलना दूभर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



जहांगीराबाद, सीतापुर। वर्षों से कीचड़ युक्त रास्ते पर निकलना दुश्वार हो गया है।निकास न होने से नालियों का गंदा पानी रास्ते पर भरा हुआ है जिसमें गर्मी के कारण दुर्गंध उठनी शुरू हो गई है। ग्रामीणों ने इस समस्या के समाधान के लिए अनेकों बार ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी बिसवां सहित उप जिलाधिकारी बिसवां व जिलाधिकारी से भी फरियाद लगाई लेकिन नतीजा सिफर रहा। किसी ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया। समस्या जस की तस बनी हुई है। इतना ही नहीं कुछ लोगों ने तो इसके समाधान के लिए मुख्यमंत्री के पास तक गुहार लगाई लेकिन अफसोस यह कि समस्या आज भी उसी तरह बनी हुई है।

निकट का तालाब पट जाने तथा रास्ता नीचा होने के कारण जहांगीराबाद पोस्ट आफिस के पास से गुलशन प्लाईवुड फैक्ट्री तक जाने वाले रास्ते पर नालियों से निकलने वाला गंदा पानी महीनों से भरा हुआ है। यहां रहने वाले लोगों को इसी गंदे बदबूदार पानी में होकर निकलना अब मजबूरी बन गयी है। अभी कुछ दिन पहले किसी सामाजिक व्यक्ति ने यहां के लोगों की समस्या को देखते हुए रास्ते पर निकलने के लिए रास्ते के किनारे ट्रैक्टर ट्राली से मिट्टी डलवा दी। अब हाल यह है कि भारी वाहनों के रास्ते पर होकर निकलने से कुछ मिट्टी रास्ते पर आकर कीचड़ में तब्दील हो गई है जिससे निकलना और भी मुश्किल हो गया है। नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं आसपास रहने वाले परिवार। इन दिनों रमजान का महीना शुरू हो चुका है। मस्जिद में नमाज पढ़ने जाने में भी मुश्किलें हो रही है। सैकड़ों की आबादी इस समस्या से प्रभावित हैं। ग्रामीण शफकत अली खान,सबाहुद्दीन, मसाली,डा0 श्याम किशोर वर्मा, अनिल वर्मा, लियाकत अली, आनन्द पाल सिंह,मो0 फुरकान, सुरेश चंद्र, प्रमोद कुमार, प्रकाश व मो0 रजी सहित दर्जनों लोगों ने इस रास्ते पर भरे गंदे पानी को हटवाकर समस्या से निजात दिलाये जाने की मांग की है।

# तमंचा-कारतूस के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

शाहजहांपुर। जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान में थाना कोतवाली पुलिस टीम ने एक शातिर हिस्ट्रीशीटर को तमंचा- कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।थाना कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ई-चार्जिंग प्वाइंट ककरा खुर्द चौराहे से बाइक सवार एक शातिर हिस्ट्रीशीटर को तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया हिस्ट्रीशीटर थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अजीजगंज की मनफूलनगर कालोनी का रहने वाला सुबेक वर्मा पुत्र भानूप्रताप वर्मा है। पकड़े गए हिस्ट्रीशीटर पर थाना कोतवाली, थाना रामचन्द्र मिशन और थाना सदर बाजार में लूट, डकैती, हत्या का प्रयास, आयुध अधिनियम आदि के डेढ़ दर्जन से अधिक अपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल, पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह के साथ उपनिरीक्षक भूपेन्द्र राणा और कुमार गौरव आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने नगर पंचायत कटरा, निर्माणाधीन मीटिंग हॉल व ओवरहेड टैंक का किया निरीक्षण

❒ अतिक्रमण मुक्त भूमि पर दुकानों व पार्क निर्माण करने के दिए निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने आज नगर पंचायत कटरा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम नगर पंचायत कार्यालय का निरीक्षण कर विभिन्न अभिलेखों का अवलोकन किया और जन्म-मृत्यु पटल के रजिस्टरों की जांच की तथा निर्देशित किया कि जन्म-मृत्यु से संबंधित प्रतिदिन प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों के लिए दैनिक रजिस्टर तैयार किया जाए। जिससे अभिलेखों का सुव्यवस्थित रखरखाव किया जा सके।

इसके बाद डीएम ने 15वें वित्त आयोग के तहत कार्यालय परिसर के सामने निर्माणाधीन मीटिंग हॉल का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उपरान्त डीएम ने जल निगम शाहजहांपुर द्वारा पेयजल आपूर्ति सुदृढ़ करने के उद्देश्य से निर्माणाधीन ओवरहेड टैंक का निरीक्षण किया। इस दौरान जल निगम के अवर अभियन्ता ने बताया कि निर्माणाधीन ओवरहेड टैंक का कार्य जून 2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। डीएम ने कार्य को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में डीएम ने नगर पंचायत कार्यालय परिसर के पास स्थित कृषि रक्षा इकाई की जर्जर एवं अनुपयोगी पुरानी भवन को ध्वस्त कर वहां पर पार्क एवं अन्य जनोपयोगी सुविधाओं के विकास के निर्देश दिए। साथ ही नगर पंचायत कटरा द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि का निरीक्षण करते हुए अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि उक्त भूमि पर तत्काल प्रभाव से दुकानों का निर्माण कराया जाए। जिससे नगर पंचायत की आय में वृद्धि हो सके तथा स्थानीय नागरिकों को सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इस दौरान नगर पंचायत कटरा के प्रशासक/अध्यक्ष रजनीश मिश्रा, उप जिलाधिकारी तिलहर सदानंद सरोज, अधिशासी अधिकारी शिवलाल राम, अवर अभियन्ता पीयूष मिश्रा, लेखा लिपिक सुरेन्द्र कुमार गंगवार सहित नगर पंचायत के सभासद आदि उपस्थित रहे।

# भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव 2026: दो देशों की संस्कृति का अद्भुत संगम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखीमपुर खीरी। भारत और नेपाल की साझा सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक रिश्तों और आत्मीय मित्रता को समर्पित भारतऽनेपाल मैत्री महोत्सव 2026 का भव्य आयोजन लखीमपुर खीरी स्थित दुधवा टाइगर रिजर्व की चंदन चौकी पर उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ।

संस्कृति-पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव ने सीमाओं से परे भाईचारे और सांस्कृतिक समन्वय का सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत आकर्षक शोभा यात्रा से हुई, जिसमें पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित कलाकारों ने भारत और नेपाल की लोक संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। इसके बाद मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर मंचीय कार्यक्रमों का विधिवत शुभारंभ किया गया। पूरे परिसर में उत्सव का माहौल छा गया और दर्शकों की भारी भीड़ ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।मंच पर प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हर्ष अग्निहोत्री की जादू कला ने रोमांच और आश्चर्य का वातावरण बनाया। दीपिका मिश्रा और गौरी शंकर के लोक गायन ने पारंपरिक धुनों से श्रोताओं को भावविभोर किया। सुप्रिया भारती के गायन ने कार्यक्रम में मधुरता घोली, वहीं अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त राकेश उपाध्याय ने निमिया के डार और होली उलरारा जैसी लोकप्रिय प्रस्तुतियों से समा बांध दिया। स्वधा मिश्रा के बधावा लोक नृत्य और प्रेरणा कठारिया, लक्ष्मण प्रसाद राणा सहित दुधवा थारू मयूर मंडली ïनिर्मलाङ्क दल की प्रस्तुतियों ने भारतऽनेपाल की सांस्कृतिक निकटता को जीवंत रूप में मंच पर उतारा। थारू जनजाति की पारंपरिक झलकियों ने दर्शकों को सीमावर्ती क्षेत्र की विशिष्ट लोक परंपराओं से रूबरू कराया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नेपाल भाषा विधि संयोजक कमल राना उपस्थित रहे। उप जिला अधिकारी (न्यायिक) पलिया आरती यादव, ब्लॉक प्रमुख पलिया वीरेंद्र शुक्ला, तहसीलदार पलिया ज्योति वर्मा, डीएसपी पलिया जितेंद्र सिंह परिहार, नगर पालिका अध्यक्ष लक्ष्मन गुप्ता, परियोजना अधिकारी कृष्ण पाल सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने सहभागिता की।अपने संबोधन में वक्ताओं ने भारत और नेपाल के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संबंधों को और सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन दोनों देशों के नागरिकों के बीच आपसी विश्वास और सौहार्द को मजबूत करते हैं।महोत्सव के सफल संचालन में नोडल अधिकारी अतुल द्विवेदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विभाग की ओर से सूरज गौतम, वैभव विशाल, लकी सोनकर सहित अन्य कर्मचारियों ने व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने में सक्रिय सहयोग दिया।

# शारदानगर पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना शारदानगर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने हत्या के अभियोग में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल भी बरामद कर लिया है।पुलिस अधीक्षक खीरी डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण तथा सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक थाना शारदानगर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्रवाई की गई।दिनांक 26 फरवरी 2026 को थाना शारदानगर पुलिस ने मु0अ0सं0 0049/2026 धारा 103(1) बीएनएस से संबंधित मामले में नामजद एवं वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान राकेश पुत्र छोटे निवासी नौधन जिंगनिया थाना शारदानगर तथा सुरेश पुत्र छोटे निवासी नौधन जिंगनिया थाना शारदानगर के रूप में हुई है।पुलिस पूछताछ के दौरान अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लकड़ी के दो टुकड़े (आलाकत्ल) बरामद किए गए। बरामदगी के बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए दोनों अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया।गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक इन्साफ अली, कांस्टेबल शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं कांस्टेबल अरुण कुमार थाना शारदानगर शामिल रहे।पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई करने वाली टीम की सराहना करते हुए जनपद में अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रखने की बात कही है।

## वैज्ञानिक विधि से गन्ना बोएं, नुकसान की गुंजाइश नहीं: डॉ. अनूप कुमार



**बिसवां, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बसंत कालीन गन्ना बुवाई को लेकर दी सेक्सरिया बिसवां शुगर फैक्ट्री लिमिटेड द्वारा पूरे मिल क्षेत्र में किसानों को जागरूक करने के लिए बृहद गणनकिशन गोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में सर्किल सांडा में वृहद किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें चीनी मिल के महाप्रबंधक डॉक्टर अनूप कुमार ने किसानों को गन्ना बुवाई विधी भूमि उपचार, प्रजातियों का चयन दो आंख के टुकड़े काटने ट्रेंच विधि से गन्ना बुवाई एवं अतिरिक्त आय हेतु सह फसल लेने को के बारे में बताया सर्किल सांडा के ग्राम बोहरा भवानीपुर मेंएवं सरैया मिर्ज़ापुर में किसानों को संबोधित करते हुए डॉक्टर अनूप जी ने कहा की गन्ना वह फसल है जिसका मूल्य निश्चित है उत्पादन वैज्ञानिक तरीके से खेती करके आप बढ़ा सकते हैं इस फसल में कभी भी नुकसान की गुंजाइश नहीं है आप आप सभी किसान भाई अच्छी प्रजातियों का चयन जैसे को 15023 दध0 118, 13235 ,17231 जल भराव में को 98014 की बुवाई करके अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं बसंत कालीन गन्ना बुवाई में सह फसल के रूप में मूंग उड़द की बुवाई अवश्य करें और उर्वरक की मात्रा मृदा की जांच के बाद उसी के अनुसार ही उपयोग करें मृदा में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा बढ़ाने के लिए सनई डेंचा की बुवाई कर मिट्टी में पलट दें गोबर की साड़ी खाद, प्रेसमद सड़ा हुआ,और कंपोस्ट का प्रयोग अवश्य करें मृदा उर्वरता ही उत्पादकता की कुंजी है इस कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ो किसान के साथ चीनी मिल के प्रबंधक विमल मिश्रा वरिष्ठ गन्ना विकास अधिकारी प्रभात कुमार सिंह क्षेत्रीय राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

## विज्ञान ज्योति योजना के तहत छात्राओं को मिली मेडिकल-इंजीनियरिंग की पुस्तकें



**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारत सरकार द्वारा संचालित विज्ञान ज्योति योजना के अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय, खैराबाद में कक्षा 11 की छात्राओं को मेडिकल एवं इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी हेतु आवश्यक पुस्तकों का वितरण किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिषेक गुप्ता अध्यक्ष प्रतिनिधि नगरपालिका परिषद खैराबाद ने छात्राओं को पुस्तकें प्रदान कीं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि विज्ञान ज्योति योजना का उद्देश्य बालिकाओं को विज्ञान शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहित करना तथा उन्हें मेडिकल एवं इंजीनियरिंग जैसी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए सशक्त बनाना है।कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य श्री नित्यानंदेश नारायण त्रिपाठी ने की। इस अवसर पर श्री बिनोद कुमार (वरिष्ठ पीजीटी गणित) एवं श्रीमती रीना सिंह (पीजीटी जीव विज्ञान) सहित अन्य शिक्षकगण एवं छात्राएँ उपस्थित रहीं।विद्यालय प्रशासन ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि इस प्रकार की पहल से छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।फोटो विवरण: मुख्य अतिथि द्वारा कक्षा 11 की छात्राओं को मेडिकल एवं इंजीनियरिंग की पुस्तकें वितरित करते हुए।

# एसपी देहात ने छात्र-छात्राओं को बताए साइबर अपराध से बचने के उपाय



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

शाहजहांपुर। राजकीय मेडिकल कॉलेज जिगनेरा में पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एसपी देहात दीक्षा भांवरे अरूण ने छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध से बचने के उपाय बताए। कहा कि किसी भी अज्ञात कॉल अथवा लिंक पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें तथा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तत्काल संपर्क करें।

उन्होंने छात्र-छात्राओं को आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112, महिला हेल्पलाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 आदि के संबंध में भी जानकारी दी। साथ ही गोल्डन आवर की महत्ता बताते हुए दुर्घटना अथवा अन्य आपात स्थिति में घायल व्यक्ति को शीघ्र चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराने के महत्व पर बल दिया। साथ ही ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग, सोशल मीडिया दुरुपयोग, डिजिटल भुगतान धोखाधड़ी आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी कार्यालय, महाविद्यालय के प्राचार्य, उप-प्राचार्य, प्रशिक्षणरत छात्र-छात्राएं एवं मेडिकल कॉलेज स्टाफ उपस्थित रहा।

# खुटार पुलिस ने अफीम के साथ दो तस्कर पकड़े,भेजा जेल

❒ तस्करों के कब्जे से पुलिस टीम ने करीब 614 ग्राम अफीम बरामद की

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। थाना खुटार पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने करीब 614 ग्राम अफीम बरामद की।बीती रात थाना खुटार पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान फ्लाईओवर के नीचे सौफरी पेट्रोल पम्प की ओर उतरने वाली सड़क से बाइक सवार दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया।

जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने करीब 614 ग्राम अफीम बरामद की। पकड़े गए तस्कर जनपद लखीमपुर खीरी के थाना उचौलिया क्षेत्र का रहने वाला आशीष गुप्ता पुत्र रामकृष्ण गुप्ता और शाहजहांपुर के थाना कटरा क्षेत्र के गांव सहजना का रहने वाला ज्ञानेन्द्र शर्मा पुत्र विपिन कुमार है। पुलिस पूछताछ में तस्करों ने बताया कि वो लोग मादक पदार्थों को खरीदने बेचने का काम करते है। बताया कि वो लोग बरामद अफीम खुदागंज के रहने वाले विक्रम से खरीद कर लाए थे। जिसके पिता का नाम व पता उन्हं नहीं पता है। विक्रम उन्हें निगोही में सुगर मिल के पास मिलता है और वहीं से वो विक्रम से अफीम लेकर आए हैं। बताया कि वो लोग यह अफीम सुमित नाम के एक लडके को बेचने के लिए लाये थे, जो आज उन्हें तिकुनिया खुटार पर मिलने वाला था। वो लोग सुमित को सिर्फ शक्ल से जानते हैं, उसके बारे में कोई अन्य जानकारी नहीं है। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए अभियुक्त आशीष गुप्ता पर थाना रोजा, थाना मोहम्मदी खीरी, थाना पसगवां, थाना उचौलिया पर करीब एक दर्जन अपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल, पुलिस ने दोनों अभियुक्तों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना खुटार के उपनिरीक्षक अंकुर कुमार के साथ का. सिकन्दर सिंह, हरिओम सिंह और फिरोज हसन मौजूद रहे।

## यात्री प्रतीक्षालय धरातल से मिला गायब

**सकरन, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ग्राम पंचायत कोंसर में एक वृहद फर्जीवाडा उजागर हुआ है जहां बगैर यात्री प्रतीक्षालय के ही उसके मरम्मत के नाम लड़ लाखों रूपए निकाल कर हड़प लिए गए। 5वें व 15वें वित्त आयोग अंतर्गत यात्री प्रतीक्षालय की मरम्मत के नाम पर 56हजार 55रुपए, 43हजार 4सौ 25रुपए व 36हजार 8सौ 72रूपए 22.03.2023को निकाल लिए गए पर धरातल पर यात्री प्रतीक्षालय कहीं मौजूद ही नहीं मिला। अब सवाल ये उठता है कि जब उक्त प्रतीक्षालय बना ही नहीं था तो उसकी मरम्मत के नाम पर लाखों रूपए कहां खपा दिए गए, ग्राम प्रधान व तत्कालीन पंचायत सचिव के भ्रष्टाचार में शामिल अन्य जिम्मेदार अधिकारियो पर कार्यवाही कब या यूँ ही विकास के नाम पर सरकारी धन को डकारते रहेंगे जिम्मेदार।मामले की जानकारी लेने के लिए जेई आरईएस सुभाष वर्मा से जब पूँछा गया तो बताया गया कि प्रकरण संज्ञान में आया है जाँच की जाएगी।

# खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री ने सिंहपुर क्षेत्र में विकास कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग के राज्यमंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान विकास खण्ड सिंहपुर क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री ने सर्वप्रथम ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजना पेण्डारा का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पंचायत के सभी मजरों में नल कनेक्शन की स्थिति तथा निर्धारित समयानुसार जलापूर्ति की जानकारी ली उपस्थित ग्रामीणों से संवाद कर पेयजल उपलब्धता के सम्बंध में फीडबैक लिया।निरीक्षण के दौरान एक बुजुर्ग ग्रामीण द्वारा राशन कार्ड न बनने की जानकारी देने पर राज्यमंत्री ने पूर्ति निरीक्षक को फटकार लगाते हुये तत्काल राशन कार्ड बनवाने का निर्देश दिया। प्रभारी मंत्री ने सीएचसी सिंहपुर के निरीक्षण में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र, दवा वितरण कक्ष, वैक्सीन कक्ष, ऑपरेशन थिएटर, एमएनसीयू वार्ड तथा ओपीडी रजिस्टर का अवलोकन किया। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं संबंधित चिकित्सकों को निर्देशित किया कि मरीजों को बेहतर एवं सुचारु स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। प्रभारी मंत्री ने कम्पोजिट विद्यालय एवं बीआरसी सिंहपुर का निरीक्षण करते हुये बच्चों से शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया तथा शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी, शिक्षक नेता सत्येंद्र तिवारी, दिलीप शुक्ला ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। खारा स्थित गो आश्रय स्थल का निरीक्षण करते हुए मंत्री ने गोवंशों के लिए हरे चारे, भूसे, पेयजल एवं पशु आहार की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने स्वयं गोवंशों को गुड़ व केला खिलाया और व्यवस्थाएं संतोषजनक पाए जाने पर अधिकारियों की प्रशंसा की। उन्होंने निर्देश दिया कि गोसंरक्षण में किसी प्रकार की लापरवाही न हो तथा बीमार गोवंशों की नियमित देखभाल की जाए। इसके पश्चात उन्होंने बायोगैस प्लांट एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का निरीक्षण किया। डीपीआरओ द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत खारा का समस्त कचरा प्रोसेस कर जैविक खाद तैयार की जाती है तथा गौशाला से प्राप्त गोबर व गोमूत्र से बायोगैस के माध्यम से ऊर्जा उत्पादन किया जाता है, जिससे आटा चक्की व अन्य उपकरण संचालित किए जाते हैं। प्रभारी मंत्री ने इस अभिनव पहल की सराहना की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान, उपजिलाधिकारी अमित सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, अधिशासी अभियंता जल निगम ए.के. राव, डीपीआरओ मनोज त्यागी, बीएसए संजय तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी वीरभान सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी,भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, विपुव मिश्रा,भवानी दत्त दीक्षित, राकेश त्रिपाठी, अनिल पाण्डेय, गौरव श्रीवास्तव, राहुल पाठक, नवनीत त्रिवेदी, उबैद अहमद, जया त्रिपाठी, अनीस अहमद सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## तमंचा, कारतूस, सब्बल, छैनी व कटर के साथ युवक गिरफ्तार

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली उझानी क्षेत्र में होली त्यौहार के दृष्टिगत रात्रि वाहन चैकिग के दौरान कोतवाली के उपनिरीक्षक विनय कुमार व प्रवीन कुमार सिंह मय हमराही कोस्टवल उमेश कुमार ,कोस्टवल अब्दुल कादिर व कोस्टवल अंकुश कसाना के साथ घण्टाघर चौराहा पर चैकिग कर रहे थे मुखविर की सूचना पर स्टेशन रोड़ स्थित भल्ला मार्केट में एक व्यक्ति खटपट कर रहा है मुखविर की सूचना पर मौके पर पहुंच कर उक्त युवक को पकड लिया पकडे गये व्यक्ति ने पूछताछ में अपना नाम ब्रजेश बाल्मिकी पुत्र लक्ष्मन उम्र 35 वर्ष नि0मौ0 शाक्तिनगर महोली रोड थाना बागबहादुर कोतवाली जनपद मथुरा बताया जिसकी मौके पर तलाशी लेने पर उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा व एक 315 बोर का जिन्दा कारतूस व एक सब्बल ( छैनी) व एक कटर का बरामद हुआ। वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

## बदायूँ पुलिस लाइन में योग शिविर का आयोजन

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस लाइन बदायूँ में आयोजित योग शिविर के क्रम में बुधवार को भी पुलिस जवानों को योगासन का नियमित अभ्यास कराया गया। शिविर में जवानों को पूज्य स्वामी रामदेव जी महाराज से सीखी गई योग विधियों के आधार पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।योगाभ्यास के दौरान शारीरिक सुदृढ़ता, मानसिक संतुलन एवं तनाव मुक्ति पर विशेष ध्यान दिया गया। इस अवसर पर आर.आई. पुलिस लाइन श्री इंद्रजीत सिंह एवं समस्त पीटीआई स्टाफ मौजूद रहे। शिविर का उद्देश्य पुलिस कर्मियों को स्वस्थ एवं ऊर्जावान बनाए रखना है, ताकि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन बेहतर ढंग से कर सकें।

## एकादशी पर्व पर लगने वाले मेले में सजने लगी दुकानें

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। सहसवान (बदायूं) सहसवान– ऐतिहासिक स्थल सरसोता पर लगने वाले मेले का आज तहसीलदार राकेश कुमार द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। बताते चलें हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली से पूर्व तीन दिवसीय मेले का आयोजन सरसोता पर होता है, यहां पर चरक झूला खेल तमाशा विभिन्न प्रकार की दुकानें सजती हैं, इस मेले में घोड़ा दौड़ विभिन्न गांव के लोग होली की चौपाई आदि का आयोजन होता है। इस मौके पर नायब तहसीलदार आनंग राज, सियोराज सिंह, अबीर सक्सेना, सौरभ गुप्ता प्रदीप कुमार शर्मा, सज्जन सिंह ,डॉक्टर कैलाश चंद्र,नीरेश माहेश्वरी ,मोहित यादव, शिव यादव यदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने किया तहसील गुन्नौर एवं विकासखण्ड गुन्नौर एवं थाना गुन्नौर का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल ( बहजोई) । आज जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा तहसील गुन्नौर एवं विकासखण्ड गुन्नौर एवं थाना गुन्नौर का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम तहसील गुन्नौर का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने तहसील परिसर में नवनिर्मित राजस्व निरीक्षक कक्ष का फीता काटकर शुभारंभ किया एवं पटल से संबंधित कार्यों के विषय में जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा कार्यालय पूर्ति निरीक्षक का निरीक्षण किया एवं कार्यालय चकबंदी अधिकारी का निरीक्षण किया तथा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यालय को एक सप्ताह में व्यवस्थित रूप में तैयार किया जाए एवं साफ़ सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा द्वारा तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण किया तथा 3 वर्ष एवं 5 वर्ष से ऊपर के वाद के विषय में जानकारी प्राप्त की विरासत एवं धारा 67 से संबंधित रजिस्टर चेक किये एवं पुरानी फाईल चेक की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा विकासखण्ड गुन्नौर का निरीक्षण किया खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय को देखा तथा पुनर्निर्माण किये गये सहायक विकास अधिकारी कक्ष का निरीक्षण किया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा परिसर स्थित सड़क मरम्मत तथा जर्जर भवन के मूल्यांकन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा थाना गुन्नौर का निरीक्षण किया गया भूमि विवाद रजिस्टर, अपराध रजिस्टर तथा जमानत रजिस्टर, मिशन शक्ति निरीक्षण, निरोधात्मक कार्यवाही रजिस्टर, काउंसलिंग रजिस्टर, एण्टी रोमियो रजिस्टर को चेक किया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा शस्त्र लाइसेंस से संबंधित जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि जिनके शस्त्र जारी हैं उनमें कितने लोगों पर मुकदमे चल रहे हैं उसकी सूची सात दिवस में अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी द्वारा थाना के एस आई रोहित द्वारा दादरी से गुम हुए बच्चा जोकि जनपद में आ गया था, सोशल मीडिया के माध्यम से उसके माता पिता का पता लगाया उसकी सराहना की तथा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि थाना स्तर पर सकारात्मक समाचार जोकि घरों को जोड़ने से संबंधित हों या दो विवादों के समाधान के हों या फिर लापता को ढूंढने से संबंधित हों उससे संबंधित सकारात्मक समाचार को सोशलमीडिया के माध्यम से प्रचारित किया जाए । इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा, उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार, तहसीलदार गुन्नौर तथा खण्ड विकास अधिकारी गुन्नौर कमल कंात एवं संबंधित थानाध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर कार्यक्रम

सम्भल। आज एस एम कॉलेज छात्रा इकाई का षष्ठ (सप्त दिवसीय विशेष शिविर) मौलागढ़ स्थित देवी मंदिर पर (कौशल दिवस युवा हेतु) के अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर कार्यक्रम अधिकारी प्रिया श्रीवास्तव के निर्देशन मे किया गया। मुख्य अतिथि डा चंद्रकांता सिंघल (पूर्व प्रवक्ता एस एम कॉलेज) ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की बालिकाओं ने बस्ती में रैली निकाल कर (आज के समय में जो बच्ची घर ओर सड़कों से उठाई जा रही है) लोगों को जागरूक किया कि वे अपने बच्चों का अच्छे से ख्याल रखें।एवं उस पर बालिकाओं ने नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया। एवं बच्चों के साथ होने वाले अनजान खतरे से बचने एवं सचेत होने का आवाहन किया। तत्पश्चात मां भगवती के सम्मुख सभी बालिकाओं ने 110 दीपों की श्रृंखला प्रज्वलित की। सभी को चने हलवे का प्रसाद वितरित किया गया।प्रसाद के बाद प्रियांशी,प्राची, वंशिका ने माँ के सम्मुख सुंदर नृत्य की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। डा चंद्रकांता सिंघल ने बालिकाओं को नारी शक्ति के बारे में बताया। पूर्व कार्यक्रम अधिकारी मीनाक्षी सागर ने बालिकाओं को अपनी शिक्षा पर ध्यान देने एवं उससे होने वाले लाभों के बारे में समझाया कि किस तरह एक बालिका अपनी शिक्षा पूर्ण करके अपने पैरों पर खड़े होकर स्वयं अपनी पहचान बना सकती है। कार्यक्रम में डॉ चंद्रकांता सिंघल,मीनाक्षी सागर,श्रीमती शोभा रानी, पुजारी गिर्राज किशोर जी,रेखा गौड जी,इत्यादि उपस्थित रहे।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत बालिकाओ को दिया गया आत्मरक्षा व योग प्रशिक्षण

सम्भल । जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी महोदय के दिशानिर्देशों के क्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण के अंतर्गत आज दिनांक 26-2-2026 को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय रजपुरा व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सम्भल की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, साथ ही योगाभ्यास कराया गया जिससे कि वह स्वस्थ रहने के साथ साथ विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का डटकर मुकाबला भी कर सकें, ताइक्वांडो प्रशिक्षक सुरेश कुमार व महिला खिलाड़ी ब्लैक बैल्ट होल्डर रेखा, सृष्टि ने सभी बालिकाओं को फ्रंट किक, फ्रंट पंच, हुक पंच, एल्बो अटैक, पॉम अटैक ताड़ासन, वृक्षासन का अभ्यास कराया। ग्रामीण अंचल की बालिकाएं पूरी लगन से मार्शल आर्ट सीख रही हैं सभी छात्राएं बहुत ही मेहनती है, ग्रामवासियों ने भी सरकार की इस योजना की तारीफ की कहा कि अब हमारे गांव की बालिकाएं भी अपनी सुरक्षा करने में सक्षम हो गई हैं। छात्राओ को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार और महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हितार्थ चलाई जा रही योजना यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, निराश्रित महिला पेंशन, गुड़ टच एवं बैड टच, बाल विवाह के दुष्परिणाम, बसल श्रम के दुष्प्रभावों आदि के बारे में बताया गया। इस अवसर पर कॉलेज का समस्त स्टाफ और अन्य ब्यक्ति उपस्थित रहे।

## पैकिंग व लेबलिंग नियमों का किया जा रहा उल्लंघन

सम्भल। जिलाधिकारी के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा आगामी होली पर्व के दृष्टिगत विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके क्रम में दिनांक 25.02.2026 को रात में खग्गू सराय संभल स्थित मोह शाकिर की सेवैया निर्माण इकाई का निरीक्षण किया गया। मौके पर खाद्य पदार्थों सेवैया एवं मैदा का नमूना जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया गया। साथ ही सेवई निर्माण में प्रयोग होने वाले हरि ब्रांड मैदा के लगभग 173 बोरों में लेबलिंग व पैकिंग नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर जब्त किया गया, जिसका निर्माण श्री हरि राइस एंड जनरल मिल, बहजोई द्वारा किया गया था। प्राप्त सूचना के आधार पर अगले दिन दिनांक 26.02.2026 को श्री हरि राइस एंड जनरल मिल बमनेटा, बहजोई पर छापामार कार्यवाही की गई। मौके पर लगभग 447 बोरों में श्री हरि ब्रांड मैदा भंडारित पाया गया, जिस पर भ्रामक खाद्य लाइसेंस संख्या अंकित पायी गई व अन्य पैकिंग, लेबलिंग नियमों का उल्लंघन पाया गया। टीम द्वारा मैदा का नमूना जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया गया व मौके पर भंडारित समस्त 447 ‍ब्ब्द बोरों (प्रत्येक 15 ‍ब्ब्द) को जब्त किया गया व नियमों के उल्लंघन व साफ़ सफाई संतोषजनक न पाए जाने पर नोटिस निर्गत किया गया। विभागीय टीम में मानवेन्द्र सिंह सहायक आयुक्त खाद्य ‍क्क्ष्, राजीव कुमार, अशोक कुमार, सुधीर कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिव मंदिर के सामने गंदगी व बेशुमार कीचड़ में बजबजा रहे कीड़े

बदायूँ। शिव मंदिर के सामने गांव में मुख्य सड़क जर्जर , गंदगी व बेशुमार कीचड़ में बजबजा रहे कीड़े , जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत आसफपुर उत्तर प्रदेश से है, सरकार जहां एक ओर ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में विकास के लिए बेशुमार पैसा खर्च कर रही है वहीं दूसरी ओर ग्रामपंचायतों में जिम्मेदार नुमाइंदों व सरकारी मुलाजिमों की अनदेखी के चलते उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा पर पानी फ़ेर रहे हैं । गांव सीकरी वाशिंदे अधिवक्ता अमन खान , तिलकराज , विशाल सागर , अजीत कुमार व नितिन आदि का कहना है कि मौजूदा पंचवर्षीय योजना में पिछले कई वर्षों से गांव सीकरी में मुख्य रास्ते पर स्थित शिवमन्दिर के समीप सी सी रोड पर काफी गहरे गड्ढे हो गए और सी सी रोड काफी जर्जर हालत में होने से यहां होकर गुजरने वाले राहगीरों व स्कूली बच्चों व चार पहिया से लेकर दुपहिया वाहन चालकों को निकलना खतरे से खाली नहीं है । बेशुमार जर्जर व गहरे गड्ढों से युक्त सी सी रोड पर गंदा पानी व कीचड़ में बुरी तरह से बजबजा रहे कीड़े मच्छरों के प्रकोप के चलते गांव सीकरी में तरह तरह की बीमारियों का खतरा बना हुआ है । इस जनहित की समस्या से सीकरी वाशिंदों में बेहद रोष व्याप्त है ।

## हर्रायपुर विद्यालय में त्रिदिवसीय स्काउटऽगाइड प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

बदायूँ। बिसौली के संविलयन विद्यालय हर्रायपुर में भारत स्काउट्स और गाइड्स के तत्वावधान में त्रिदिवसीय स्काउटऽगाइड प्रशिक्षण शिविर का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य हरीओम पाराशरी ने कहा कि राष्ट्रसेवा, अनुशासन और संस्कारों से ही व्यक्तित्व का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि सच्चा स्काउट विपरीत परिस्थितियों में भी मानवता और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखता है। शिविर में स्काउटऽगाइड को बाढ़, भूकंप, आगजनी और दुर्घटनाओं जैसी प्राकृतिक आपदाओं में बचाव कार्य, सीमित संसाधनों में सुव्यवस्थित जीवन जीने की कला, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रध्वज फहराने के नियमों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही स्काउटिंग आंदोलन का इतिहास, प्रार्थना, झंडा गीत, प्रतिज्ञा, सैल्यूट, बायां हाथ मिलाना और ड्रिल का अभ्यास भी कराया गया। कार्यक्रम में उद्योगपति अखिलेश शर्मा, समाजसेवी देवेश शंखधार और पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## इंटर भूगोल विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न

बदायूँ। बिसौली-क्षेत्र के सिद्व बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया में वृहस्पतिवार को द्वितीय पाली में इंटर मीडिएट भूगोल विषय की परीक्षा सीसीटीवी कैमरों ओर वाइस रिकॉर्डर की कड़ी निगरानी में हुई।परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व आंतरिक सचल दल प्रभारी नीरज चौहान प्रसुनिका शर्मा नेहा शर्मा ने छात्राओं की गहन तलाशी ली। केंद्र प्रभारी राजकुमार शर्मा ने बताया कि द्वितीय पाली में इंटर मीडिएट भूगोल विषय की परीक्षा में 60 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें 02 अनुपस्थित रहे। केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट डॉ रतन लाल पशुधन विकास अधिकारी बिसौली,वाह्य केंद्र व्यवस्थापक महावीर प्रसाद केएम इंटर कालेज इस्लाम नगर सहित पुलिस बल उपस्थित रहा।

## सैफुल्लागंज में जलभराव से लोग परेशान, प्रशासन बेखबर

बदायूँ। सहसवान नगर पालिका परिषद सहसवान के मोहल्ला सैफुल्लागंज में जलभराव की समस्या गंभीर हो गई है। नालियों का गंदा पानी सड़कों पर भरा है, जिससे लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया है। स्थानीय नागरिकों और वकीलों द्वारा कई बार शिकायत के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। होली और रमजान के बीच बढ़ती गंदगी से बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है।निवासियों ने चेतावनी दी है कि जल्द समाधान न होने पर वे धरना-प्रदर्शन करेंगे। वहीं यह स्थिति स्वच्छ भारत मिशन के दावों पर भी सवाल खड़े कर रही है।

## आम के पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

मीरजापुर। राजगढ़ थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव में गुरुवार सुबह घर के पास आम के पेड़ से लटकता युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। धनसिरिया ग्राम पंचायत के भगवानपुर पुरवा निवासी 32 वर्षीय इंद्रजीत शर्मा नदिहार बाजार में सैलून की दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। परिजनों के अनुसार बुधवार रात भोजन के बाद सभी लोग अपने-अपने कमरों में सोने चले गए। इसी दौरान इंद्रजीत घर से साड़ी लेकर बाहर निकला और पास के आम के पेड़ में फंदा बनाकर फांसी लगा ली। सुबह उसकी दादी चिंता देवी बाहर निकलीं तो इंद्रजीत को फंदे पर झूलता देख शोर मचाया। ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की मां आशा देवी ने बताया कि इंद्रजीत की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। उसकी पत्नी प्रीति मायके गई हुई थी। परिवार में मां, वृद्ध दादी, छोटे भाई की पत्नी रहती हैं, जबकि पिता व दो भाई बाहर काम करते हैं। मृतक के दो पुत्रियां (8 व 6 वर्ष) और एक 4 वर्षीय पुत्र हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश पांडे ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आल इंडिया कंपनी सेक्रेटरी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए श्रेयम तिवारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कादीपुर/सुल्तानपुर। नगरपंचायत कादीपुर के निवासी व संत तुलसीदास पीजी कॉलेज में बीएड विभाग के कार्यालय अधीक्षक डॉ सुरेन्द्र प्रताप तिवारी के छोटे पुत्र श्रेयम तिवारी ने आल इंडिया कम्पनी सेकेट्री परीक्षा में अण्डर 06 रैंक से सी.यस. प्रोफ़ेशनल परीक्षा उत्तीर्ण किया है। राष्ट्रीय स्तर की इस परीक्षा का परिणाम 25 फरवरी 2026 को घोषित हुआ। बताते चलें कि आल इंडिया कंपनी सेक्रेटरी परीक्षा (सी.यस.इक्जाम) भारत में आई.सी.यस.आई. द्वारा आयोजित की जाती है। यह एक प्रतिष्ठित प्रोफ़ेशनल कोर्स है, जो कंपनी लॉ, कॉर्पोरेट गवर्नेंस, कॉम्प्लायंस, फाइनेंस आदि में विशेषज्ञता प्रदान करता है। जिसे अक्सर ‍ख्सी.यस.‍ख् कहा जाता है। दिसम्बर-2025 सेशन के सी.यस. प्रोफ़ेशनल और सी.यस. इक्सक्यूटिव परीक्षा का रिजल्ट 25 फरवरी 2026) घोषित किया गया। श्रेयम तिवारी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने गुरू जनों व माता पिता एवं परिवार के सदस्यो के सहयोग व आशीर्वाद का प्रतिफल बताया है। श्रेयम की उत्कृष्ट सफलता पर महाविद्यालय प्रबन्ध समिति अध्यक्ष डॉ ओमप्रकाश पाण्डेय बजरंगी, प्रबन्धक सौरभ त्रिपाठी, पूर्व प्राचार्य प्रो इन्दुशेखर उपाध्याय, मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ जितेन्द्र कुमार उपाध्याय, सत्या माइक्रो के सीइओ विवेक तिवारी, डॉ महेंद्र प्रताप तिवारी, नगरपंचायत अध्यक्ष कादीपुर आनन्द जायसवाल, योगेन्द्र तिवारी व मित्रों तथा शुभचिंतकों आदि के द्वारा हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामना आशीष प्रदान किया गया।

# बम मारने के तीन आरोपी गिरफ्तार




कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुड़वार/सुल्तानपुर। मंगलवार को दिन दहाड़े से बम से हमला करने के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।मामला बंधुआ कला थाना क्षेत्र के बबुरी गांव से जुड़ा है। गांव निवासी आरती सिंह पत्नी कर्मजीत सिंह ने गुरुवार को बंधुआ कला पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि दोपहर में उसके दरवाजे पर रामायण कार्यक्रम के दौरान चार मोटर साइकिल से दो दो लोग आए और उसके परिवारी जनों पर गाली गलौज करते हुए बम से हमला कर दिया था।बम लगने से दरवाजे पर खड़ी बोलेरो क्षतिग्रस्त हो गई।घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस के साथ सीओ सिटी ने निरीक्षण किया था। शुक्रवार को पुलिस ने प्रभाकर मिश्रा उर्फ अमन पुत्र अनिल मिश्रा निवासी हरदी दाउद्पुर, आशीष पांडेय पुत्र भरत निवासी पांडेय का पुरवा मझना व प्रिंशु मिश्रा को मझना ओवरब्रिज के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस ने तलाशी के दौरान 02 तमंचा 32 बोर व कारतूस तथा एक तमंचा 15 बोर बरामद किया है। सीओ सिटी सौरभ सामंत ने बताया कि मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर है जिसके खिलाफ गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## बालामऊ विधान सभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी सुरेन्द्र कुमार ने अग्नि कांड परिवार का आर्थिक सहयोग किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरदोई। बालामऊ विधान सभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी और कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति विभाग उत्तर प्रदेश के प्रदेश महासचिव सुरेन्द्र कुमार ने बालामऊ विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत गांव हथौड़ा का मजरा पहवा गांव में राममूर्ति वर्मा के घर आकस्मिक आग लगाने पर उस परिवार विभिन्न प्रकार से आर्थिक हानि हुई पाहवा गांव में राजकुमार के तीन पुत्र राममूर्ति , रामजीवन रामनिवास पूरी तरह से खाक हो गए ।परिवार को आर्थिक सहयोग बालामऊ विधान सभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी सुरेन्द्र कुमार ने राशन वितरण कर आर्थिक सहयोग भी दिया और राममूर्ति वर्मा के भाई अस्पताल में भर्ती का पूरा खर्च उठाने का जिम्मेदारी भी ली । सुरेन्द्र कुमार ने उच्च अधिकारियों से बात चित कर के परिवार को सरकारी आवास, सहित विभिन्न योजनाओं को लाभ दिलाने के संदर्भ मे बात चित कर अनुरोध किया । पूरे परिवार के बच्चों की शिक्षा को लेकर पूरे परिवार को पूरा करने का पूर्ण करने का आश्वासन दिया मौजूदगी और सुरेन्द्र कुमार की सक्रियता से पीड़ित परिवारों को यह विश्वास मिला कि वे अकेले नहीं हैं। आग से राख के ढेर पर खड़े इन परिवारों की आंखों में अब फिर से उम्मीद की चमक लौटती नजर आ रही है। मौके पर जितेंद्र कुमार सिंह, संतोष कुमार दिवाकर , कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव मोमीन सिद्दीकी, शेषराम वर्मा, डी के गौतम, बृजेंद्र सिंह, नरेन्द्र कुमार, अमित पाल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे हैं।

# संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारियों ने प्रमुख मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ, उत्तर प्रदेश ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। संघ का कहना है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत कर्मचारी वर्षों से संविदा पर सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उन्हें स्थायित्व, वेतनमान और सामाजिक सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं अब तक नहीं मिल पाई हैं।ज्ञापन में कर्मचारियों ने मांग की है कि पोर्टल के माध्यम से वेतन भुगतान में आ रही तकनीकी समस्याओं को दूर किया जाए और हर माह समय से वेतन जारी किया जाए। इसके साथ ही स्वास्थ्य बजट में पर्याप्त वृद्धि कर प्रदेश के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने पर जोर दिया गया है। संघ ने आईपीएचएस मानकों के अनुरूप नए पद सृजित करने और वर्षों से कार्यरत कर्मियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया शुरू करने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि कई कर्मचारी 10 वर्ष या उससे अधिक समय से सेवा दे रहे हैं, ऐसे में उनके भविष्य को सुरक्षित करने के लिए ठोस नीति बनाई जानी चाहिए। कर्मचारियों ने वेतन विसंगतियों को दूर कर स्पष्ट और पारदर्शी वेतन नीति लागू करने, वार्षिक वेतन वृद्धि सुनिश्चित करने तथा अनुभव आधारित लाभ देने की भी मांग की है। इसके अलावा सभी कर्मियों को स्वास्थ्य बीमा, ईपीएफ, ग्रेच्युटी सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करने पर जोर दिया गया है। संघ ने समान कार्य के लिए समान वेतन, आउटसोर्सिंग व्यवस्था की समाप्ति और राज्य स्वास्थ्य समिति अथवा आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत कर्मियों के समायोजन की भी मांग रखी है। उनका कहना है कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर पर सफल बनाने में एनएचएम कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए उनके हितों की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आगे आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

# रसूखदारों की रफ्तार के आगे सिस्टम पंचर

## गोंडा से विभिन्न स्थानों के लिए चलती दर्जनों अधिक डबल डेकर व लग्जरी बसें

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले से लुधियाना,दिल्ली, हरिद्वार, पश्चिम यूपी सहित पूर्वांचल से लिए चलने वाली डबल डेकर और अन्य लग्जरी बसों की तकनीकी जां च कभी-कभार ही होती है,वह भी कुछ ही बसों की जांच के बाद अभियान बंद कर दिया जाता है।यहां से चलने वाली अधिकतर बसों के संचा लन के पीछे रसूखदारों का हाथ है,जो कि जांच अभियान शुरू होते ही सक्रिय हो जाते हैं।गोंडा से मौजूदा समय में दर्जनों डबल डेकर और लग भग दर्जनों लग्जरी बसें संचालित की जा रही हैं इनके संचालन के लिए कोई वैधानिक स्टैंड न हीं हैं।सबसे ज्यादा बसों का संचालन ग्रामीण क्षेत्रो से कर्नलगंज हुजूरपुर तिराहा के पास से किया जाता है।यहां शाम होते ही अवैध रूप से बने स्टैंड पर बसें सड़क पर खड़ी होना शुरू हो जाती हैं,इन बसों में सीटों की बुकिंग अधिकतर ऑनलाइन होती है। ऐसे में इन बसों के जरिए राजस्व चोरी की भी आशंका बनी रहती है। हा लांकि इन




### नहीं है कोई वैधानिक स्टैंड कभी-कभार ही होती है इन बसों की तकनीकि जांच

डग्गामार बसों को लेकर बार-बार शि कायतें की जाती हैं। परिवहन आयुक्त की ओर से इनकेखिलाफ अभियान चलाने के निर्देश भी दिए जाते हैं। लेकिन, जब अभियान चलता है तो रसूखदारों की सक्रियता से अधिकारी पीछे हट जाते हैं। शहर से लेकर कस्बो तक इन बसों के कई अड्डे हैं। जहां पर शाम होते ही यह बसें सवारियों के लि ए खड़ी हो जाती हैं।इन स्थानों में प्रमुख है गोंडा उतरौला रोड, गोंडा लखनऊ रोड कर्नलगंज हुजूरपुर तिराहा,परसपुर, रगड़ गंज,गोंडा बहराइच रोड आर्य नगर सहित आदि स्थान शामिल है।इन डग्गामार बसों तक सवारी पहुंचाने के लिए जगह-जगह परचून की दुकान की तरह उनके आदमी सेट रहते हैं। यह सवारि यों को लग्जरी बस और कम किराया का लाल च देकर बस तक पहुंचाते हैं।इसके एवज में ब स वालों से इन्हें कमीशन मिलता है।

### क्या बोले जिम्मेदार

डग्गामार बसों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाता है।कुछ दिन पहले भी अभियान चला कर कई बसों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।ऐसी बसों की जांच के लिए शीघ्र ही अभिया न चलाया जाएगा।नियमों का उल्लंघन करने वा ली बसों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। **आरटीओ परिवर्तन गोंडा**

### पद तो दिया पर जांच के अधिकार नहीं

जिले में सड़क हादसों पर अंकुश के लिए सवा री वाहन सहित अन्य कॉमर्शियल वाहनों की त कनीकी जांच करने को आरटीओ कार्यालयों में तैनात आरआई (रीजनल इंस्पेक्टर तकनीकि) को एमवीआई (मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर) बना तो दिया गया,लेकिन सूत्र बता रहे है कि उनसे जांच नहीं कराई जा रही है। नतीजतन मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन करते हुए बसें धड़ ल्ले से चल रही हैं, जिसके कारण हादसे भी हो रहे हैं।योगी सरकार ने दो साल पहले आरआई के पदनाम बदलते हुए उन्हें एमवीआई बना दि या।सड़क पर जांच के लिए उन्हें प्रवर्तन का प्र शिक्षण दिया जाना था, जो कि अब तक नहीं दिया गया। पदनाम बदलने के बावजूद उनसे सडक पर वाहनों की औचक तकनीकी जांच का काम नहीं लिया जा रहा है।यह अधिकारी पूर्व की तरह कार्यालय में बैठ कर वाहनों की फिटनेस जांच रहे हैं और परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य ऑफिशियल कार्य कर रहे हैं।

# सीएचसी अधीक्षकों को जिलाधिकारी का सख्त निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य स मिति की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई।बै ठक में जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा राष्ट्रीय स्वा स्थ्य मिशन के अंतर्गत चलाए जा रहे कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी।बैठक में प्रस्तावित एजेंडा के आधार पर यू.पी.एच.एम.आई.एस.हेल्थ डै शबोर्ड,मातृ स्वास्थ्य,बाल स्वास्थ्य,परिवार क ल्याण,कम्युनिटी प्रोसेस, राष्ट्रीय कार्यक्रम नान कम्युनिकेबल डि जी ज,एन.सी.डी.एन.बी.सी.पी आर.एन.टी.सी.पी,पी.एम.एम.वी.वाई नियमित टीकाकरण, वैक्सीनेशन, जननी सुरक्षा व मातृ वंदना योजना के तहत भुगतान की स्थिति, आ शा इन्सेन्टिव, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी,ओपीडी व आ ईपीडी की स्थिति,प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों त था सीएचसी पर बेडों की ऑक्यूपेंसी की स्थि ति सहित अन्य योजनाओं की जिलाधिकारी द्वारा गहन समीक्षा की गई। वहीं जिला स्वास्थ समिति की समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की समीक्षा की गई।बैठक में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जनवरी, 2026 का भ्रमण की समीक्षा की गई।एनआरसी में भर्ती बच्चों, आरसीएच पोर्टल फीडिंग के स्टेटस,एनपीसीडीसीएस, रा ष्ट्रीय कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम,राष्ट्रीय अंधता एवं दृष्टिक्षीणता नियंत्रण कार्यक्रम आदि सभी की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समय से कार्य कराना सुनिश्चित करें। जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद के सभी सीएचसी अधीक्षकों से स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की योजनावार समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी सीए चसी अधीक्षक को निर्देश दिए हैं कि सभी योज नाओं के कार्य समय से पूर्ण कराया जाय तथा समय-समय पर अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से योजनावार समीक्षा की जाय। ताकि योजनाओं का क्रियान्वयन समय से किया जा सके।बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा नुसार जनसामान्य को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए सभी अधीक्षक अपने अपने सीएचसी एवं पीएचसी पर ही निवास करें तथा संस्थागत प्रसव एवं विभिन्न प्रकार के टीकों को समय से लगवाना सुनिश्चित करें। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई।आयुष्मान कार्ड के माध्यम से मरीजों को भर्ती करायें, साथ ही इस पर विशेष ध्यान दिया जाय।ई-कवच को पोर्टल को अपडे ट करें।प्रसव केंद्र पर प्रसव की संख्या बढ़ाएं। जनपद के सभी सब सेंटरों पर एएनएम की उपस्थिति सुनिश्चित की जाये। ताकि सेंटर पर आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा ओं का लाभ दिया जा सके।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी सीएच सी अधीक्षक अपने-अपने क्षेत्रों में स्वयं जाकर टीकाकरण का स्थान चिन्हित करें और अधिक से अधिक बच्चों एवं महिलाओं का टीकाकरण करायें।जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि क्षेत्र में जिन एएनएम व आशाओं द्वारा निय मित चेकअप का कार्य नहीं किया जा रहा है उनके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही करें। बैठक में आरबीएसके का कार्य सही न होने के कारण नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य में सुधार लाने के निर्देश।बैठक में एक्सरे मशीन की जा नकारी की गई, जिसमें अवगत कराया गया कि कुछ जगहों पर मशीन ही नहीं है, कुछ जगहों पर मशीन है पर एक्सरे टेक्नीशियन नहीं है। जिसके दृष्टिगत जिलाधिकारी ने सीएमओ को कड़े निर्देश दिये हैं कि सभी स्थानों पर मशीन उपलब्ध कराकर सही से संचालित कराया जा य।आयुष्मान भारत कार्ड की समीक्षा में कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिये हैं कि जि तने आईडी है सभी आईडी को संचालित करा कर कार्ड बनाये जाय।साथ ही सभी आईडी की प्रतिदिन रिपोर्ट लीजिए।बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये हैं कि जनपद के सभी सीएचओ का प्रतिदिन से न्टर पर समय से उपस्थित रहने की लाइव लो केशन के आधार पर जानकारी ली जाय।

# ईवीएम वेयर हाउस का डीएम ने किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच 26 फरवरी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जिला निर्वाचन कार्यालय परिसर में स्थित इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण कर ईवीएम की सुरक्षा इत्यादि का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सी.सी.टी.वी. कैमरे क्रियाशील पाये गये तथा वेयर हाउस भवन मानक के अनुसार फायर एक्सटिंग्यूशर स्थापित पाये गये। इस अवसर पर सहायक अभियन्ता जल निगम आलोक व अवर अभि. संदीप कुमार जायसवाल तथा निर्वाचन कार्यालय से योगेश गंगवार मौजूद रहे।

# रूस में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, कंपनी संचालक फरार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में रूस में नौकरी दिलाने के नाम प र सैकड़ों लोगों से ठगी का एक गंभीर मामला सामने आया है। मल्टी इंटरनेशनल इमीग्रेशन काउंसलिंग कंपनी के संचालक विवेक कुमार पर आरोप है कि वह अपना कार्यालय बंद कर फरार हो गए हैं।ठगी के शिकार हुए सैकड़ों लो गों ने विवेक कुमार और अन्य आरोपियों के खिलाफ गोंडा की नगर कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।पीड़ितों ने आरोप लगाया है कि उन्हें रूस में अलग-अलग तरह की नौकरी दिलाने का झांसा दिया गया था। इसके लिए किसी से एक लाख, किसी से डेढ़ लाख तो किसी से पचास हजार रुपये लेकर एग्रीमेंट किए गए थे।हालांकि, इन लोगों को रूस नहीं भेजा गया और अब कंपनी के मा लिक अपने मोबाइल नंबर भी बंद कर चुके हैं।

सामने आए एग्रीमेंट में कंपनी ने यह भी लिखा था कि यदि बताई गई सैलरी




नहीं मिलती है, कोई दिक्कत होती है, या 22 महीने का वीजा पंद्रह दिन के भीतर रिन्यू नहीं होता है, तो डेढ़ लाख रुपये वापस किए जाएंगे।यह शर्तें भी अ ब बेमानी साबित हो रही हैं।गोंडा जिले के बरुई गोंदहा निवासी दिलीप कुमार सिंह का एक ए ग्रीमेंट सामने आया है। इसमें मल्टी इंटरनेशनल इमीग्रेशन काउंसलिंग कंपनी के प्रोपराइटर वि वेक कुमार और दिलीप कुमार सिंह के बीच रू स में प्लंबर की नौकरी दिलाने को लेकर सम झौता हुआ था,जिसके लिए दिलीप से डेढ़ ला ख रुपये लिए गए थे।इसके अलावा,विवेक कु मार और उनके साथियों के लोगों से रूस में नौ करी दिलाने को लेकर बातचीत करते हुए एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है ।

स्टांप पर जो एग्रीमेंट हुआ था उसी पर हम लो गों ने विश्वास किया इन लोगों ने कहा था कि अ गर कोई दिक्कत होगी तो हम पूरा पैसा वापस करेंगे।वही बहराइच के रहने वाले हैं गौरव राम धनी मिश्रा ने बताया कि हमें गोंडा में उतरौला रोड पर मल्टी इमीग्रेशन काउंसलिंग सेंटर में बु लाया गया था।हमारा यहां पर इंटरव्यू लिया ग या हमें यहां पर ऑफर दिया की हम आपको र सिया में मैक्सो सिटी के अंदर भेजेंगे मुझे 95 हजार भारतीय सैलरी देने का ऑफर दिया गया था। हम लोगों को दिल्ली बुलाया गया वहां पर पांच बजे हम लोगों को वीजा और टिकट देने को कहा गया था,लेकिन जब हम लोगो ने फोन किया तो फोन उठाना ही लोगों ने बंद कर दिया

एयरपोर्ट पर हम लोग गए वहां पर हम लोगों को कोई एंट्री नहीं मिली,फिर इसके बाद हम लोग वापस आए तो उन लोगों का मोबाइल नं बर बंद आने लगा। वही गोंडा नगर कोतवाल बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि इन सभी लोगों ने यहां पर आकर किस शिकायती पत्र दिया है सभी लोगों की शिकायती पत्र पर पुलि स द्वारा गंभीरता से जांच शुरू कर दी गई है इ न्हीं शिकायत पत्रों के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# गोंडा आदर्श रेलवे स्टेशन बना जंग का मैदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर टिकट खिड़की के पास चार यात्रियों के बीच आपसी कहासुनी और गाली गलौज के बाद जमकर मारपीट हुई है। जहां आपस में लोग जमकर बेल्ट और हाथ से मारपीट करते रहे। मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद जी आरपी पुलिस अब वीडियो सामने आने के बाद गोंडा जीआरपी ने वीडियो का संज्ञान लेते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।यह घटना शनिवार



देर रात की बताई जा रही है ज ब टिकट खरीदने को लेकर की इन लोगों के बी च विवाद हुआ था।विवाद की शुरुआत आपसी कहासुनी और गाली-गलौज से हुई, जो बाद में मारपीट में बदल गई। मारपीट करने वालों में धीरज कुमार (बिहार के मोउद्दीपुर निवासी), संजीत कुमार (गोंडा के मलारी गांव निवासी), धरजन और अंकित मौर्या शामिल थे।प्लटफॉर्म नंबर एक पर मौजूद वेंडरों ने तत्काल हस्तक्षेप कर झगड़ा शांत कराया और घटना की सूचना जीआरपी थाने को दी।वायरल वीडियो के आ धार पर गोंडा जीआरपी पुलिस ने चारों आरोपि यों की पहचान की।गोंडा जीआरपी थाने के व रिष्ठ उप निरीक्षक विवेक नंद यादव ने बताया कि सभी चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लि या गया है।उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहि ता की धाराओं के तहत कड़ी कार्रवाई की गई है।

# वजीरगंज में वीडियो, एपीओ,व प्रधानो क़े लिए दुधारू पशु बनी मनरेगा योजना



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले के वजीरगंज ब्लॉक में जिम्मेदारों की मिलीभगत से मनरेगा योजना में फर्जी म स्टर रोल का खेल लगातार जारी है।यहां सरका री धन की बंदरबांट का आलम यह है कि एक ही फोटो अलग-अलग दिन और भिन्न-भिन्न का र्यों पर अपलोड की जा रही है। इतना बड़ा खेल होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी आंखें बंद किए हुए हैं।वहीं दूसरी तरफ बीडीओ,प्रधान,व एपीओ और तकनीकी सहायक समेत अन्य जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी मनरेगा यो जना को चूना लगाने में लगे हुए हैं।केन्द्र व प्रदे श सरकार ने मनरेगा योजना में पारदर्शिता के लिए तमाम कायदा-कानून बना रखा है, जिससे श्रमिकों को गांवों में ही काम मिल सके, परन्तु जिले के वजीरगंज विकास खंड की भोपतपुर, बिरहमतपुर, ढोढ़ियापारा, अंचलपुर, कादीपुर,

हजरतपुर,रसूलपुर सहित तमाम ग्राम पंचायतों में मनरेगा मजदूरों की फर्जी लगाई जा रही हा जिरी है। इन ग्राम पंचायतों में शासन-प्रशासन की मंशा तार-तार हो रही है। यहां क़े जिम्मेदार अधिकारी मनरेगा योजना में तमाम हथकंडे अपना कर शासनादेश की धज्जियां उड़ाने से नहीं बाज आ रहे हैं।कई ग्राम पंचायतों में मनरे गा कार्यों में चल रहे मस्टर रोल में अधिक मज दूरों की जगह नाममात्र ही श्रमिक कार्य करते दिखाई दिए। इतना ही नहीं, हद तो यह है कि एक ही फोटो को बार-बार कई मस्टर रोल में अपलोड किया गया है।फर्जी मस्टर रोल के ज रिए न सिर्फ सरकारी धन को चूना लगाया जा रहा है, बल्कि सरकार की मंशा पर पानी फ़ेरने का भी काम किया जा रहा है। वहीं ग्रामीणों की मानें तो कराए जा रहे कार्यों पर कुछ मनरेगा मजदूर ही कार्य करते हैं, बाकी मजदूर कागजों में दिखाई देते हैं।ग्रामीणों के अनुसार,प्रधान द्वा रा अपने स्वार्थ के लिए सैकड़ों की संख्या में म नरेगा योजना की लिस्ट में अपने चहेतों का ना म पहले से ही डलवा दिया गया है और उन्हीं के नाम पर भुगतान भी होता रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जिले के सम्बन्धित उच्चा धिकारी मनरेगा योजना के कार्यों का औचक निरीक्षण करें तो जमीनी हकीकत खुद-ब-खुद सामने आ जाएगी।

### मनरेगा में मनमानी बर्दाश्त नहीं :सीडीओ

मनरेगा योजना में अनियमितता एवं लापरवाही को लेकर मुख्य विकास अधिकारी अंकित जैन सख्त हैं। वह लगातार इसकी निगरानी भी करा रही हैं।इतना ही नहीं,शिकायतें मिलने पर जांच कराकर कार्र वाई भी करती रहती हैं,इसके बाव जूद सिस्टम बेपटरी है। डीएम का स्पष्ट कहना है कि मनरेगा योजना में अनियमितता एवं लाप रवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाए गी,जांच करा कर दोषियों के खिलाफ सख्त का र्रवाई की जाएगी।

# एकीकृत बागवानी विकास मिशन अन्तर्गत आयोजित हुई राज्य स्तरीय कृषक गोष्ठी

## कृषकों की समृद्धि का आधार बनेगी विषमुक्त औद्यानिक खेतीरू विधायक राम निवास वर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एम.आई.डी.एच.) योजनान्तर्गत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर कृषि भवन परिसर, बहराइच में राज्य स्तरीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उप कृषि निदेशक विनय वर्मा, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी, जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव, भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. सौरभ वर्मा, एसडीओ कैसरगंज डॉ. शिशिर वर्मा, कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच के कृषि वैज्ञानिकों डॉ. शैलेन्द्र सिंह, डॉ. अरूण कुमार राजभर, व अन्य अधिकारियों, गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा प्रगतिशील कृषकों के साथ फीता काटकर कृषक गोष्ठी का उदघाटन किया तथा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया तथा अन्य अतिथियों च अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों द्वारा लगाये स्टालों का अवलोकन कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

मुख्य अतिथि विधायक श्री वर्मा ने जिले के कृषकों का आहवान किया कि उद्यान विभाग एवं कृषि विभाग के संयुक्त प्रयास




से एकीकृत जीवनाशी प्रबन्धन तकनीक का लाभ प्राप्त कर विष मुक्त सब्ज़ी एवं अन्य औद्योनिक फसलों का उत्पादन कर बेहतर से बेहतर मूल्य प्राप्त करें। श्री वर्मा ने कहा कि विष मुक्त खेती से उत्पादित सब्ज़ी, फल व अनाज पूरी तरह से मानव जीवन के लिए उपयोगी हैं। उप कृषि निदेशक च जिला उद्यान अधिकारी द्वारा भी कृषकों को एकीकृत जीवनाशी प्रबन्धन तकनीक के बारे में जानकारी देते हुए कम लागत पर गुणवत्तायुक्त एवं ज़हर मुक्त उत्पादन प्राप्त कर अपने जीवन स्तर में सुधार लायें।

कृषि वैज्ञानिक डॉ. शैलेन्द्र सिंह एवं डॉ. अरून कुमार राजभर वैज्ञानिक द्वारा फल, फूल, शाकभाजी एवं मसाला फसलों के उत्पादन, विपणन, संरक्षण एवं रोग व्याधि की रोकथाम के बारे में तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। योजना प्रभारी पंकज वर्मा द्वारा उद्यान विभाग अन्तर्गत संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत के बारे में जानकारी दी गई तथा निदेशालय द्वारा नामित बीज उत्पादक कम्पनियों से कृषि निवेश मेला में कृषकों को मिनी बीज किट का वितरण कराया गया।

सीडीओ श्री चन्द्र ने मौजूद कृषकों को एकीकृत बागवानी विकास योजनान्तर्गत औद्यानिक फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि औद्यानिक खेती के माध्यम से आकांक्षी जनपद के किसान आसानी के साथ अपनी आय को दोगुना कर सकते हैं। सीडीओ श्री चन्द्र ने किसानों का आहवान किया कि औद्यानिक खेती के साथ-साथ उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग में संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना से जुड़कर लघु उद्योग की स्थापना कर परिवार, गांव व जनपद को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम के अन्त में जनपद के उत्कृष्ट कृषकों एवं लघु उद्योग से जुड़े हुए 13 लोगों को प्रशस्ति पत्र एवं अंग वशाल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सदभावना संस्था के प्रमुख योगेन्द्र मणि त्रिपाठी, कृषि वैज्ञानिक, वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक ओम प्रकाश, विभिन्न जनपदों के कृषि एवं एलायड विभाग से सम्बन्धित अधिकारी, कड़ी संख्या में कृषकगण मौजूद रहे।

### 3 से 4 मार्च तक बन्द रहेंगी आबकारी की दुकाने

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। आबकारी अधिनियम 1910 की धारा–59 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिला मजिस्ट्रेट अक्षय त्रिपाठी द्वारा होली के त्यौहार के अवसर पर त्योहार की संवेदनशीलता के दृष्टिगत मादक पदार्थों के सेवन को रोकने हेतु 03 मार्च की रात्रि 10:00 बजे से 04 मार्च 2026 को सांय 05:00 बजे तक आबकारी दुकानों के मादक पदार्थों की बिक्री को पूर्णतया बन्द रखने का आदेश दिया गया है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार आबकारी की समस्त थोक एवं फुटकर अनुज्ञापनों (देशी शराब, कम्पोजिट शाप, भांग, सीएल–2, एफएल–2, एफएल–2बी, एफएल–16/17, एफएल–41, एफएल–49, एफएल–9/9ए) आदि को होलिकोत्सव पर्व पर 03 मार्च की रात्रि 10:00 बजे से 04 मार्च 2026 को सांय 05:00 बजे तक आबकारी दुकानों के मादक पदार्थों की बिक्री को पूर्णतया बन्द रखने का आदेश दिया गया है। बन्दी हेतु किसी भी अनुज्ञापी को कोई अतिरिक्त प्रतिफल अथवा प्रतिपूर्ति देय नहीं होगा। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा सभी सम्बन्धित अधिकारियों को आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये गये है।

### प्रभारी मंत्री का जनपद आगमन आज

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रदेश के मा. मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच श्री सूर्य प्रताप शाही का 27 फरवरी 2026 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मा. प्रभारी मंत्री श्री शाही 27 फरवरी 2026 को रात्रि 08:15 बजे लो.नि.वि. निरीक्षण भवन बहराइच पहुंचकर रात्रि विश्राम करेगें। श्री शाही 28 फरवरी को पूर्वान्ह 10:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में समन्वय समिति की बैठक में सम्मिलित होंगे अपनी सुविधानुसार अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में भी सम्मिलित होंगे। यह जानकारी देते हुए प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि मा. प्रभारी मंत्री अपरान्ह 03:00 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जायेंगे।

### रिश्तों को मजबूत करने में जुटी महिला थानाध्यक्ष

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । जनपद में कानून व्यवस्था मजबूत करने के साथ ही खाकी रिश्तों को भी मजबूत कर रही है।महिला थाना के प्रयास से छह विवाहित जोड़े पुनः साथ रहने को राजी हुये है।मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के तहत दिनांक को श्रीमती कंचन सिंह प्रभारी निरीक्षक महिला थाना मय टीम द्वारा पति–पत्नी के बीच चल रहे विवादों के संबंध में शिकायतों को सुना गया तथा समस्याओं को सुलझाते हुए पति–पत्नी को साथ रहने के लिए समझाया गया । जिसमें 06 विवाहित जोड़े राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गये तथा अमेठी पुलिस को धन्यवाद दिया। अमेठी पुलिस द्वारा उनको आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गईं ।

### नियुक्ति पत्र पाकर मृतक आश्रितों के खिले चेहरे

बिजनौर कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश के बिजनौर जनपद के जिलाधिकारी जसजीत कौर ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय परिसर में जिला पंचायत राज विभाग के नौ मृतक आश्रितों को नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरित किया। उन्होंने सभी कार्मिकों को निर्देश दिए कि वह अपने दायित्व का निर्वहन पूरी ईमानदारी, निष्ठा व लगन से करें। नियुक्ति प्रमाण पत्र पाए सभी मृतक आश्रितों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन तथा सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी रिजवान अहमद तथा अन्य विभाग के कर्मचारी अधिकारी मौजूद थे।

### औरैया : सेंगर नदी में डूबे दो बालक, तलाश जारी

औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सबलपुर के मजरा टीका का नगला में गुरुवार शाम लगभग चार बजे सेंगर नदी में नहाने गए दो मासूम बालक डूब गए। नदी में बालकों के डूबने की जानकारी पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और जिला व पुलिस प्रशासन गोताखोर की मदद से नदी में बच्चों की तलाश कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार टीका का नगला निवासी भुवनेश पाल के यहां उनके एक रिश्तेदार का पुत्र आया हुआ था। गुरुवार को भुवनेश का पुत्र हिमांशु अपने रिश्तेदार नितिन पुत्र राकेश निवासी औरैया नगर के साथ गांव के पास स्थित सेंगर नदी में नहाने गए थे।

# केंद्रीय मंत्री ने पूर्णागिरी दिल्ली जनशताब्दी एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।पीलीभीत-टनकपुर रेलखंड के मझोला रेलवे स्टेशन पर पूर्णागिरी-दिल्ली जन शताब्दी एक्सप्रेस का ठहराव बृहस्पतिवार से शुरू हो गया इससे मझोला क्षेत्र से दिल्ली का सफर आसान हो गया है केंद्रीय राज्यमंत्री एवं जिले के सांसद जितिन प्रसाद ने दोपहर करीब 12:10 बजे ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर आगे रवाना किया जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग के बाद केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद की पहल और रेलवे प्रशासन ने टनकपुर-दिल्ली-टनकपुर जनशताब्दी एक्सप्रेस के लिए दो मिनट का अतिरिक्त ठहराव स्वीकृत कर दिया है गुरुवार को जिले के सांसद एवं केंद्रीय वाणिज्य उद्योग, इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने मझोला पकड़िया स्टेशन पहुंचकर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने लंबे समय से इस ट्रेन के ठहराव की मांग उठाई थी।कपिल अग्रवाल और नगर पंचायत अध्यक्ष निशांत प्रताप सिंह ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और सांसद जितिन प्रसाद से इस संबंध में मांग रखी थी।जनभावना को देखते हुए रेलवे मंत्रालय ने इस प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉक्टर आस्था अग्रवाल,ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष गीता मिश्रा,जिला पंचायत सदस्य रेनू राज,भाजपा नेत्री रेखा सिंह,नगर पंचायत अध्यक्ष निशांत प्रताप सिंह, चमकौर सिंह, संजीव मिश्रा, योगेश बडगोती सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे रेलवे विभाग के अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे और नए ठहराव को औपचारिक रूप से लागू किया गया क्षेत्रवासियों ने इस निर्णय पर खुशी जताते हुए इसे मझोला पकड़िया के लिए बड़ी उपलब्धि बताया है अब यह स्टेशन भी जनशताब्दी जैसी प्रमुख ट्रेन के नक्शे पर दर्ज हो गया है, जिससे स्थानीय व्यापार और आवागमन को भी गति मिलने की उम्मीद है।

# कपिल अग्रवाल के जन सहयोग कार्यालय पहुंचे केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद का मझोला आगमन पर राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल ने जनसहयोग कार्यालय मझोला पर सैकड़ों वरिष्ठ गणमान्य लोगों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। पंजाबी ढोल और पटाखों की गूंज के मध्य केंद्रित मंत्री श्री प्रसाद का माल्यार्पण कर पूर्व चेयरमैन अजय गोयल, डालचंद्र वर्मा ने उनका स्वागत किया जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल और आर्यांश अग्रवाल ने जितिन प्रसाद को राधा कृष्ण का चित्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया। गुरुदेव लहरिया लक्खा सिंह, दारा सिंह सुलेंद्र सिंह, हरभजन सिंह ने उनको सरोपा डाल कर सम्मानित किया तो जिला पंचायत सदस्य प्रेम सागर और डांडिया के प्रधान ज्ञानी वर्मा ने शॉल ओढ़ाकर मंत्री को सम्मानीत किया। राजेंद्र सिंह सोलंकी ने वार्ड संख्या 6 में बिजली घर कर पास बसे गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना दिलवाने की मांग की, टांडा के लोगों ने रेलवे द्वारा रास्ता बंद




कर देने के चलते अंडर पास बनवाने की बात कही, मझोला में तहसील के कार्यों हेतु जनता की सुविधा के लिए एक दिन उपजिलाधिकारी को बैठने की माँग उठायी गई, मझोला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को उच्चीकृत कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने और नियमित चिकित्सक की नियुक्ति हेतु भी आग्रह किया गया इसके अतिरिक्त आगामी सत्र में शुरू हो रहे भरा पचपेड़ा औद्योगिक आस्थान की जरूरत को ध्यान में रखते हुए मझोला रेलवे स्टेशन का विस्तारीकरण और टनकपुर से हरमंदिर साहब, वैष्णों देवी, काशीविश्वनाथ तक ट्रेनों को शुरू करने की मांग उठाई गई। मझोला में दुरई एक्सप्रेस की समयसारिणी उपयुक्त होने के चलते उनके ठहराव की मांग की गई, दियौनीडाम पुल के पुनर्निमाण की और मझोला अमरिया मार्ग चौड़ीकरण की भी बात कही गई। केंद्रीय मंत्री ने सभी ज्ञापनों को लेते हुए उन पर गम्भीरता से कार्य करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वे और उनकी पूरी टीम क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं के निस्तारण हेतु पूर्णतया समर्पित हैं। इस अवसर पर कपिल अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन अजय गोयल, सूरज सागर, धीरज वर्मा, प्रेम सागर, गुरदेव सिंह लाहौरिया, सूर्य वर्मा, रवींद्र सिंह नहीं, प्रमोद कुमार, सार्थक पटेल, अमृता मंडल अध्यक्ष प्रमोद कश्यप, अखिलेश गुप्ता, जसवंत मौर्य, अमरजीत सिंह, प्रवीण बंसल, राकेश बंसल, नितेश अग्रवाल, विकास अग्रवाल, गुलशन स्वर्णकार, मनजिंदर सिंह, कारज सिंह, अवनीत सिंह, सतनाम ब्लॉगन, पंकज कुमार, विश्वनाथ, बरहा मझोला मंडल अध्यक्ष अनीता कश्यप समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# रोजगार मेला में नौ सौ बावन युवाओं को मिला रोजगार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी,जनपद के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमेठी में जिला सेवायोजन कार्यालय के सौजन्य से उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन योजना के अंतर्गत एक दिवसीय बृहद रोजगार मेले का भव्य आयोजन किया गया। यह रोजगार मेला जनपद के युवाओं के लिए सुनहरा अवसर साबित हुआ। मेले में देशभर की पचास से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग किया तथा लगभग पांच हजार से अधिक रिक्त पदों के लिए साक्षात्कार आयोजित किए गए। रोजगार मेले में एक हजार दो सौ दस से अधिक अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से नौ सौ बावन से अधिक युवाओं का विभिन्न कंपनियों में चयन किया गया।चयनित युवाओं के चेहरे पर प्रसन्नता और आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से दिखाई दिया जो जनपद के लिये गौरव का विषय है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजय सिंह एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक डॉ. अमिता सिंह ने चयनित अभ्यर्थियों को



नियुक्ति पत्र वितरित किये। अपने आशीर्वचन में मुख्य अतिथि डॉ. संजय सिंह ने अमेठी के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार एवं सेवायोजन विभाग का आभार व्यक्त किया तथा युवाओं को निरंतर परिश्रम और लगन से आगे बढ़ने का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ. अमीता सिंह ने सभी प्रतिभागी कंपनियों एवं आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए चयनित युवाओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अन्य अतिथियों का बुके, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओमप्रकाश त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, आयोजकों, कंपनियों के प्रतिनिधियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में आई.टी.आई. के प्रधानाचार्य अजय सिंह का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। जिला सेवायोजन कार्यालय के सुरेंद्र पांडेय एवं मृत्युंजय तिवारी का आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. रमेश सिंह द्वारा किया गया।यह बृहद रोजगार मेला अमेठी जनपद के युवाओं के लिये रोजगार सृजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक कदम सिद्ध हुआ जिससे क्षेत्र के विकास और आत्मनिर्भरता को नई दिशा मिली।

## राइस मिल खरीदने के नाम पर जिला पंचायत अध्यक्ष पति भाजपा नेता गुरुभाग सिंह ने व्यापारी से की धोखाधड़ी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। मेगलगंज हाईवे पर स्थित शिरडी राइस मिल खरीदने बेचने को लेकर एक बार मामला फिर गरमा गया जब शिरडी राइस मिल के स्वामी भीमसेन अग्रवाल अपनी राइस मिल मे कुछ जरूरी सामान निकालने गये हुऐ थे।तभी वहां जिला पंचायत अध्यक्ष पति गुरभाग सिंह की ओर से तैनात कर्मचारी ने भीमसेन को मिल मे प्रवेश करने से रोक दिया और दरवाजे पर अन्दर से ताला लगा लिया पूरनपुर की अशोक कालोनी के रहने वाले भीमसेन अग्रवाल ने करीब एक साल पहले अपनी राइस मिल ब्रिकी का सौदा जिला पंचायत अध्यक्ष पति गुरभाग सिंह से छह करोड में किया था आरोप है। कि भाजपा नेता गुरभाग सिंह ने एक महीने में रजिस्टी कराने का आश्वासन देकर एक साल का अनुबंध करा लिया निर्धारित समय बीतने के बाद भी न ही रुपए दिए और न ही रजिस्टी कराई इसके बावजूद राइस मिल पर कब्जा जमा लिया इस पर भीमसेन परिवार सहित राइसमिल के बाहर धरने पर बैठ गए इस दौरान भीमसेन अग्रवाल ने राइस मिल के बाहर लिखा हुआ नाम मिटवा दिया और गेट में बाहर से ताला लगा दिया उनके बेटे संजीव अग्रवाल ने बताया कि अधिकारियों के कार्यालय के चक्कर काटने के बाद भी उन्हें न्याय नहीं मिला उन्होंने परिवार सहित आत्मघाती कदम उठाने की चेतावनी दी है।

## शिक्षिका प्रेमी संग हुई फरार पिता की तहरीर पर दर्ज हुआ मुकदमा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । शिक्षिका के अचानक गायब होने से खलबली मच गई है परिजन ने मामले में शिक्षिका को फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है काफी तलाश के बावजूद कोई सुराग न लगने पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है थाना माधोटांडा क्षेत्र के गांव की रहने वाली युवती एक इंग्लिश मीडियम स्कूल में शिक्षिका है उसके पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 24 फरवरी को वह रोज की तरह स्कूल पढ़ाने गई थी, लेकिन निर्धारित समय के बाद भी घर वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद जानकारी मिली कि माधोटांडा निवासी अनंत तिवारी पुत्र शिवकुमार तिवारी उसे कथित रूप से फुसलाकर ले गया है परिजनों ने बेटी को सकुशल बरामद करने की गुहार लगाई है।

## तेंदुए ने गोवंश पशु का किया शिकार, ग्रामीणों में दहशत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । तहसील के हजारा थाना क्षेत्र की ग्राम राघवपुरी मे वुधवार रात गौवंश पशु का शव क्षत-विक्षत पड़ा मिला यह देख ग्रामीणों ने वन विभाग और स्थानीय पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंचे बन विभाग के कर्मचारियों ने जांच पड़ताल की और तेंदुए की मौजूदगी के संकेत मिलने की बात कही ग्रामीणों का कहना है कुछ दिनों से क्षेत्र में तेंदुए की चहलकदमी देखी जा रही थी, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं होने से यह घटना घटित हो गई वही ग्रामवासियों ने वन विभाग से पिंजरा लगाने की मांग की है तेंदुए की चहलकदमी को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

## सीएचसी में बड़ा हादसा टला, एक्सरे कक्ष की छत से गिरा लिंटर का प्लास्टर

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । नगर में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर में गुरुवार दोपहर करीब 3:30 बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक्सरे कक्ष में छत का लिंटर प्लास्टर भरभरा कर गिरने लगा। अचानक हुए इस घटनाक्रम से कक्ष में मौजूद कर्मचारी दहशत में आ गए। बताया गया कि हादसे के वक्त एक्सरे टेक्नीशियन चंद्र किशोर सिंह और डीआरए प्रफुल्ल सिंह कक्ष में कार्यरत थे। गनीमत रही कि दोनों समय रहते सुरक्षित स्थान पर हट गए, जिससे बड़ा हादसा टल गया। कर्मचारियों का कहना है कि छत से गिरता मलबा किसी को गंभीर रूप से घायल कर सकता था। इस घटना ने अस्पताल भवन की जर्जर हालत और रखरखाव पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## पुलिस,आबकारी विभाग,प्रवर्तन दल बरेली की पूरनपुर क्षेत्र में ड्रोन की सहायता से सर्चिंग अभियान, 04 गिरफ्तार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । होली पर्व से पूर्व अवैध शराब के अड्डों के पर छापेमारी के लिए थाना घुंघचाई पुलिस और आबकारी पीलीभीत व प्रवर्तन बरेली की संयुक्त टीम द्वारा थाना क्षेत्र के चौकीदारों से अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के संबंध में मुखबिरी करवाने के निर्देश दिए होली पर्व के दृष्टिगत आबकारी विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के क्रम में जिलाधिकारी पीलीभीत व पुलिस अधीक्षक,पीलीभीत के निर्देशन में एवं जिला आबकारी अधिकारी कल्पनाथ रजक के नेतृत्व मे जनपदीय आबकारी टीम,प्रवर्तन बरेली और थाना घुंघचाई पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा पूरनपुर क्षेत्र ग्राम उदराह, सिकरैना, मटेना,सिमरिया इत्यादि के संदिग्ध स्थलों पर दबिश की कार्यवाही की गई दबिश के दौरान अवैध शराब के लगभग 71 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर अन्नपूर्णा पत्नी देवेश,मंशाराम पुत्र प्रभुदयाल,राधेश्याम पुत्र रामचरण,राजेंद्र कुमार पुत्र नंदलाल निवासी ग्राम मटेना थाना घुंघचाई के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60 अंतर्गत 05 अभियोग पंजीकृत किए गए हैं मौके पर 200 किग्रा लहन नष्ट किया गया ड्रोन की सहायता से गोमती नदी किनारे,गन्ने के खेतों,संदिग्ध ग्रामों में खेतों में सर्च किया गया टीम में आबकारी निरीक्षक रोहित शर्मा, मनीष कुमार, प्रदीप कुमार,दिनेंद्र सिंह,नीरज पाठक और थाना प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश सिंह मय स्टाफ मौजूद रहे।

## डंपर की टक्कर से गंभीर रूप से घायल दंपति की दर्ज नहीं हुई एफआईआर

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । तहसील क्षेत्र बल्दीराय के अंतर्गत हलियापुर थाना क्षेत्र के कूरेभार मोड़ पर विगत 9 जनवरी की शाम सात बजे मिट्टी ढो रहे एक डंपर की टक्कर से पूरे कांशीराम गांव निवासी रमेश मिश्र और उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद डंपर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगो की मदद से घायलों को तत्काल उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल पिठला पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद रमेश मिश्र व उनकी पत्नी को रेफर कर दिया गया, डाक्टरो ने दंपति को भर्ती कर लिया रमेश ने बताया कि उसकी पीठ और कमर की हड्डी में फ्रैक्चर है, हाथ पैर में भी गंभीर चोट है जिससे वे चलने-फिरने में असमर्थ हैं। आर्थिक तंगी के चलते इस दंपति का इलाज सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा है। पीड़ित रमेश मिश्र ने बताया कि वे किराए के कमरे में रहकर जीवन-यापन करते हैं। अस्पताल से घर लौटने के बाद उन्होंने घटना की तहरीर हलियापुर थाने में दी, लेकिन अब तक मुकदमा पंजीकृत नहीं किया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि कुरेभार मोड़ पर स्थित दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच की जाए, तो टक्कर मारने वाले डंपर की पहचान संभव है। घायल रमेश मिश्र ने पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर से घटना की एफआईआर दर्ज करवाने की मांग की है। ग्रामीणों ने भी मामले की निष्पक्ष जांच कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है।

## बदायूँ में भाकियू भानु के जिलाध्यक्ष पर आईटी एक्ट में मुकदमा पंजीकृत

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता । बदायूं जनपद के मुजरिया थाने में भाकियू भानु के युवा जिलाध्यक्ष अतुल तोमर व एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुजरिया थाने की थानाध्यक्ष ज्योति सिंह ने आईटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कराई है, आरोप है कि एक धोखाधड़ी के आरोपी की सिफारिश को वह 19 फरवरी को मुजरिया थाने आऐ थे। बिना परमीशन के उन्होंने थाना निरीक्षण का वीडियो सार्वजनिक किया था जो पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगाता दिखाई देता है। जिसमें खामियां दिखाई गई थीं। यह मामला बदायूं जिले के मुजरिया थाने का है, जहां भाकियू युवा जिलाध्यक्ष ने थाना निरीक्षण के दौरान कुछ खामियों को उजागर किया था।

# मजदूरों का सब्र टूटा, 18 सूत्रीय ज्ञापन के साथ सड़कों पर उतरा भारतीय मजदूर संघ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। मजदूरों, कर्मचारियों और असंगठित क्षेत्र के कामगारों की समस्याओं को लेकर आज भारतीय मजदूर संघ ने जोरदार आवाज बुलंद की। जिलाधिकारी के माध्यम से शासन को संबोधित 18 सूत्रीय ज्ञापन सौंपते हुए संगठन ने साफ शब्दों में कहा कि यदि जल्द ठोस निर्णय नहीं लिए गए तो व्यापक आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी।संगठन ने आरोप लगाया कि महंगाई, बेरोजगारी और सरकारी उपेक्षा के चलते मजदूर वर्ग अत्यंत संकट में है। आशा, आंगनबाड़ी, संविदा और आउटसोर्सिंग कर्मियों से लेकर सफाई कर्मचारियों तक हर वर्ग असुरक्षा, वेतन विसंगति और शोषण का शिकार है।ज्ञापन में मांग की गई कि आशा और आशा संगिनी बहनों को सरकारी कर्मचारी घोषित कर प्रोत्साहन राशि के स्थान पर नियमित मानदेय दिया जाए। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों/सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि कर उन्हें भी सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने की मांग की गई। एनएचएम के तहत कार्यरत संविदा कर्मियों को



बीमा सुविधा देने के लिए केंद्र से बजट मिलने के बावजूद लाभ न मिलने पर भी सवाल उठाए गए। स्थानांतरण का भय दिखाकर शोषण, वेतन विसंगतियां और सेवा सुरक्षा का अभावकृइन मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। ज्ञापन में 108 व 102 एंबुलेंस सेवाओं से बर्खास्त कर्मियों की बहाली की मांग करते हुए कहा गया कि वार्ता के बाद भी उन्हें काम पर नहीं लिया गया, जिससे कई परिवार भुखमरी की कगार पर हैं। संगठन ने कहा कि आउटसोर्सिंग के नाम पर कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिलता और नौकरी से निकाले जाने का डर हमेशा बना रहता है। उनके लिए स्पष्ट नियमावली बनाई जाए और न्यूनतम वेतन 18,000 रुपये सुनिश्चित किया जाए। मिड-डे मील कर्मियों का मानदेय 10,000 रुपये करने, सफाई कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण और सम्मानजनक वेतन देने की भी मांग की गई। असंगठित क्षेत्र और पटरी व्यवसायियों की सुरक्षापटरी-रेहड़ी दुकानदारों को स्थायी स्थान देने, पुलिस उत्पीड़न रोकने, ई-रिक्शा व ऑटो चालकों को स्टैंड उपलब्ध कराने और उन्हें सामाजिक सुरक्षा से जोड़ने की मांग भी प्रमुख रही।ग्रामीण, दिहाड़ी मजदूर, धोबी, दर्जी, नाई, बढ़ई, लुहार, मोची, कुम्हार समेत असंगठित क्षेत्र के सभी कामगारों को मजदूर की श्रेणी में

### पुरानी पेंशन से लेकर आशा-आंगनबाड़ी तक गूंजा हक का सवाल

शामिल कर सामाजिक सुरक्षा कवच देने की मांग दोहराई गई। पुरानी पेंशन और 5 दिवसीय कार्य सप्ताह सरकारी कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर भी संगठन ने सरकार को घेरा। बैंकिंग उद्योग में 5 दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने और सहकारी बैंकों में वेतनमान विसंगतियां दूर करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही।जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन के दौरान दिनेश कुमार शुक्ला (विभाग प्रमुख), सतीश चन्द्र मिश्रा, शशांक मोहन शुक्ला (जिलामंत्री), नरेंद्र कुमार मिश्रा, प्रतीक श्रीवास्तव, प्रेम चंद श्रीवास्तव, डॉ. विनय पाल, किरन शुक्ला (जिलाध्यक्ष आशा), गुंजा सिंह, रंजना शर्मा सहित विभिन्न विभागों के दर्जनों कर्मचारी मौजूद रहे। नेताओं ने कहा यह केवल ज्ञापन नहीं मजदूर वर्ग की पीड़ा का दस्तावेज है। यदि शासन ने शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

## फाइलेरिया दवा वितरण का कार्य प्रभावित आशा संगठन की अध्यक्ष ने प्रधान के खिलाफ दी तहरीर

पूरनपुर।सरकारी स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत फाइलेरिया दवा का वितरण कर रही आशा अध्यक्ष के साथ अभद्रता और कार्य में बाधा डालने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने ग्राम प्रधान पर गाली-गलौज, धमकाने और महिलाओं को उकसाकर मारपीट कराने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। पूरनपुर मौहल्ला खानकाह निवासी इदरीसन ने गुरुवार शाम चार बजे बताया बीते करीब 20 वर्षों से आशा कार्यकत्री के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि 25 फरवरी को वह अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के साथ विभागीय निर्देशानुसार फाइलेरिया सहित अन्य बीमारियों से बचाव की दवाइयों का वितरण कर रही थीं। इसी दौरान ग्राम प्रधान मौके पर पहुंचे और सरकारी कार्य में अनावश्यक हस्तक्षेप करते हुए अभद्रता शुरू कर दी। आरोप है कि प्रधान ने सरेआम अपमानित किया और विरोध करने पर गालियां दीं।इदरीसन का कहना है कि ग्राम प्रधान ने आसपास मौजूद महिलाओं को उकसाया, जिससे कुछ महिलाएं मारपीट पर आमादा हो गईं।

## ससुराल पक्ष पर विवाहिता की हत्या का आरोप

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव चांट फिरोजपुर के रहने वाले इतवारी लाल ने पुलिस को दी तहरीर मे बताया कि उसने अपनी पुत्री रोशनी की शादी पांच साल पहले दीपक पुत्र धर्मपाल निवासी महद खास थाना दियोरिया कलां के साथ की थी वही इतवारीलाल का कहना उसने अपनी हैसियत के अनुसार देहज दान दिया था लेकिन ससुराल वाले दहेज दान से खुश नहीं थे वह रोशनी को अक्सर देहज को लेकर प्रताड़ित करने थे 25 फरवरी को रोशनी ने प्रसव के बाद बेटे को जन्म दिया उसके बाद रोशनी की मौत हो गई रोशनी के पिता का आरोप है कि रोशनी की ससुरालवालों ने हत्या की है वह रोशनी का शव चांटफिरोजपुर ले आए इतवारी लाल का आरोप है जब रोशनी के ससुराल वालों से की मौत के कारण की जानकारी लेनी चाही तो रोशनी के ससुराल वालों ने घर में घुसकर मारपीट की इतवारीलाल ने कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी वहीं ससुराल पक्ष की ओर से आए गांव महदखास के प्रधान पति धर्मपाल का आरोप है कि अस्पताल में विवाहिता की मौत के समय मायके पक्ष के लोग मौजूद थे मेरी मौजूदगी में दोनों पक्षों में समझौते की बात चल रही थी।

# शंकराचार्य के अपमान पर कांग्रेस सख्त, प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

### 15 दिन में कार्रवाई नहीं तो सुल्तानपुर से लखनऊ तक होगा आंदोलन : शकील अंसारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। स्वामी अभिमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ कथित दुर्व्यवहार और उत्पीड़न के मामले को लेकर जिला एवं शहर कंग्रेस कमेटी ने केंद्र और प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजकर कांग्रेस नेताओं ने पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि यह मामला केवल एक संत का नहीं, बल्कि सनातन परंपरा और करोड़ों श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था से जुड़ा हुआ है। माघ मास जैसे पावन अवसर पर शंकराचार्य जी को स्नान से वंचित किया जाना धार्मिक अधिकारों का खुला हनन बताया गया है। साथ ही पुलिस द्वारा कथित दुर्व्यवहार और झूठे मुकदमे दर्ज कर दबाव बनाने के आरोप भी लगाए गए हैं। कंग्रेस ने मांग की है कि गैर-भाजपा शासित राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों की स्वतंत्र समिति गठित कर निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा आरोपित पुलिस एवं



प्रशासनिक अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर कठोर कार्रवाई की जाए। शहर कंग्रेस अध्यक्ष शकील अंसारी ने दो टूक कहा कि संतों का अपमान बर्दाश्त नहीं होगा। 15 दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो सुल्तानपुर से लखनऊ तक निर्णायक आंदोलन होगा। वरिष्ठ नेता हरीश त्रिपाठी ने कहा कि धर्मगुरुओं के सम्मान से खिलवाड़ किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं होगा, सरकार तुरंत कार्रवाई करे। सलाहुद्दीन हाशमी ने कहा कि संत समाज का अपमान देश की आस्था पर चोट है, कंग्रेस चुप नहीं बैठेगी। जफर खान ने कहा कि अगर न्याय नहीं मिला तो यह आंदोलन जनआंदोलन बनेगा और जवाब सड़कों पर दिया जाएगा। राजेश तिवारी ने कहा कि माघ मास में धार्मिक अधिकारों का हनन लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है, जिम्मेदार अधिकारियों को हटाया जाए। रणजीत सिंह सलूजा ने कहा कि संतों के सम्मान की रक्षा के लिए कंग्रेस हर स्तर पर संघर्ष करेगी। हौशिला भीम ने कहा कि सत्ता के दबाव से आस्था को नहीं दबाया जा सकता, कार्रवाई नहीं हुई तो आर-पार की लड़ाई होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कंग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई नहीं की गई तो चरणबद्ध और व्यापक आंदोलन छेड़ा जाएगा। इस मौके पर अतहर नवाब,राम किशोर, असलम अंसारी, हाजी फिरोज, विकास मिश्रा, मो मंसूर, अजय मिश्रा, दिनेश तिवारी, मोहसिन सलीम, इकराम खान, अवधेश गौतम, विनय कुमार, महेश सिंह, आलोक पाण्डेय, जनेश्वर उपाध्याय, अखंड मिश्रा समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# मोदी की इजरायल यात्रा पर सवाल

पूरी दुनिया की निगाहें इस समय ईरान के हालात पर टिकी हैं, जहां अमेरिका ने अपने युद्धपोत तैनात किए हुए हैं और कई दिनों से लगातार धमकियां दे रहा है कि वो जंग की शुरुआत कर देगा। खुद भारत ने सोमवार 23 फरवरी को ईरान में अपने नागरिकों से कहा है कि वे फौरन ईरान छोड़ दें। यानी ईरान पर किसी भी समय अमेरिकी हमला हो सकता है। लेकिन 23 फरवरी को ही इजरायली कैबिनेट को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने घोषणा की कि भारत क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर सहयोग के लिए एक हेक्सागोनल गठबंधन में शामिल होगा। इसके बाद तय हो गया कि प्रधानमंत्री मोदी 25 फरवरी को दो दिन के इजरायल दौरे पर जा रहे हैं यानी जब पूरा मध्यपूर्व बड़े संकट से गुजर रहा है, उस समय इजरायल एक अलग वैश्विक गठजोड़ तैयार कर रहा है और भारत उसका हिस्सा बनने जा रहा है। इजरायल के राजदूत रेयुवेन अजार ने एक वीडियो पोस्ट में कहा कि दोनों देश रक्षा और सुरक्षा समझौतों को श्अपडेटश करेंगे। गौरतलब है कि हेक्सागोनल एलायंस (हेक्सागोन ऑफ एलायंसेज) इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा 22 फरवरी को कैबिनेट बैठक में घोषित एक प्रस्तावित रणनीतिक भू-राजनीतिक ढांचा है। इसका उद्देश्य मध्य पूर्व और उसके आसपास के क्षेत्र में आर्थिक, कूटनीतिक और सुरक्षा सहयोग को मजबूत करना है, खासकर श्रेडिकल शिया एक्सिसश (ईरान और उसके सहयोगी) और उभरते रेडिकल सुन्नी एक्सिस के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा होना। नेतन्याहू ने इसे श्हेक्सागोनश (छह भुजाओं वाला) कहा, जो एक नेटवर्क्ड गठबंधन का प्रतीक है। इस नेटवर्क को खड़ा करने में बड़ी चालाकी से शब्दों का खिलवाड़ किया गया है वर्ना रेडिकल यानी कट्टरपंथी शिया और सुन्नियों के खिलाफ छह भुजाओं वाला गठबंधन खड़ा करना, धर्म के आधार पर विरोध को बढ़ावा देना ही है। इजरायल संप्रभु देश है और उसकी जो मर्जी वह करे। लेकिन इस हेक्सागोन नेटवर्क में इजरायल केंद्रीय भूमिका निभाएगा, जबकि भारत को प्रमुख वैश्विक शक्ति के रूप में विशेष महत्व दिया गया है। अन्य सदस्यों में ग्रीस और साइप्रस (भूमध्यसागरीय भागीदार) शामिल हैं साथ ही कई और अरब, अफ्रीकी और एशियाई देशों को शामिल करने की भी योजना है, हालांकि उनके नाम अभी साफ नहीं किए गए हैं। यह अब्राहम समझौते पर आधारित है लेकिन गैर-अरब शक्तियों जैसे भारत को शामिल करके विस्तारित किया जा रहा है। बता दें कि 2020 में इजरायल ने अमेरिका की मध्यस्थता में संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, सूडान और मोरक्को जैसे अरब देशों के साथ संबंधों को सामान्य करने के लिए अब्राहम समझौता नाम से राजनयिक समझौता किया था। जिसके तहत इस समझौते का उद्देश्य मध्यपूर्व में शांति, स्थिरता और व्यापार को बढ़ावा देना है। अब इसी का विस्तार करते हुए इसमें भारत को भी शामिल किया जा रहा है। यानी अमेरिका के बाद अब इजरायल भी तय करने लगा है और बताने लगा है कि भारत क्या करने जा रहा है। इजरायल और अमेरिका पूरी दुनिया में किस तरह अपनी खुफिया एजेंसियों और हथियारों के बल पर कमजोर देशों की आंतरिक और बाहरी नीतियों को निर्धारित करते हैं, यह तो विश्व राजनीति की खुली किताब में दर्ज है। लेकिन भारत किस तरह अपने आप को इतना कमजोर कर रहा है, यह चिंता की बात है। प्रधानमंत्री मोदी की इजरायल यात्रा का मकसद और वक्त दोनों पर सवाल उठ रहे हैं। जिस इजरायल ने गजा में आम लोगों का कत्लेआम किया और उसके बाद ईरान के साथ जंग पर उतर आया, अभी अमेरिका भी ईरान पर हमले के लिए तैयार बैठा है, ऐसे वक्त में प्रधानमंत्री मोदी इजरायल जा रहे हैं। कई मुस्लिम देशों ने क्षेत्र में सैन्य तनाव से बचने की अपील की है।

# शिक्षा को हिंसक नहीं, संवेदनशील बनाना होगा

लखनऊ की घटना केवल परीक्षा दबाव की कहानी नहीं है, बल्कि परिवारों में बढ़ती संवेदनहीनता, संवादहीनता और मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा का दर्पण है। पुलिस जांच के अनुसार एक पैथोलॉजी लैब संचालक पिता अपने बेटे को डॉक्टर बनाना चाहते थे और उस पर नीट जैसी परीक्षा पास करने का लगातार दबाव बना रहे थे। घटना वाले दिन भी दोनों के बीच बहस हुई और 21 वर्षीय युवक ने पिता की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने अपराध छिपाने के लिए शव के टुकड़े किए, कुछ बाहर फेंके, कुछ घर में छिपाए, छोटी बहन को धमकाया और पुलिस को गुमराह करने के लिए पहले लापता होने और फिर आत्महत्या की कहानी गढ़ी। यह सब बताता है कि यह क्षणिक आवेश नहीं था, बल्कि भीतर लंबे समय से पल रही कुंठा, आक्रोश और मानसिक विघटन का परिणाम था। प्रश्न यह है कि एक बेटे के भीतर इतनी नफरत कैसे पनप सकती है? क्या 'कुछ बनने' का दबाव इतना भारी हो सकता है कि वह रिश्तों को भी तार-तार कर दे? हर माता-पिता चाहते हैं कि उनकी संतान सफल हो, प्रतिष्ठित करियर बनाए, समाज में सम्मान पाए। लेकिन जब यह चाहत संवाद और सहयोग की जगह नियंत्रण और दबाव का रूप ले लेती है, तब वह प्रेरणा नहीं, मानसिक उत्पीड़न बन जाती है। जब शिक्षा जीवन-निर्माण का माध्यम न होकर, विनाश का कारण बन जाती है। भारत में नीट और जी जैसी प्रतियोगी परीक्षाएं लाखों युवाओं के लिए उम्मीद का प्रतीक हैं। नीट में पिछले वर्ष 23 लाख से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया, जबकि ज्वाइंट एन्टरेंस एक्जामिनेशन (जेईई) के एक सत्र में 13 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने आवेदन किया। इन लाखों विद्यार्थियों में से केवल कुछ हजार ही शीर्ष संस्थानों तक पहुंच पाते हैं। शेष विद्यार्थियों के हिस्से अक्सर निराशा, आत्मग्लानि और सामाजिक तुलना का दंश आता है। जब सफलता का पैमाना केवल रैंक और अंक बन जाए, तो असफलता जीवन का अंत प्रतीत होने लगती है।

देश में इन दिनों बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं और सामान्य परीक्षाएं भी शुरू होने वाली हैं। हर साल की तरह इस बार भी परीक्षा का मौसम केवल प्रश्नपत्रों और परिणामों का नहीं, बल्कि मानसिक दबाव, चिंता और असुरक्षा का मौसम बनता जा रहा है। छात्रों के चेहरों पर भविष्य की चिंता साफ पढ़ी जा सकती है। यह चिंता केवल अच्छे अंक लाने की नहीं, बल्कि अपेक्षाओं के बोझ को ढोने की है। दुर्भाग्य यह है कि यह दबाव कई बार इतना असहनीय हो जाता है कि वह आत्मघाती या हिंसक रूप ले लेता है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े एक भयावह सच उजागर करते हैं। वर्ष 2013 से 2023 के बीच छात्रों की आत्महत्या की दर में लगभग 65 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यह केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि हजारों परिवारों के टूटने की कहानी है। इन आत्महत्याओं के पीछे पढ़ाई का दबाव, पारिवारिक अपेक्षाएं, सामाजिक तुलना और आर्थिक तनाव प्रमुख कारण बताए जाते हैं। लेकिन हाल में लखनऊ में जो घटना सामने आई, उसने इस संकट को एक और खतरनाक दिशा में मोड़ दिया है। लखनऊ की घटना केवल परीक्षा दबाव की कहानी नहीं है, बल्कि परिवारों में बढ़ती संवेदनहीनता, संवादहीनता और मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा का दर्पण है। पुलिस जांच के अनुसार एक पैथोलॉजी लैब संचालक पिता अपने बेटे को डॉक्टर बनाना चाहते थे और उस पर नीट जैसी परीक्षा पास करने का लगातार दबाव बना रहे थे। घटना वाले दिन भी दोनों के बीच बहस हुई और 21 वर्षीय युवक ने पिता की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने अपराध छिपाने के लिए शव के टुकड़े किए, कुछ बाहर फेंके, कुछ घर में छिपाए, छोटी बहन को धमकाया और पुलिस को गुमराह करने के लिए पहले लापता होने और फिर आत्महत्या की कहानी गढ़ी। यह सब बताता है कि यह क्षणिक आवेश नहीं था, बल्कि भीतर लंबे समय से पल रही कुंठा, आक्रोश और मानसिक विघटन का परिणाम था। प्रश्न यह है कि एक बेटे के भीतर इतनी नफरत कैसे पनप सकती है? क्या 'कुछ बनने' का दबाव इतना भारी हो सकता है कि वह रिश्तों को भी तार-तार कर दे? हर माता-पिता चाहते हैं कि उनकी संतान सफल हो, प्रतिष्ठित करियर बनाए, समाज में सम्मान पाए। लेकिन जब यह चाहत संवाद और सहयोग की जगह नियंत्रण और दबाव का रूप ले लेती है, तब वह प्रेरणा नहीं, मानसिक उत्पीड़न बन जाती है। जब शिक्षा जीवन-निर्माण का माध्यम न होकर, विनाश का कारण बन जाती है। भारत में नीट और जी जैसी प्रतियोगी परीक्षाएं लाखों युवाओं के लिए उम्मीद का प्रतीक हैं। नीट में पिछले वर्ष 23 लाख से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया, जबकि ज्वाइंट एन्टरेंस एक्जामिनेशन (जेईई) के एक सत्र में 13 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने आवेदन किया। इन लाखों विद्यार्थियों में से केवल कुछ हजार ही शीर्ष संस्थानों तक पहुंच पाते हैं। शेष विद्यार्थियों के हिस्से अक्सर निराशा, आत्मग्लानि और सामाजिक तुलना का दंश आता है। जब सफलता का पैमाना केवल रैंक और अंक बन जाए, तो असफलता जीवन का अंत प्रतीत होने लगती है। कोटा जैसे कोचिंग केंद्रों में हर वर्ष आत्महत्या की खबरें सामने आती हैं। कोटा देश की कोचिंग राजधानी कही जाती है, जहां हजारों छात्र सपने लेकर पहुंचते हैं। लेकिन उन्हीं सपनों का बोझ कई बार उनके जीवन से भारी पड़ जाता है। यह केवल व्यक्तिगत कमजोरी का मामला नहीं है, बल्कि एक ऐसी शिक्षा प्रणाली का परिणाम है जिसमें प्रतियोगिता सहयोग से अधिक महत्त्वपूर्ण हो गई है। लखनऊ की घटना में एक और तथ्य उल्लेखनीय है-आरोपी छात्र की मां का निधन हो चुका था। घर में चाचा-चाची मौजूद थे, लेकिन क्या उस युवक की मनःस्थिति को समझने का प्रयास किया गया? क्या उसके भीतर के तनाव, अकेलेपन और भय को किसी ने सुना? यदि परिवार में नियमित संवाद होता, यदि मानसिक स्वास्थ्य को उतनी ही गंभीरता से लिया जाता जितनी अंकों को, तो शायद यह भयावह वारदात टाली जा सकती थी। आज समस्या केवल आत्महत्या तक सीमित नहीं है। बच्चे हिंसक भी हो रहे हैं। यह हिंसा बाहरी नहीं, भीतर से उपज रही है-कुंठा, अपमानबोध, तुलना और असफलता के भय से। जब बच्चे को यह महसूस होने लगे कि वह केवल एक 'प्रोजेक्ट' है, एक 'इन्वेस्टमेंट' है, जिसे किसी निश्चित पेशे में ढालना है, तब उसकी स्वतंत्र पहचान कुचल जाती है। वह या तो भीतर ही भीतर टूट जाता है या विस्फोट कर देता है। शिक्षा का उद्देश्य जीवनदायिनी होना चाहिए-विवेक, संवेदना और आत्मविश्वास का विकास करना चाहिए। लेकिन जब शिक्षा केवल प्रतिस्पर्धा और रैंकिंग का माध्यम बन जाए, तो वह तनाव और हिंसा को जन्म देती है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि हर बच्चा डॉक्टर या इंजीनियर नहीं बन सकता, और न ही बनना चाहिए। विविध प्रतिभाओं को सम्मान देने वाली सामाजिक मानसिकता विकसित किए बिना यह संकट कम नहीं होगा। इस संदर्भ में तीन स्तरों पर गंभीर चिंतन की आवश्यकता है। पहला, परिवार। माता-पिता को यह समझना होगा कि अपेक्षा और दबाव में अंतर है। अपेक्षा प्रेरणा देती है, दबाव भय पैदा करता है। बच्चों के साथ खुला संवाद, उनकी रुचियों को समझना, असफलता को स्वीकार्य बनाना और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है। 'तुम्हें डॉक्टर बनना ही है' की जगह 'तुम जो बनना चाहो, हम साथ हैं' जैसी सोच विकसित करनी होगी। दूसरा, शिक्षा संस्थान। स्कूल और कोचिंग संस्थानों को केवल परिणाम देने वाली मशीन नहीं, बल्कि संवेदनशील संस्थान बनना होगा। नियमित काउंसलिंग, तनाव प्रबंधन कार्यशालाएं और परीक्षा को जीवन-मरण का प्रश्न न बनाने की संस्कृति विकसित करनी होगी। शिक्षकों को भी विद्यार्थियों की मानसिक दशा पहचानने का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। तीसरा, सरकार और समाज। मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और कलंकमुक्त बनाना होगा। परीक्षा प्रणाली में सुधार, वैकल्पिक करियर मार्गों को बढ़ावा, और कौशल आधारित शिक्षा पर जोर देना समय की मांग है। मीडिया को भी सनसनी की बजाय संवेदनशील रिपोर्टिंग करनी चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम इन घटनाओं को सामान्य न मानें। हर आत्महत्या और हर हिंसक घटना हमारे सामाजिक ताने-बाने में दरार का संकेत है। यदि हम इसे केवल 'व्यक्तिगत मामला' कहकर टाल देंगे, तो आने वाले समय में ऐसी घटनाएं और बढ़ेंगी। लखनऊ की घटना हमें झकझोरती है। यह बताती है कि शिक्षा का दबाव, पारिवारिक संवादहीनता और मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा मिलकर कितनी भयावह परिणति ला सकती है। अब समय है कि हम सामूहिक आत्ममंथन करें। शिक्षा को जीवन का उत्सव बनाएं, न कि भय का कारण। बच्चों को लक्ष्य दें, लेकिन उनके पंख न काटें। सपने दिखाएं, पर उन्हें सांस लेने की जगह भी दें। जब तक हम सफलता की परिभाषा को व्यापक नहीं करेंगे और बच्चों को अंक से अधिक मनुष्य मानना नहीं सीखेंगे, तब तक यह संकट बना रहेगा। परीक्षा का मौसम हर साल आएगा, लेकिन यदि हम संवेदनशील समाज बन सके, तो शायद अगली पीढ़ी के लिए यह मौसम भय का नहीं, आत्मविश्वास का प्रतीक बन सकेगा। – ललित गर्ग

# राष्ट्र हित सर्वोपरि

**डॉ. सुधाकर आशावाद**

सदियों से अस्पृश्यता और भेदभाव के क़िस्से प्रकाश में आते रहे हैं। सामाजिक संरचना में बरसों से पारिवारिक एवं सांस्कृतिक उत्सवों में सभी की भागीदारी सुनिश्चित थी। सभी के साझा प्रयास से ग्रामीण अर्थ व्यवस्था सुचारु रूप से चलती थी। कुछ क्षेत्रों में भेदभाव के क़िस्से प्रकाश में आते थे। वर्तमान में अस्पृश्यता, छुआ-छूत और भेदभाव व्यवहार में दिखाई नही देते, अलबत्ता अनेक संगठन सामाजिक समरसता स्थापित करने के प्रयास में जुटे रहते हैं। इस कड़ी में अपनी स्थापना के उपरांत सौ बरस के कार्यकाल में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का जनसेवा के प्रति जो स्वरूप खड़ा हुआ है। उसमें किसी भी स्तर पर जातीय भेदभाव लक्षित नही होता, फिर भी समाज में जातीय भेदभाव पर आधारित विमर्श प्रचलित है।

जातीय भेदभाव वास्तव में है या किसी राजनीतिक षड्यंत्र के तहत इसे बढ़ा चढ़ा कर प्रस्तुत किया जा रहा है, इसकी स्थिति स्पष्ट नही है। कुछ राजनीतिक दल तो संकीर्ण जातीयता के प्रतिनिधि बनकर समाज में जातीय गणना किए जाने की वकालत करते है, जिसके पीछे उनका तर्क यही है, कि जातीय गणना से विभिन्न जातियों की समाज में हिस्सेदारी स्पष्ट हो तथा सभी को जातीय आधार पर सुविधाएँ मिलें। बहरहाल विश्व के किसी भी देश में नागरिकों की गणना जातीय आधार पर की जाती हो, ऐसा प्रतीत नही होता। जहां तक भेदभाव का प्रश्न है, तो कहा जा सकता है, कि भेदभाव व्यक्तिगत आधार पर तो संभव है, जातीय आधार पर नही। सभी जातियों में सभी प्रकार के लोग हैं। तथाकथित दलित, पिछड़ा व सवर्ण समझी जाने वाली जातियों में भी आर्थिक आधार पर पिछड़ापन व अगड़ापन है। ऐसे में जाति के आधार पर आरक्षण को न्याय संगत ठहराना किसी भी स्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता।संघ प्रमुख मोहन भागवत ने जातीय भेदभाव समाप्त न होने तक आरक्षण जारी रखने की बात कही है। मेरा मत है कि समाज में सभी बुद्धिजीवियों व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है, लेकिन किसी भी विचारक के विचारों से सहमत होना अनिवार्य नही है। आर्थिक आधार पर विशेष सुविधाएँ या आरक्षण दिया जाना न्यायसंगत कहा जा सकता है, लेकिन जातीय आधार पर नही। सो सभी बुद्धिजीवियों का दायित्व है कि वे जातीय पूर्वाग्रह त्याग कर राष्ट्र हित में इस प्रकार का विमर्श जनमानस के सम्मुख प्रस्तुत करें, जिसमें जाति, धर्म और क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर राष्ट्र को सर्वोपरि माना जाता हो तथा व्यक्तिगत हित की अपेक्षा राष्ट्रहित को प्राथमिकता दिए जाने का संदेश निहित हो।

जातीय भेदभाव वास्तव में है या किसी राजनीतिक षड्यंत्र के तहत इसे बढ़ा चढ़ा कर प्रस्तुत किया जा रहा है, इसकी स्थिति स्पष्ट नही है। कुछ राजनीतिक दल तो संकीर्ण जातीयता के प्रतिनिधि बनकर समाज में जातीय गणना किए जाने की वकालत करते है, जिसके पीछे उनका तर्क यही है, कि जातीय गणना से विभिन्न जातियों की समाज में हिस्सेदारी स्पष्ट हो तथा सभी को जातीय आधार पर सुविधाएँ मिलें।

## सेहत मंत्र

# रोजाना 1 कप तुलसी की चाय कम करती है अर्थराइटिस का दर्द और शुगर लेवल

पवित्र तुलसी को 'जड़ी बूटियों की रानी' के रूप में भी जाना जाता है। तुलसी भारत में सबसे पवित्र जड़ी बूटी के तौर पर माना गया है। हिंदू संस?कृति में तुलसी की पूजा की जाती है। यह आयुर्वेद में अपने औषधीय उपयोगों के लिए जाना जाता है जो इसे कई बीमारियों के लिए एक प्रभावी उपाय बनाता है। पवित्र तुलसी में प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट की एक श्रृंखला होती है जो शरीर के ऊतकों को मुक?त कणों की क्षति से बचाने में मदद कर सकती है। तुलसी सभी रूपों में- सूखे, ताजे और पाउडर में कई उपचार गुण होते हैं। कुछ तुलसी पत्तियों पर चबाने से नियमित रूप से आपके लिए फायदेमंद हो सकता है, लेकिन क्या आपको पता है कि तुलसी की चाय हमारे शरीर के लिए किस प्रकार से फायदेमंद है। हम आपको यहां बता रहे हैं। तुलसी चाय ठंड और खांसी से ब्रोंकाइटिस और अस्थमा तक की कुछ श्वसन बीमारियों को रोकने में मदद करती है। यह प्रतिरक्षा में वृद्धि करने में मदद करती है। खांसी से राहत दिलाती है। और श्लेष्म बाहर निकालने में मदद कर श्वसन प्रणाली में राहत प्रदान करती है। इसमें कुछ तेल हैं जो कंजक?शन को दूर करने में मदद करते हैं। काफी कुछ अध्ययनों के मुताबिक, तुलसी चाय शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन के सामान्य स्तर को बनाए रखने में मदद करती है जिसे तनाव हार्मोन के नाम से जाना जाता है। यह कोर्टिसोल के स्तर को कम करता है, जिससे आप तनाव मुक्त हो जाते हैं। वास्तव में, यह अवसाद के विभिन्न लक्षणों को कम करने के लिए जाना जाता है, जिसमें चिंता शामिल हो सकती है। नियमित दूध के बजाए तुलसी चाय पीएं क्योंकि यह रक्त शर्करा के स्तर को कम करने में मदद करती है। तुलसी चाय का दैनिक सेवन कार्बो और वसा के चयापचय को सुविधाजनक बनाने में भी मदद कर सकता है। तुलसी चाय में एंटी-माइक्रोबियल गुणों की उपस्थिति मुंह में हानिकारक बैक्टीरिया और रोगाणुओं के खिलाफ मुकाबला करने में मदद करती है।

## धर्म मंत्र

# इन शनि मंदिरों में दर्शन कर आप पा सकते हैं मनवांछित फल

मध्य प्रदेश के मुरैना के शनि पर्वत पर स्थित त्रेतायुगीन शनि मंदिर पर देश के कोने-कोने से दर्शन करने आते हैं। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की शनिदेव के प्रति असीम आस्था है। श्रद्धालु शनिदेव से यहां सुख समृद्धि और शांति के लिए आराधना करने आते हैं। 15 मई को शनि जयंती पर यहां एक महोत्सव जैसा माहौल था। शनि जयंती के दिन शनि देव की पूजन करना एक संयोग भी माना जाता है। शनि देव सौर मंडल का सबसे महत्वपूर्ण गृह हैं। जो व्यक्ति के कर्म अनुसार अच्छे बुरे कर्म फल के निर्णायक हैं। शनि को मृत्युलोक का न्यायाधीश माना गया है। इसलिए भी शनिदेव की आराधना बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। पुराणों के अनुसार सूर्यदेव की दूसरी पत्नी छाया के गर्भ से जन्मे शनि के श्याम रंग को देखकर सूर्य ने अपनी पत्नी छाया पर आरोप लगाते हुए शनि को अपना पुत्र मानने से इंकार कर दिया। इस कारण शनिदेव अपने पिता सूर्य से शत्रुभाव रखने लगे। उन्होंने भगवान शिव की कठोर तपस्या कर अनेक शक्तियां प्राप्त कीं। सभी ग्रहों में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया, यमराज शनिदेव के भाई और यमुना बहन हैं। देश में विख्यात मुरैना का त्रेता युगीन शनि मंदिर से ही शनि शिंगणापुर महाराष्ट्र में 1817 के आसपास शिला से शनिदेव की स्थापना की गयी। इंदौरः माता अहिल्या की नगरी इंदौर में शनि देव का प्राचीन मंदिर है। शहर के बीचोंबीच जूनि इंदौर में यह स्थित यह मंदिर करीब 300 साल पुराना है। इस मंदिर के बारे में एक सच्ची कहानी है कि यहां के अंधे पुजारी को शनि देव ने प्रसन्न होकर आंखें दी थीं।

## पर्यटन



# ऐतिहासिक और एडवेंचर दोनों ही मामलों में खास है रायगढ़ किला

महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के महाड पहाड़ी पर बना है मशहूर रायगढ़ किला। जो समुद्र तल से 820 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है ये किला भी छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा बनवाए गए शानदार किलों में से एक है जिसका इस्तेमाल अब जेल के तौर पर किया जाता है। शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक भी यहीं हुआ था। किले तक पहुंचने के लिए 1737 सीढ़ियां हैं लेकिन अब यहां तक पहुंचने के लिए रोपवे का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। जिससे सिर्फ 20 मिनट में किले को टॉप पर पहुंचा जा सकता है। किले का पुराना नाम रायरी था। जिसे चंद्रराव मोरे ने बनवाया था। सन 1656 में शिवाजी ने इस किले पर कब्जा कर लिया था और उसे दोबारा बनवाया। जिसके बाद इसका नाम रायगढ़ रखा गया। इसके बाद 1698 में औरंगजेब और जुल्फिकार खान ने रायगढ़ पर कब्जा कर इसे 'इस्लामगड' नाम दिया। बाद में यह किला ब्रिटिशों द्वारा लूटा गया और इसके बाद इसे नष्ट कर दिया गया।टूरिस्ट स्पॉट रायगढ़ किले को धार्मिक स्थल के तौर पर भी जाना जाता है क्योंकि यहां शिवाजी की समाधि है। मुख्य महल पूरा लकड़ी से बनाया गया था। किले को खासतौर से 6 चैंबर्स में बांटा गया है। हर एक चैंबर में निजी आराम कक्ष है। किले की सबसे ऊंची चोटी तकरीबन 600 फुट है। जहां तक पहुंचने का रास्ता बहुत ही बड़े दरवाजे से होकर जाता है। 1356 मीटर ऊंचा यह किला भारत के सबसे ऊंचे किलों में से एक है। किले के अंदर मार्केट भी है जहां से टूरिस्ट अपनी जरूरत का सामान खरीद सकते हैं। किले के किनारे से गंगा सागर नामक झील बहती है जो इसकी खूबसूरती को दोगुना करती है। कब जाएं- नवंबर से मार्च का महीना यहां आने के लिए बेस्ट होता है। वैसे तो टूरिस्टों का तांता यहां सालभर ही देखने को मिलता है। कैसे पहुंचे- हवाई मार्ग- मुंबई एयरपोर्ट पहुंचकर यहां तक पहुंचा जा सकता है।

# बार चुनाव से कुशल संपन्न अध्यक्ष बने प्रेमचंद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



फतेहपुर बाराबंकी। दि बार एसोसिएशन फतेहपुर के वार्षिक चुनाव में गुरुवार को हुए मतदान के बाद अध्यक्ष पद पर प्रेमचन्द्र पाल विजयी घोषित किए गए। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर राजीव नयन तिवारी, उपाध्यक्ष द्वितीय पद पर सर्वेश श्रीवास्तव तथा महामंत्री पद पर मनीष कुमार श्रीवास्तव ने जीत दर्ज की।

चुनाव में सुबह से ही अधिवक्ताओं में उत्साह का माहौल रहा। कुल 176 अधिवक्ता मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतगणना के दौरान विशेष रूप से वरिष्ठ उपाध्यक्ष और महामंत्री पद पर कंाटे की टक्कर देखने को मिली, जिससे समर्थकों की धड़कनें तेज रहीं। अध्यक्ष पद पर प्रेमचन्द्र पाल ने 106 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी प्रदीप निगम को 53 मतों से पराजित किया। तीसरे प्रत्याशी हरीश मौर्य को 13 मत मिले, जबकि 4 मत अवैध घोषित किए गए।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रोमांचक मुकाबले में राजीव नयन तिवारी ने 96 मत हासिल कर सतीश कुमार वर्मा को 16 मतों से हराया। उपाध्यक्ष द्वितीय पद पर सर्वेश श्रीवास्तव ने 105 मत प्राप्त कर गणेश शंकर मिश्रा को 34 मतों से पराजित किया। महामंत्री पद पर हुए संघर्षपूर्ण मुकाबले में मनीष कुमार श्रीवास्तव ने राम औतार को मात्र 4 मतों के अंतर से हराया। मनीष को 51 और राम औतार को 47 मत प्राप्त हुए। अन्य प्रत्याशियों में कुबेर सिंह को 37, संजय कुमार को 19, अनीत कुमार को 9 तथा अमर सिंह को 13 मत प्राप्त हुए। नतीजे घोषित होते ही अधिवक्ताओं ने विजयी प्रत्याशियों को फूल-मालाओं से लादकर एवं मिष्ठान्न खिलाकर बधाई दी। चुनाव प्रक्रिया इल्डर्स कमेटी के चेयरमैन शीतला प्रसाद श्रीवास्तव तथा चुनाव अधिकारियों मुरलीधर, राकेश श्रीवास्तव, ओमप्रकाश यादव और पौरूष श्रीवास्तव की देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई।

# 14 मार्च को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

## जनपद न्यायाधीश ने की समीक्षा बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । उ.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशों के अनुक्रम में कैलेण्डर वर्ष 2026 की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत, आगामी14 मार्च, 2026 को आयोजित होगी। जिसको सफल बनाए जाने के उद्देश्य से आज जनपद न्यायालय परिसर में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने की। बैठक में श्कृष्णचन्द्र सिंह अपर जिला जज/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, श्रीमती शिवानी रावत सिविज जज सी0डि0/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अतिरिक्त राज कुमार सिंह यादव अपर जिलाधिकारी /नोडल अधिकारी प्रशासन, विकास चन्द्र त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक/नोडल अधिकारी पुलिस, अग्रणी बैंक मैनेजर/नोडल अधिकारी बैंक व फाइनेन्स कम्पनी के अतिरिक्त विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारी, बैंकों के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान लोक अदालत के आयोजन से संबंधित तैयारियों एवं रणनीतियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने सभी विभागों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करते हुए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आम जनता को सुलभ, सस्ता एवं त्वरित न्याय दिलाने का सशक्त माध्यम है। इसे और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी गंभीरता से प्रयास करें और राष्ट्रीय लोक अदालतों का लाभ जमीनी स्तर पर गरीब, वंचितों को दिलाने का प्रयास करें। प्रशासन के नोडल अधिकारी को निर्देशित करते हुये लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रभावी कदम उठाते हुये आशा बहू, आंगनबाड़ी, कार्यकर्ती, आदि के माध्यम से प्रचार प्रसार कराने के निर्देश दिये गये जिससे अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठा सकें। साथ ही, प्री-लिटिगेशन (मुकदमा पूर्व) के लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। पुलिस विभाग को निर्देश देते हुये कथन किया गया कि इस लोक अदालत में निस्तारण हेतु लंबित मामलों से संबंधित नोटिसों एवं सम्मनों के तामीला का कार्य शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए, जिससे अधिक से अधिक पक्षकार न्यायालय में उपस्थित हो सकें। बैंकों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिये गये कि वे ऋण वसूली (रिकवरी) से संबंधित लंबित मामलों, विशेषकर वे जो लोक अदालत में निस्तारण के लिए उपयुक्त हैं, को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित कर आपसी सहमति से निस्तारण का प्रयास किया जाए।

श्री कृष्णचन्द्र सिंह अपर जिला जज/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत के द्वारा पिछली राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित वादों एवं आगामी लोक अदालत हेत चिन्हित वादों का तुलनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत करते हुये पिछली लोक अदालत के अधिक मामलों को इस लोक अदालत में निस्तारित करने के लिए प्रेरित किया गया।

श्रीमती शिवानी रावत सिविल जज सी0डि0/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आगामी लोक अदालत हेतु तैयार कराये गये पोस्टर, बैनर, हैण्डबिल इत्यादि को प्राप्त कर उसके द्वारा जन जन तक लोक अदालत की सूचना पहुंचाने के लिए सहयोग दिये जाने की अपील की गई। इसके अतिरिक्त अधिकार मित्र (पी0एल0वी0), बैंक मित्र, लॉ कालेज के छात्र छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक, कार, मोटरसाइकिल व साइकिल जागरूकता रैलियों के आयोजन की जानकारी दी गई।

बैठक में यह विश्वास जताया गया कि सभी विभागों के सहयोग से दिनांक 14 मार्च, 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करेगी और अधिक से अधिक वादों का आपसी सहमति से निस्तारण कर वादकारियों को राहत प्रदान करेगी।

### ट्रेन पटरी पर मिला 'आया' का शव

बाराबंकी नगर कोतवाली क्षेत्र के हिंद अस्पताल मे आया पद पर कार्यरत 22 वर्षीय युवती ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या की। मृतका रोली गौतम फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के बुधियापुर गांव की निवासी थी। मृतका के मौसा जगदीश प्रसाद भी हिंद मेडिकल कॉलेज में काम करते हैं। उन्होंने मौके पर पहुंचकर रोली की पहचान की। परिजनों के अनुसार रोली प्रतिदिन सुबह 8 बजे ड्यूटी पर जाती और रात 8:30 बजे तक घर लौट आती थी। जब वह घर नहीं लौटी और उसका मोबाइल फोन स्विच ऑफ मिला, तो उसकी तलाश शुरू हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है और अधिकारियों ने बताया कि कॉल डिटेल व अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### डीएम ,एसपी ने किया कारागार का औचक निरीक्षण

बाराबंकी। गुरुवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारी द्वय ने सर्वप्रथम कारागार के मुख्य द्वार पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा तैनात सुरक्षा कर्मियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की म कंट्रोल रूम पहुँचकर वहाँ से संचालित सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था का गहनता से अवलोकन किया और निर्देश दिए कि कारागार की सतत एवं प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बैरकों में बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं, प्रकाश, शौचालय, स्वच्छता, भोजन एवं पेयजल आदि व्यवस्थाओं का परीक्षण किया गया। अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता एवं साफ-सफाई की स्थिति का भी जायजा लिया गया। अधिकारियों ने जेल प्रशासन को निर्देश दिए कि बंदियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि कारागार में अनुशासन, स्वच्छता एवं सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएँ नियमित रूप से संचालित की जाएँ। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याएँ भी सुनीं। इस दौरान जेल अधीक्षक कुंदन कुमार , जेलर जितेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

### प्रतिबंधित कपसिरप की बिक्री पर रोकथाम हेतु चला अभियान

फतेहपुर बाराबंकी।जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले में कोडीनयुक्त कफसिरप के अवैध विक्रय कीरोकथाम हेतु सघनअभियान चलाया जा रहा है इस क्रममेंजिला औषधि निरीक्षक राजिया बानो ने नगर सहित क्षेत्र के तीन औषधि प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रतिष्ठानों में फार्मासिस्ट की अनिवार्य उपस्थिति, औषधियों के समुचित रख-रखाव और क्रयविक्रय अभिलेखों की जांच करनाऔर अवैध दवा बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु चलाया जा रहा है।

निरीक्षण दौरान फतेहपुर बस स्टैंड स्थित मेसर्स छाया फार्मा और आईजीआरएस शिकायत के आधार पर बिलौली हजरतपुर चौराहा स्थित मेसर्स अंसारी मेडिकल स्टोर की गहन जांच की गई। जांच में अंसारी मेडिकल स्टोर में कई अनियमितताएं पाई गई।अंसारी मेडिकल स्टोर में फार्मासिस्ट के सत्यापन से जुड़ी कमियां सामने आने पर शिड्यूल्ड औषधियों के क्रय-विक्रय पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई। प्रतिष्ठान में पाई गई कमियों को निरीक्षण आख्या में विस्तार से दर्ज किया है।औषधिनिरीक्षक ने औषधि व प्रसाधन सामग्री अधिनियम1940 तथा नियमा वली 1945 के अंतर्गत कारण बताओ नोटिस जारीकर प्रकरण सहायक आयुक्त(औषधि)अयोध्या मण्डल को भेजा हैअधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि नियमों के उल्लंघन पर कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी।इसके अतिरिक्त, संदेह के आधार पर दोनोंमेडिकल स्टोरों से कुल दो औषधियों के नमूने संग्रहीत किए गए हैं। इन नमूनों को विश्लेषण के लिए राजकीय जनविश्लेषक प्रयोगशाला, आगरा भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### कृषक मेला की तैयारी, प्रभारी मंत्री रही होंगे मुख्य अतिथि

निंदूरा बाराबंकी। प्रभारी मंत्री के आगमन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है। स्मरणीय है कि निंदूरा के ग्राम रसूलपुर, ग्राम पंचायत रेंगवा में कल शुक्रवार को विकास खंड स्तरीय कृषक गोष्ठी एवं मेला का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री सुरेश राही बतौर मुख्य अतिथि तथा कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। प्रभारी मंत्री के इस्तकबाल को रसूलपुर तैयार है। बताते हैं कि गोष्ठी में कृषि वैज्ञानिक उन्नत कृषि तकनीकों व नवीन शोध की जानकारी देंगे। विभिन्न विभागों के अधिकारी अपने विचार रखेंगे और प्रगतिशील कृषक अनुभव साझा करेंगे। मेले में कृषि समेत कई विभागों के स्टॉल लगेंगे, जहां उन्नत बीज, फसल सुरक्षा, आधुनिक उपकरणों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

प्रभारी मंत्री निर्माणाधीन मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय, लखनऊ महमूदाबाद मार्ग चौड़ीकरण कार्य, कुर्सी गौशाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुंघटेर का निरीक्षण भी करेंगे।

### सड़क हादसा पंचायत सचिव जख्मी

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। बदोसराय कस्बे में गुरुवार को पंचायत सचिव वीरेंद्र तिवारी पैदल सड़क पार कर अपनी गाड़ी के पास जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार युवक ने उन्हें जोरदार टक्कर मारी ।इस हादसे में वीरेंद्र तिवारी के बाएं हाथ में हड्डी फ्रैक्चर हुई। हादसे की सूचना मिलते ही बदोसराय के ग्राम प्रधान निसार मेहंदी ने चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर पहुंचाया। खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता, सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज मिश्रा अन्य साथी कर्मियों के साथ अस्पताल पहुंचे।

### कानपुर में चाइनीज मांझे की 70 चरखी के साथ दुकानदार गिरफ्तार

कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर शहर में चाइनीज मांझे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को क्राइम ब्रांच ने 70 चरखी चाइनीज मांझे के साथ एक दुकानदार को गिरफ्तार किया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है कि मांझा कहां से लाकर किसे बेचता था और इस गिरोह में कौन-कौन जुड़े हुए हैं। ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर क्राइम एंड हेडक्वार्टर संकल्प शर्मा ने गुरुवार को बताया कि क्राइम ब्रांच टीम ने एडीसीपी सुमित सुधाकर रामटेके की अगुवाई में रणनीति बनाते हुए बेकनगंज थाना क्षेत्र के हीरामन का पुरवा इलाके के रहने वाले आरिफ उर्फ सैफी को गिरफ्तार किया है। साथ ही उसके गोदाम से चाइनीज मांझे की 70 चरखियां भी बरामद हुईं हैं। पुलिस की जांच में यह भी सामने आया है कि आरिफ चप्पल का कारखाना चलाने की आड़ में खतरनाक जानलेवा चाइनीस मांझे की बिक्री कर रहा था। आरोपित को गिरफ्तार कर उससे जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश की जा रही है। इस अभियान के तहत जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्र में दो एफआईआर दर्ज की गई हैं। जिनमें तीन लोगों को जेल भेजा जा चुका है।

# कमांडेंट सर्वेश को श्रद्धांजलि देने पहुंचे राकेश टिकैत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत ने संगठन के मध्यांचल जोन के जिलाध्यक्ष उत्कर्ष तिवारी के पिता एवं पूर्व बी एस एफ कमांडेंट स्व.सर्वेश कुमार तिवारी के निधन पर गुरुवार को उनके गांव रामसनेहीघाट क्षेत्र पूरे संतोषी मजरे सनौली पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की।पूर्व बी एस एफ कमांडेंट का इलाज के दौरान निधन हुआ था।निधन की सूचना पर राकेश टिकैत अपने निजी निवास गांव सिसौली, मुजफ्फरनगर से उनके गांव पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

न्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य बनाए रखने की बात कही।श्रद्धांजलि सभा में जिलाध्यक्ष हौसिला प्रसाद वर्मा, उतम कुमार वर्मा, लखनऊ जिलाध्यक्ष आलोक कुमार वर्मा, मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा, तहसील उपाध्यक्ष प्रेमचंद तिवारी बनीकोडर ब्लॉक अध्यक्ष सतीश चन्द्र वर्मा तथा प्रदेश युवा अध्यक्ष अनुज सिंह सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# शोधार्थी के लिए नवाचार सबसे बड़ी पूंजी : कुलपति

जौनपुर। यूपी के जौनपुर स्थित वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में गुरुवार को आईपीआर सेल की ओर से ल्लबौद्धिक संपदा अधिकारः उभरती प्रवृत्तियां और चुनौतियांङ्क विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने नवाचार के संरक्षण और डिजिटल युग में बौद्धिक संपदा अधिकार की बढ़ती आवश्यकता पर जोर दिया।

मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा, ल्लइन्वेंशन ही एसेट है।ङ्क उन्होंने कहा कि किसी भी शोधार्थी और संस्थान के लिए नवाचार सबसे बड़ी पूंजी है। यदि शोध और आविष्कारों को विधिक संरक्षण मिले तो वे आर्थिक उन्नति और सामाजिक विकास का आधार बनते हैं। उन्होंने पेटेंट प्रक्रिया, कॉपीराइट नियमों और डिजिटल युग में डेटा सुरक्षा की चुनौतियों की जानकारी रखना आवश्यक बताया। विशिष्ट अतिथि सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक सहगल ने कहा कि डिजिटल दौर में बौद्धिक संपदा अधिकार अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। जागरूकता के अभाव में शोध एवं रचनात्मक कार्यों का दुरुपयोग हो सकता है। उन्होंने पेटेंट, कॉपीराइट और ट्रेडमार्क पंजीकरण की प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डाला।भारतीय पेटेंट कार्यालय, नई दिल्ली के सहायक नियंत्रक आलोक मिश्रा ने कहा कि नवाचार का संरक्षण राष्ट्र की प्रगति के लिए अनिवार्य है। उन्होंने पेटेंट आवेदन प्रक्रिया, परीक्षा प्रणाली तथा स्टार्टअप और शैक्षणिक संस्थानों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी।अन्य वक्ताओं ने भी शोध के व्यावसायीकरण, उद्योग से समन्वय और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के संदर्भ में आईपीआर की भूमिका पर विचार व्यक्त किए।

# एसपी ने किया बहुउद्देशीय हॉल का शुभारंभ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। थाना परिसर में नवनिर्मित बहुउद्देशीय हाल का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा फीता काटकर किया गया।वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान से पूजा अर्चना संपन्न हुई। जिसमें क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत कोतवाल अनिल कुमार पांडेय तहसीलदार विपुल सिंह व अन्य प्रशासनिक अधिकारी व पुलिसकर्मी शामिल रहे।लंबे समय से बैठक हाल के अभाव के कारण फरियादियों और अधिकारियों को असुविधा हो रही थी।प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडे की देखरेख में निर्मित इस हाल में 15 पंखों की व्यवस्था की गई है।नया हाल बैठकों जनसुनवाई और अन्य प्रशासनिक कार्यों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा जिससे थाना परिसर में कार्य व्यवस्था में सुधार आएगा और आमजन को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

### धूमधाम से मनाई जाएगी संत गाडगे की जयंती

बाराबंकी। आगामी रविवार 1 मार्च को प्रातः 11:00 बजे से राष्ट्र संत गाडगे महाराज की 150वीं जयंती समारोह का भव्य आयोजन राम सिंह सभागार, नगरपालिका परिषद प्रांगण, बाराबंकी में आहुत है। संत गाडगे सेवा समिति एवं अखिल भारतीय धोबी महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित

उक्त समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बैजनाथ रावत अध्यक्ष, अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग तथा डॉ. सुरेन्द्र चौधरी, सदस्य, विधान परिषद सम्मिलित होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. नवल किशोर चौधरी, डॉ. हरीशचंद्रा (प्रोफ़ेसर, दिल्ली विश्वविद्यालय), एडवोकेट राकेश कुमार आर्य (प्रदेश अध्यक्ष, अखिल भारतीय धोबी महासंघ) तथा संजीव रजक (सह-संस्थापक एवं कोषाध्यक्ष, टीचर्स सेल्फ केयर टीम) अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करेंगे।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में रत्नेश कुमार गौतम, अध्यक्ष, बीआर अंबेडकर मेमोरियल सोसायटी, बाराबंकी उपस्थित रहेंगे।

इस अवसर पर धोबी समाज सहित विभिन्न क्षेत्रों के सम्मानित गणमान्य एवं सम्भ्रांत नागरिक भी सहभागिता करेंगे।

### किसानों से समन्वय कर उन्नत तकनीकों को खेतों तक पहुंचाएं कृषि वैज्ञानिक: शिवराज सिंह चौहान

वाराणसी। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि वैज्ञानिकों से आह्वान किया कि किसानों से समन्वय बनाकर उन्नत तकनीकों को शीघ्र खेतों तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक तकनीकों का खेत स्तर पर प्रभावी प्रसार, गुणवत्तापूर्ण बीजों की उपलब्धता, लागत घटाने वाली तकनीकें और बाजार से सीधा जुड़ाव किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।


गुरूवार को वाराणसी दौरे पर आए केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान में समीक्षा बैठक के बाद वैज्ञानिकों व किसानों को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने संस्थान में चल रहे अनुसंधान एवं विकास कार्यों, उन्नत सब्जी किस्मों, बीज उत्पादन, संरक्षित खेती, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मूल्य संवर्धन तथा उद्यमिता विकास से जुड़ी पहलों की सराहना की। बैठक के पूर्व उन्होंने अनुसंधान संस्थान परिसर में रक्त-चंदन के पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने आगामी रबी सत्र के लिए क्षेत्रवार कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया।

केन्द्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की चुनौती को देखते हुए सब्जी उत्पादन प्रणाली में अधिक लचीलापन लाना होगा। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्रों और शोध संस्थानों के मध्य समन्वय का एक प्रभावी माध्यम बताते हुए किसानों तक तकनीक हस्तांतरण की गति तेज करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि उन्नत किस्मों का विकास, गुणवत्तापूर्ण बीजों की उपलब्धता, लागत घटाने वाली तकनीकों का प्रसार तथा किसानों को बाजार से सीधे जोड़ना उनकी आय वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

केन्द्रीय मंत्री ने संस्थान को तकनीकों के त्वरित प्रसार, निर्यातोन्मुखी सब्जी प्रजातियों के विकास, स्टार्ट-अप एवं एफपीओ के साथ साझेदारी तथा युवाओं को कृषि-उद्यमिता से जोड़ने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. राजेश कुमार ने संस्थान की उपलब्धियों और किसानों के साथ किए जा रहे कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने सब्जी निर्यात को बढ़ावा देने के लिए किसानों को संसाधन और तकनीकी उपलब्ध कराने पर जोर दिया। आईसीएआर के सहायक महानिदेशक डॉ सुधाकर पांडेय ने संस्थान की गतिविधियों पर संक्षिप्त जानकारी दी।

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रक्षेप (शोध के लिए चिन्हित भूमि) भ्रमण के दौरान मौजूद किसानों से बीजों की उपलब्धता, गुणवत्ता, उत्पादन लागत कम करने के उपायों तथा आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर चर्चा की। ग्राफ्टेड बैंगन-टमाटर (ब्रिमेटो) और आलू-टमाटर (पोमेटो) जैसी उन्नत तकनीकों पर वैज्ञानिकों ने विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। मंत्री ने इसकी सराहना करते हुए इन तकनीकों को किसानों तक शीघ्र उपलब्ध कराने पर बल दिया। उन्होंने हाई-टेक नर्सरी की उपयोगिता रेखांकित करते हुए एफपीओ के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण पौध एवं बीज उपलब्ध कराने की आवश्यकता बताई। केन्द्रीय मंत्री ने वैज्ञानिकों से टमाटर सहित अन्य सब्जियों की शेल्फ लाइफ बढ़ाने, प्रसंस्करण योग्य किस्मों के विकास, निर्यातोन्मुखी उत्पादन तथा जैविक खेती को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान देने को कहा। संस्थान के विकसित सूक्ष्मजीव जैव उर्वरक, बॉयो-स्टिमुलेंट तथा बॉयोपेस्टिसाइड उत्पादों का भी अवलोकन किया। इस दौरान आईसीएआर के सहायक महानिदेशक डॉ. सुधाकर पांडेय सहित अन्य अफसर भी मौजूद रहे।

# सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण, गर्जी जेसीबी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। उपजिलाधिकारी कार्तिकेय सिंह के निर्देशन में विकासखंड निंदूरा की ग्राम अमरसंडा स्थित गाटा संख्या 1147ख/0.887 हेक्टेयर बंजर भूमि पर अवैध अतिक्रमण को तहसील प्रशासन ने हटवा दिया। न्यायालय तहसीलदार फतेहपुर द्वारा धारा 67 के तहत बेदखली आदेश जारी होने के बाद नायब तहसीलदार अंकिता पांडेय की अध्यक्षता में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। बताया गया कि मुजीब पुत्र बाबू ने सरकारी भूमि पर टीन शेड व पक्की दीवार बनाकर कब्जा कर लिया था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची टीम ने निर्माण को हटवाकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। कार्रवाई के दौरान कानूनगो कैलाश बहादुर, हल्का लेखपाल प्रिंस शर्मा, सर्वेश कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# न्यूजीलैंड की निगाह सेमीफाइनल पर स्पिनरों के सामने होगी इंग्लैंड की परीक्षा


एजेंसी



कोलंबो। अपने स्पिनरों के दम पर पिछले मैच में श्रीलंका पर बड़ी जीत दर्ज करने वाला न्यूजीलैंड शुक्रवार को यहां टी20 विश्व कप के सुपर आठ के मैच में इंग्लैंड के खिलाफ अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर सेमीफाइनल में जगह सुरक्षित करने की कोशिश करेगा। इंग्लैंड पहले ही अपने दोनों मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुका है लेकिन यह मैच उसके लिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीम का भी फैसला होगा। श्रीलंका के खिलाफ 61 रन की बड़ी जीत से न्यूजीलैंड सेमीफाइनल के करीब पहुंच गया है क्योंकि इससे उसका नेट रन रेट अच्छा हो गया है। न्यूजीलैंड का नेट रन रेट प्लस 3.050 है और उसे अगले मैच में बस यह सुनिश्चित करना है कि अगर वह इंग्लैंड से पराजित हो भी जाता है तो हार का अंतर न्यूनतम हो। इंग्लैंड से हार के बाद पाकिस्तान का नेट रन रेट माइनस 0.461 हो गया है। उसे नेट रन रेट में न्यूजीलैंड से आगे निकलने के लिए कीवी टीम की करारी हार के लिए दुआ करनी होगी और साथ ही सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में श्रीलंका को बड़े अंतर से हराना होगा। लेकिन न्यूजीलैंड ने यह साबित कर दिया है कि वह श्रीलंका के खिलाफ छह स्पिनरों के साथ खेलने में सहज था जिसके दम पर उसने बड़े अंतर से जीत हासिल की। इस मैच में न्यूजीलैंड के स्पिनरों और इंग्लैंड के बल्लेबाजों के बीच दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल सकता है। पाकिस्तान के खिलाफ शतक बनाने वाले कप्तान हैरी ब्रूक और ऑलराउंडर विल जैक्स दोनों ने ही साइम अयूब, मोहम्मद नवाज और शादाब खान जैसे स्पिनरों के सामने सहज प्रदर्शन किया। लेकिन अब उनके सामने न्यूजीलैंड की कड़ी चुनौती है, जिसके स्पिनर मिचेल सैंटनर, रचिन रविंद्र, ग्लेन फिलिप्स और कोल मैककॉन्ची पाल्लेकल की तुलना में प्रेमदासा स्टेडियम की अधिक चिपचिपी पिच पर बहुत उपयोगी साबित हो सकते हैं। ब्रूक अच्छी फॉर्म में हैं, लेकिन अनुभवी जोस बटलर को अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। उन्होंने अब तक टूर्नामेंट में कुछ खास प्रदर्शन नहीं किया है। बटलर की अच्छी शुरुआत से इंग्लैंड निश्चित रूप से बेहतर स्थिति में आ जाएगा। दूसरी ओर जैक्स की ऑफ स्पिन और लियाम डॉसन की बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी भी उतनी ही चुनौतीपूर्ण हो सकती है। प्रेमदासा की पिच पर अगर स्पिनर गेंदबाजी कर रहे हों तो 165 से 175 के बीच का कोई भी स्कोर जीत के लिए पर्याप्त हो सकता है। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रविंद्र ने श्रीलंका के खिलाफ बल्लेबाजी और गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद कहा कि भले ही उनका स्पिन आक्रमण मजबूत है लेकिन इंग्लैंड को कम करके आंकना गलती होगी।

# हमें अफसोस है, हमने प्रशंसकों को खुश होने का कोई मौका नहीं दिया: शनाका

एजेंसी



कोलंबो। श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने टी20 विश्व कप के सुपर आठ के मैच में न्यूजीलैंड से हारकर बाहर होने के बाद अपने देशवासियों से माफी मांगी और कहा कि वे उन्हें खुशी देने में असफल रहे। सह मेजबान श्रीलंका करो या मरो मुकाबले में न्यूजीलैंड से 61 रन से हार गया। इससे पहले वह इंग्लैंड से 51 रन से हार गया था, जिससे पाकिस्तान के खिलाफ उसका आखिरी मैच उसके लिए औपचारिक रह गया है। शनाका ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''हमें इसका बहुत अफसोस है। इंग्लैंड के खिलाफ मैच भी ऐसा ही था जिसे हम जीत सकते थे। अगर हम थोड़ा और समझदारी से खेलते तो वह मैच भी जीत सकते थे। यह मैच एकतरफा था। प्रशंसकों के लिए मेरे पास कहने को कुछ नहीं है। हमने उन्हें ऐसी कोई जीत नहीं दी जिस पर वे खुश हो सकें। उन्होंने कहा, '' हमारा एक मैच बाकी है और मुझे उम्मीद है कि कप्तान के तौर पर मैं कम से कम टूर्नामेंट का अच्छा समापन करूंगा। शनाका ने कहा कि यहां की पिचें उनकी उम्मीद के मुताबिक नहीं रहीं। उन्होंने कहा, ''टूर्नामेंट शुरू होने से पहले मैंने यह भी कहा था कि मुझे उम्मीद है कि विकेट अच्छे होंगे। श्रीलंका के पास जो सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं, वे टीम में हैं। घरेलू क्रिकेट से उन खिलाड़ियों को चुना गया है जिनका स्ट्राइक रेट अच्छा है और जिनमें खेलने की क्षमता है। यहां किसी को भी क्रिकेट खेलने के लिए मजबूर नहीं किया जा रहा है। हम भी देश के लिए कुछ करना चाहते हैं।' शनाका ने कहा, '' जो कुछ हुआ उसके लिए हमें बहुत खेद है। कोई हारना नहीं चाहता। हर कोई अच्छा खेलने और टीम को जीत दिलाने के इरादे से मैदान पर उतरता है। कभी-कभी हम उन छोटी-छोटी गलतियों की वजह से मैच हार जाते हैं जिनके बारे में हम सोचते भी नहीं। इसलिए हमें इसका बहुत अफसोस है, एक खिलाड़ी के तौर पर हमें हारने पर बहुत दुख होता है। शनाका को लगता है कि श्रीलंकाई खिलाड़ियों की फिटनेस विश्व क्रिकेट के मानकों के अनुरूप नहीं है। इसके अलावा कुछ खिलाड़ियों के चोटिल होने से भी टीम को नुकसान हुआ। उन्होंने कहा, ''हमारे लगभग चार से पांच खिलाड़ी चोटिल हैं, हमारे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बाहर हैं। इसलिए हमें फिटनेस को लेकर कुछ समस्याएं हैं। मेरा मानना है कि देश के लिए खेलते समय फिटनेस सर्वोपरि होनी चाहिए। इस पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता।''

# सैंटनर जैसा कप्तान आपको दस फीट लंबा और अभेद्य महसूस कराता है: रचिन रविंद्र

एजेंसी

कोलंबो। न्यूजीलैंड के आलराउंडर रचिन रविंद्र ने टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में अपनी टीम की श्रीलंका पर 61 रन से जीत के बाद अपने कप्तान मिचेल सैंटनर की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि वह अपने साथी खिलाड़ियों के लिए एक सुरक्षा कवच की तरह हैं और उन्हें दमदार महसूस कराने का तरीका ढूंढ लेते हैं। रविंद्र ने इस मैच में 32 रन बनाए और 19 रन देकर चार विकेट भी लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। कप्तान सैंटनर की 26 गेंदों पर खेली गई 47 रन की पारी से न्यूजीलैंड 84 रन पर छह विकेट गंवाने के बावजूद सात विकेट पर 168 रन बनाने में सफल रहा। इसके जवाब में श्रीलंका आठ विकेट पर 107 रन ही बना सका। रविंद्र ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''हम सभी जानते हैं कि सैंटनर कितने शांत स्वभाव के हैं, लेकिन उनका सोचने का तरीका भी कमाल का है, जैसे कि किस छोर से कौन सी गेंद फेंकनी है। लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि वह अच्छा प्रदर्शन करके आगे बढ़कर नेतृत्व करते हैं। उन्होंने कहा, ''वह हमेशा आपके साथ खड़े रहते हैं और आपका हौसला बढ़ाते हैं। मुझे लगता है कि उनके जैसा कप्तान होना टीम के लिए बहुत अच्छा है। उनके नेतृत्व में मैदान पर उतरते ही आपको ऐसा अहसास होता है जैसे आप 10 फीट लंबे हों और आप अभेद्य महसूस करते हैं। टीम में उनकी मौजूदगी से बहुत फायदा मिलता है। यह केवल खिलाड़ियों को प्रेरित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि उपमहाद्वीप की पिचों पर गेंदबाजी करने का सैंटनर का अनुभव भी स्पिन गेंदबाजी इकाई के लिए मददगार साबित होता है।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला जीवंत रखने के लिए बल्लेबाजी में सुधार करना होगा भारत को

एजेंसी

होबार्ट। मौजूदा विश्व चैंपियन भारत को पहले मैच में बुरी तरह हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की वनडे श्रृंखला को अगर जीवंत रखना है तो उसे शुक्रवार को यहां होने वाले दूसरे महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। टी20 श्रृंखला 2-1 से जीतने के बाद भारतीय टीम वनडे श्रृंखला की अच्छी शुरुआत नहीं कर पाई और ब्रिस्बेन में खेले गए पहले मैच में छह विकेट से हार गई। भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कभी भी द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला नहीं जीती है। इस प्रारूप में इन दोनों देशों के बीच खेली गई श्रृंखलाओं में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा रहा है। दोनों टीमों के बीच अभी तक 11 द्विपक्षीय वनडे




श्रृंखला खेली गई हैं जिनमें सभी में ऑस्ट्रेलिया ने जीत हासिल की। इनमें 2024 में 3-0 से और सितंबर 2025 में 2-1 से जीत भी शामिल है। लेकिन भारत 2025 में महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया पर मिली पांच विकेट की जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगा। वर्तमान श्रृंखला के पहले मैच में भारतीय बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया की चुनौती का सामना करने में नाकाम रहे और पूरी टीम केवल 214 रन पर आउट हो गई। उप-कप्तान स्मृति मंधाना (58), कप्तान हरमनप्रीत कौर (53) और कासवी गौतम (43) को छोड़कर कोई भी अन्य भारतीय बल्लेबाज बड़ी पारियां नहीं खेल सका। वे ऑस्ट्रेलिया की अनुशासित गेंदबाजी के सामने संघर्ष करते हुए नजर आए। प्रतिका रावल पारी की शुरुआत करते हुए खाता भी नहीं खोल पाई। शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा भी उम्मीदों पर खरी नहीं उतरीं। भारत को शुक्रवार को इन चारों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। बड़े शॉट लगाने में माहिर विकेटकीपर ऋचा घोष को भी संघर्ष करना पड़ा और वह केवल 23 रन ही बना सकी। टीम को उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। गेंदबाजों में बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने अपने नौ ओवर में 41 रन देकर दो विकेट लिए लेकिन उन्हें बीच के ओवरों में दीप्ति शर्मा और कासवी जैसी गेंदबाजों से मदद की जरूरत है। लेकिन शुरुआती ओवरों में विरोधी टीम को नुकसान पहुंचाने की जिम्मेदारी तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और क्रांति गौड़ पर होगी, जो पहले मैच में असफल रहीं।

## भारत अंडर20 महिला टीम ने स्वीडिश क्लब एनस्केडे आईके डैम के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेला

नयी दिल्ली। भारत की अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम ने स्वीडन के लिडिंगो स्थित बोसन नेशनल स्पोर्ट्स सेंटर में स्वीडिश क्लब एनस्केडे आईके डैम के खिलाफ एक मैत्री मैच 1-1 से ड्रॉ खेला। बुधवार रात को खेले गए इस मैच में सिबानी देवी नोंगमेइकापम ने 44वें मिनट में भारत को बढ़त दिलाई। एनस्केडे ने 88वें मिनट में स्कोर बराबर किया। भारत की अंडर-20 टीम के मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडर्सन ने टैबी एफके के खिलाफ पिछले मैच में 4-0 से जीत दर्ज करने वाली टीम के शुरुआती एकादश में आठ बदलाव किए। इससे पहले भारतीय टीम को हैमरबी आईएफ से 0-6 से हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय टीम शनिवार को कार्लबर्ग्स बीके के खिलाफ एक और मैत्री मैच खेलेगी। यह दौरा इस साल के आखिर में थाईलैंड में होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप की तैयारियों का हिस्सा है।

# चैंपियंस लीग में विनीसियस का कमाल, रियल मैड्रिड ने बेनफिका को हराकर अंतिम-16 में बनाई जगह

एजेंसी



मैड्रिड। 15 बार के यूरोपीय चैंपियन रियल मैड्रिड ने शानदार वापसी करते हुए बेनफिका को 2-1 से हराया और कुल 3-1 की बढ़त के साथ यूईएफए चैंपियंस लीग के अंतिम-16 में प्रवेश कर लिया। सैंटियागो बर्नब्यू में खेले गए रोमांचक मुकाबले में विनीसियस जूनियर ने निर्णायक गोल कर टीम को जीत दिलाई। पहले चरण में 1-0 से पीछे चल रही बेनफिका ने आक्रामक शुरुआत की और 14वें मिनट में राफा सिल्वा के गोल से बढ़त बना ली। गोलकीपर थिबाउट कोर्टुआ ने पहले शानदार बचाव किया, लेकिन रिबाउंड पर राफा ने गेंद को जाल में पहुंचा दिया। हालांकि, रियल मैड्रिड ने तुरंत जवाब दिया। दो मिनट बाद फ़ेडेरिको वाल्वेर्दे के पास पर औरेलियन त्चौआमेनी ने सटीक शॉट लगाकर स्कोर 1-1 कर दिया। मुकाबला बराबरी पर आने के बाद दोनों टीमों के बीच तेज़ टक्कर देखने को मिली। 32वें मिनट में आर्डा गुलर ने गोल किया, लेकिन वीएआर ने ऑफसाइड करार देते हुए उसे रद्द कर दिया।

पहले हाफ के अंत तक बेनफिका ने भी कई मौके बनाए, लेकिन कोर्टुआ ने शानदार बचाव कर टीम को मैच में बनाए रखा। दूसरे हाफ में रियल ने लय पकड़ी। 60वें मिनट में एक चूक के बाद राफा सिल्वा का जोरदार शॉट क्रॉसबार से टकराया, जिससे रियल को बड़ा झटका लगते-लगते बचा। निर्णायक क्षण 80वें मिनट में आया, जब वाल्वेर्दे ने मिडफील्ड से सटीक पास दिया। विनीसियस जूनियर ने ऑफसाइड ट्रैप को भेदते हुए बॉक्स में प्रवेश किया और शांत दिमाग से गेंद को निचले कोने में पहुंचाकर स्कोर 2-1 कर दिया। इसी के साथ मुकाबले का फैसला हो गया। मैच के बाद त्चौआमेनी ने कहा, ल्हमने शुरुआत अच्छी नहीं की, लेकिन हमें भरोसा था कि गोल मिलेंगे। मैच के साथ हमने बेहतर प्रदर्शन किया। रक्षा में थोड़े सुधार की जरूरत है, लेकिन जीत सबसे अहम है। अब अंतिम-16 के ड्रॉ में रियल मैड्रिड का सामना मैनचेस्टर सिटी या स्पोर्टिंग लिस्बन से हो सकता है।

# निर्यातकों की वैश्विक बाजारों तक तेज पहुंच के लिए सीमा शुल्क प्रक्रियाओं को सक्षम बनाएं: राजस्व सचिव

एजेंसी

नयी दिल्ली। राजस्व सचिव अरविंद श्रीवास्तव ने बृहस्पतिवार को कहा कि सीमा शुल्क प्रक्रियाओं को, निर्यातकों को वैश्विक बाजारों तक तेजी एवं निश्चितता के साथ पहुंचने में सक्रिय रूप से सक्षम बनाना चाहिए क्योंकि भारत घरेलू विनिर्माण के विस्तार तथा एमएसएमई व उद्यमियों के समर्थन पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने कहा कि बजट में घोषित सीमा शुल्क सुधारों के दो मुख्य आधार ''हितधारकों पर विश्वास'' एवं ''प्रौद्योगिकी का प्रभावी उपयोग'' हैं और सीमा शुल्क विभाग मानव संसाधन तथा प्रौद्योगिकी दोनों क्षेत्रों में प्रणालियों के निर्माण एवं क्षमताओं के संवर्धन के लिए प्रयास करेगा। सीमा शुल्क सुधारों पर राष्ट्रीय संगोष्ठी-2026 को संबोधित करते हुए श्रीवास्तव ने कहा कि राजस्व विभाग एवं हितधारकों के बीच संबंधों को लेकर सोच में बदलाव आ रहा है, ताकि कर विभाग तथा उद्योग के बीच एक अधिकारपूर्ण और टकरावपूर्ण संबंध के बजाय साझेदारी, सहयोग व सहकारिता का संबंध बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि भारत आज अपनी आर्थिक यात्रा के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। व्यापार कर बढ़ती मात्रा, वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में गहन एकीकरण, विकसित हो रहा डिजिटल वाणिज्य परिवेश और नागरिकों की बढ़ती आकांक्षाएं ऐसी शासन प्रणालियों की मांग करती हैं जो कुशल, पारदर्शी व उत्तरदायी हों। राजस्व सचिव ने कहा कि निर्यात अवसरों पर ध्यान देना भी समान रूप से महत्वपूर्ण है। भारत को विनिर्माण का विस्तार करने और एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम), डिजिटल उद्यमियों तथा स्टार्टअप का समर्थन करने के लिए सीमा शुल्क प्रक्रियाओं को निर्यातकों को वैश्विक बाजारों तक तेजी एवं निश्चितता के साथ पहुंचने में सक्रिय रूप से सक्षम बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीमा शुल्क प्रशासन केवल एक नियामक प्राधिकरण नहीं है, बल्कि एक ऐसी संस्था भी है जो आर्थिक वृद्धि को सक्षम बनाती है।

# संक्षिप्त समाचार

## क्रिकेट के पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के अलावा पर्यटन को भी बढ़ावा दे रही एसए20 लीग

**नयी दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के मौजूदा आईसीसी टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन का श्रेय काफी हद तक घरेलू टी20 लीग एसए20 को भी जाता है जिसने देश में क्रिकेट के पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के अलावा रोजगार के अवसर पैदा किए और पर्यटन को भी बढ़ावा दिया है। जनवरी 2023 में शुरू हुई इस लीग के चार सत्र के दौरान ही दक्षिण अफ्रीकी टीम ने क्रिकेट के मैदान पर कई शानदार नतीजे हासिल किए जिसमें आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल में पहुंचना और 2025 में ऑस्ट्रेलिया को हराकर आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब जीतना भी शामिल है। भारत और श्रीलंका में चल रहे मौजूदा आईसीसी टी20 विश्व कप में भी दक्षिण अफ्रीका की टीम अब तक अजेय है। इस लीग ने देश के क्रिकेट ढांचे को ही मजबूत नहीं किया है बल्कि देश में रोजगार के नए अवसर पैदा करने के अलावा पर्यटन को भी बढ़ावा दिया है। इस लीग की सभी छह टीम एमआई केपटाउन, पार्ल रॉयल्स, जोबर्ग सुपरकिंग्स, डरबन सुपर जाइंट्स, प्रिटोरिया कैपिटल्स और सनराइजर्स ईस्टर्न केप के मालिक भारतीय हैं और ऐसे में लीग की नजरें स्थानीय पर्यटकों के अलावा भारतीय पर्यटकों पर भी टिकी हैं। अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए मशहूर केपटाउन और वेस्टर्न केप की पर्यटन, उद्योग और निवेश को बढ़ावा देने वाली आधिकारिक एजेंसी वेसग्रो ने भी एसए20 की लोकप्रियता को भुनाकर पर्यटकों को आकर्षित करने की योजना बनाई है। वेसग्रो की कार्यकारी मुख्य पर्यटन अधिकारी जूलिया लोव ने अपनी योजनाओं को साझा करते हुए बताया, ''हम अभी डेस्टिनेशन मार्केटिंग अभियान में व्यस्त हैं। हम अलग-अलग चीजों के फिल्मांकन के व्यस्त हैं और इसमें क्रिकेट भी एक है। उन्होंने कहा, ''हम अपनी मार्केटिंग एजेंसी के साथ मिलकर भारत में प्रचार शुरू करने के लिए काम कर रहे हैं। यह बहुत खास है। हम दक्षिण अफ्रीका पर्यटन के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। जूलिया ने बताया कि भारत के लोग पर्यटन स्थल के रूप में दक्षिण अफ्रीका में काफी रुचि दिखा रहे हैं।

## सेबी ने म्यूचुअल फंड वर्गीकरण नियम में सुधार किया, 'लाइफ साइकल फंड' पेश

**नयी दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने बृहस्पतिवार को म्यूचुअल फंड योजनाओं के वर्गीकरण के लिए एक संशोधित रूपरेखा जारी की। इसके तहत 'लाइफ साइकल फंड' को शामिल किया गया है, समाधान उन्मुख योजनाओं की श्रेणी को समाप्त किया गया है और एकरूपता और निवेशक संरक्षण को बढ़ाने के लिए खुलासा मानदंडों को सख्त किया गया है। यह कदम, योजनाओं के नाम में बढ़ा-चढ़ाकर किए गए रिटर्न दावों पर अंकुश लगाने और 'नाम के अनुरूप' स्थिति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। सेबी म्यूचुअल फंड के बदलते परिदृश्य और विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों में उभरते अवसरों के अनुरूप नियामकीय रूपरेखा बनाने का प्रयास कर रहा है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपने परिपत्र में योजनाओं को मोटे तौर पर पांच श्रेणियों३ इक्विटी, ऋण (बॉन्ड), हाइब्रिड, लाइफ साइकल और अन्य योजनाएं- फंड ऑफ फंड्स योजनाएं और इंडेक्स फंड या ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) जैसी पैसिव योजनाओं३में वर्गीकृत किया है। सेबी ने कहा, ''योजना का नाम योजना श्रेणी के अनुरूप होगा। इसका मकसद निवेशकों के लिए योजनाओं की पहचान को आसान बनाना और म्यूचुअल फंड में एक विशेष श्रेणी की योजनाओं के नामों में एकरूपता लाना है। बाजार नियामक ने कहा, ''योजना के नाम में ऐसे शब्दों/वाक्यांशों का प्रयोग नहीं किया जाएगा जो केवल योजना के प्रतिफल पहलू को बताते हों। पेशकश दस्तावेजों और विज्ञापनों में 'योजना के प्रकार' के विवरण में सेबी के निर्धारित प्रारूप का सख्ती से पालन करना चाहिए। चॉइस वेल्थ के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) निकुंज सर्राफ ने कहा कि सेबी के नए वर्गीकरण नियम खुदरा निवेशकों के लिए लगातार जटिल होते जा रहे इस उद्योग को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा, ''इक्विटी, डेट (बॉन्ड), हाइब्रिड और समाधान-उन्मुख फंड में श्रेणियों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करके और एक समान परिसंपत्ति आवंटन सीमाएं निर्धारित करके, नियामक यह सुनिश्चित कर रहा है कि योजनाएं वास्तव में अपने दावों को प्रतिबिंबित करें। इससे दोहराव कम होता है, तुलनात्मक स्थिति बेहतर होती है और उत्पाद की स्थिति में आवश्यक पारदर्शिता आती है। परिपत्र के अनुसार, समाधान उन्मुख योजनाओं की श्रेणी को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है।

# डब्ल्यूटीओ में भारत की आठवीं व्यापार नीति समीक्षा जुलाई में होगी

एजेंसी

नयी दिल्ली। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में भारत की आठवीं व्यापार नीति समीक्षा इस साल जुलाई में होगी। इस दौरान सदस्य देशों की तरफ से भारत की व्यापार नीतियों की व्यापक समीक्षा की जाएगी। बृहस्पतिवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। वित्त मंत्रालय ने कहा कि व्यापार नीतियों की इस समीक्षा से पहले भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने डब्ल्यूटीओ में भारत के डिजिटल कस्टम सुधारों और व्यापार सुगमता समझौते (टीएफए) के क्रियान्वयन को प्रस्तुत किया। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के सदस्य (सीमा शुल्क) सुरजीत भुजबल ने किया। इसके पहले, भारत की सातवीं व्यापार नीति समीक्षा जनवरी, 2021 में जिनेवा स्थित डब्ल्यूटीओ में की गई थी। सीबीआईसी और भारत के स्थायी मिशन ने 24 फरवरी को डब्ल्यूटीओ में विशेष व्यापार सुगमता सत्र आयोजित किए थे। इन सत्रों में करीब 40 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिससे भारत के अनुभव और बेहतर व्यवहार में व्यापक रुचि दिखाई दी। मंत्रालय ने कहा कि भारत ने डब्ल्यूटीओ के व्यापार सुगमता समझौते के तहत अपनी 100 प्रतिशत प्रतिबद्धताओं को तय समयसीमा के भीतर अधिसूचित कर दिया है। इसके बाद अब देश 'टीएफए प्लस' उपायों की ओर बढ़ रहा है, जो राष्ट्रीय व्यापार सुगमता कार्ययोजना (एनटीएफएपी 3.0) के तहत न्यूनतम मानकों से आगे जाकर वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप सुधारों पर केंद्रित हैं। व्यापार सुगमता पर आयोजित सत्र के दौरान भारतीय सीमा शुल्क विभाग ने 'सम्पूर्ण-सरकार दृष्टिकोण' पर जोर देते हुए चेहरा-रहित, संपर्क-रहित और कागज-रहित सीमा-शुल्क व्यवस्था बनाने के प्रयासों को रेखांकित किया।

# गोयल ने अमेरिकी वाणिज्य मंत्री लुटनिक से की मुलाकात, व्यापार पर हुई चर्चा

एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक और भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की गई। गोयल ने कहा कि व्यापार और आर्थिक साझेदारी के विस्तार पर यह बैठक ऐसे समय में हुई है, जब दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के कानूनी मसौदे को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में हैं, जिससे इसकी अहमियत और बढ़ जाती है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापक शुल्क आदेश को निरस्त किए जाने के बाद अमेरिका ने दुनिया के सभी देशों पर 150 दिन के लिए 10 फीसदी शुल्क लागू करने का ऐलान किया था। हालांकि, इसे ट्रंप प्रशासन ने बाद में बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया है। इसके अलावा ट्रंप ने भारत से आयात होने वाले सोलर सेल और मॉड्यूल पर 126 फीसदी तक का भारी काउंटरवेलिंग ड्यूटी (अतिरिक्त टैरिफ) लगा दिया है।

# एनसीईआरटी मामले में न्यायपालिका के आदेश का पालन किया जायेगा : धर्मेन्द्र

एजेंसी

नयी दिल्ली। शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की आठवीं कक्षा की समाज विज्ञान की पुस्तक विवाद पर कहा कि सरकार न्यायपालिका का पूरा सम्मान करती है और उच्चतम न्यायालय के सभी निर्देशों का पालन किया जायेगा।

श्री प्रधान ने उच्चतम न्यायालय के एनसीईआरटी की कक्षा आठ की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक के पुनर्मुद्रण और डिजिटल प्रसार पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के आदेश पर गुरूवार को अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'हम न्यायपालिका का पूरा सम्मान करते हैं। न्यायपालिका ने जो भी कहा है, हम उसका पूरा पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि जो भी हुआ है, उससे मैं दुखी दुखी हूं, और मैं इस पर अफसोस जताता हूं। उन्होंने कहा कि जब यह घटना हमारे सामने आयी तुरंत ही एनसीईआरटी को निर्देश देकर सारी किताबों को वापस कराया। किताबें आगे नहीं पहुंचे उसकी व्यवस्था की गयी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि न्यायपालिका का असम्मान करने का कोई उद्देश्य नहीं था और जो घटना हुई है उसको सरकार गंभीरता से लेती है। उन्होंने कहा कि इस मामले में जांच की जायेगी और उस चैप्टर को तैयार करने में जो शामिल है उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आगे इस प्रकार की पुनरावृति न हो इसके लिए न्यायपालिका को आश्वस्त किया गया है। भाजपा की यह टिप्पणी उच्चतम न्यायालय द्वारा राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की कक्षा आठ की उस पाठ्यपुस्तक पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के बाद आयी जिसमें न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पर एक अध्याय शामिल है। साथ ही शीर्ष अदालत ने पुस्तक की सभी भौतिक प्रतियां जब्त करने और डिजिटल प्रतियों को हटाने का आदेश दिया। न्यायालय ने साथ ही यह भी कहा कि न्यायपालिका को बदनाम करने के लिए एक ''सुनियोजित साजिश'' है। इस मुद्दे पर पूछे जाने पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा, 'जहां तक एनसीईआरटी का मुद्दा है, तो यह एक संवेदनशील मामला है। मैं पार्टी के प्रवक्ता के तौर पर यह कहना चाहूंगा कि भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में कोई भी संस्था भारतीय न्यायपालिका जितनी स्वतंत्र और न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने यहां भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से कहा, 'हम सभी भारतीय न्यायपालिका के प्रति बहुत सम्मान और गर्व की भावना रखते हैं और यह भावना हर किसी के दिल में है। पात्रा ने कहा कि बुधवार को उच्चतम न्यायालय में मामले की सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी इस बात पर जोर दिया कि सरकार न्यायपालिका के साथ है और उसका समर्थन करती है। भाजपा नेता पात्रा ने कहा, 'हम न्यायपालिका को प्रणाम भी करते हैं। भारतीय न्यायपालिका जिस निष्पक्षता के साथ कार्य करती है, उसे देखते हुए हमें हमेशा देश की न्यायपालिका का सम्मान करना चाहिए और उसके साथ खड़ा रहना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने बुधवार को एनसीईआरटी के कक्षा 8 के सामाजिक विज्ञान पाठ्यक्रम में शामिल अध्याय पर कड़ी आपत्ति जतायी थी, जिसके बाद एनसीईआरटी ने विवादित पाठ्यपुस्तक को अपनी वेबसाइट से हटा दिया।



# आज से भगवान जगन्नाथ हो गए हैं जमशेदपुर बिहारी : राष्ट्रपति

एजेंसी

जमशेदपुर। 'श्री श्री जगन्नाथ मंदिर की जमशेदपुर में स्थापना का यह सही समय है। भगवान जगन्नाथ जल्दी नहीं आते, उनके आने का इंतजार करना पड़ता है। 'आज से भगवान जगन्नाथ जमशेदपुर बिहारी हो गए हैं।'

यह बातें भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कदमा स्थित मरीन ड्राइव में श्री श्री जगन्नाथ मंदिर एवं जगन्नाथ आध्यात्मिक धर्मार्थ केंद्र की आधारशिला रखने के अवसर पर कहीं। भूमि पूजन के बाद आयोजित सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने भावनात्मक अंदाज में कहा कि अब भगवान जगन्नाथ जमशेदपुर में विराजमान होने जा रहे हैं और 'आज से भगवान जगन्नाथ जमशेदपुर बिहारी हो गए हैं।'राष्ट्रपति ने रांची में स्थापित जगन्नाथ मंदिर का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां मंदिर बनने के बाद भगवान 'निड़ाचढ़ बिहारी' कहलाए और अब झारखंड में व्यापक रूप से पूजे जा रहे हैं। जमशेदपुर में मंदिर निर्माण के साथ उनकी कृपा इस शहर पर भी बरसेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि यह आध्यात्मिक एवं धर्मार्थ केंद्र न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगा,बल्कि समाज सेवा और सांस्कृतिक चेतना का भी महत्वपूर्ण स्थल सिद्ध होगा। इसके पूर्व कदमा मरीन ड्राइव स्थित कार्यक्रम स्थल पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पहुंचते ही पूरे परिसर में उत्साह का माहौल बन गया।




वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के बीच भूमि पूजन संपन्न हुआ और मंदिर निर्माण की औपचारिक शुरुआत की। अपने संबोधन में राष्ट्रपति मुर्मू ने भगवान जगन्नाथ की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा कि वे सर्वसुलभ और सर्वप्रिय भगवान हैं, जिनकी लोकप्रियता पूरे विश्व में है। उन्होंने रथ यात्रा की परंपरा का जिक्र करते हुए कहा कि जब रथ यात्रा निकलती है तो भगवान भक्तों के बीच झूला झूलते, गान और उत्सव के साथ पहुंचते हैं। उनका आगमन प्रतीक्षा और भक्ति का प्रतीक है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार तथा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और उनकी पत्नी, सांसद विद्युत वरण महतो, विधायक सरयू राय सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# दूसरों की भावनाओं का सम्मान करना लोकतंत्र का मूल आधार : राधाकृष्णन

एजेंसी

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि लोकतंत्र में दूसरों की भावनाओं का सम्मान करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना अपनी भावनाओं का सम्मान करना और इस तरह के आदान-प्रदान से राष्ट्रीय एकता मजबूत होती है।

श्री राधाकृष्णन ने गुरूवार को श्रीनगर में कश्मीर विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालयों को भले ही बुनियादी ढांचे और अकादमिक उत्कृष्टता के लिए जाना जाता हो, लेकिन उनकी सच्ची विरासत उनके स्नातकों के चरित्र और योगदान में झलकती है।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौता किसानों के हित को कमजोर करती है: राहुल गांधी

एजेंसी

पेरावूर। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को केरल के पेरावूर में 'किसान सम्मेलन (कर्षक संगमम)' को संबोधित करते हुए किसानों को 'भारत की नींव' बताया और केंद्र सरकार पर अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते के माध्यम से उनके हितों को कमजोर करने का आरोप लगाया।

श्री गांधी ने केसी वेणुगोपाल, सनी जोसेफ, के सुधाकरन और शफी परम्बिल सहित राज्य के नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि देशभर में किसान कीमतों की असुरक्षा और भंडारण सुविधाओं की कमी से लेकर मानव-पशु संघर्ष की बढ़ती घटनाओं जैसी निरंतर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। कंग्रेस नेता ने कहा कि किसी देश का निर्माण हवा में नहीं किया जा सकता। जैसे एक इमारत को नींव की जरूरत होती है, वैसे ही भारत को एक नींव की जरूरत है और वह नींव भारतीय किसान है। उन्होंने कहा कि यदि आप अपनी नींव का सम्मान नहीं करते हैं।

# मंगोलपुरी में श्री गुरु रविदास जी का 649वी जयंती समारोह मनाया गया

एजेंसी

नई दिल्ली । श्री गुरु रविदास मंदिर के ब्लॉक मंगोलपुरी दिल्ली में गुरु रविदास जी महाराज की 649वी जयंती के उपलक्ष में सत्संग आयोजित किया गया। संगत में भारी उत्साह था । देर रात तक मंदिर में सजावट का काम चलता रहा । गुरु जी की पालकी और अमृतवाणी पालकी को ताजे फूलों से सजाया गया । पूरे हाल में रंग बिरंगे गुबारों से सजावट की गई । रंग बिरंगे सुंदर गलीचों से फर्श को सजाया हया। सुबह 7.00 बजे अमृत बाणी के पाठ आरम्भ किए गये और 10.00 बजे समाप्ति पर भोग पाए गए ।

श्रद्धालुओं के लिए पकौड़े और चाय का नाश्ता बनाया गया । 10.30 बजे से कीर्तन का आरंभ हुआ

# पेज एक का शेष

## 'भ्रष्टाचार' पर अध्याय...

गई किताब शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरुआत में विद्यार्थियों को दे दी जाएगी। एनसीईआरटी ने इस गलती पर खेद जताते हुए माफी मांगी है और कहा है कि आगे से ऐसी गलती न हो, इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा।

## इजराइल में ...

दोनों देशों के बीच कई महत्वपूर्ण समझौतों और सहमति के ज्ञापनो पर हस्ताक्षर किये गये। प्रधानमंत्री ने यात्रा के पहले दिन बुधवार को इज़राइल की संसद को संबोधित किया था। वह आज इजराइल के राष्ट्रपति इसहाक हरज़ोग से भी मुलाकात की।

## मोदी इंस्टाग्राम पर...

के बीच उनकी लोकप्रियता को रेखांकित करता है। भारत में भी फॉलोअर की संख्या के मामले में अंतर काफी बड़ा है, क्योंकि इंस्टाग्राम पर मोदी अन्य भारतीय नेताओं से काफी आगे हैं। उनके बाद दूसरे स्थान पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं जिनके लगभग 1.61 करोड़ फॉलोअर हैं, उनके बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगभग 1.26 करोड़ फॉलोअर के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

## अब रेल दावे...

भी, कभी भी ऑनलाइन मामला फाइल किए जा सकते हैं, जिससे मामला दर्ज करने वालों के लिए पहुंच , सुविधा और पारदर्शिता में काफी सुधार होगा। श्री वैष्णव ने कहा कि रेलटेक नीति रेलवे में तकनीक को बड़े पैमाने पर और व्यवस्थित तरीके से शामिल करने के लिए तैयार की गयी है। उन्होंने कहा कि नयी नीति से नवप्रवर्तक, स्टार्टअप और अनुसंधानकर्ता भारतीय रेलवे से एक ढांचागत और आसान तरीके से जुड़ सकेंगे। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति जिसके पास एक मज़बूत तकनीकी आइडिया हो, वह एक समर्पित रेलटेक पोर्टल के ज़रिए रेलवे से संपर्क कर सकेगा, जो पूरी तरह से डिजिटल, प्रक्रिया के ज़रिए काम करेगा। उन्होंने कहा कि इसका मकसद, कड़े विशेष विवरण के आधार पर ठेकेदार चुनने के पहले की मुश्किल प्रणाली से हटकर, नयी तकनीक के परीक्षण और अपनाने पर केंद्रिय करने वाला एक आसान, नवाचार-संचालित ढांचा तैयार कर दी है। उन्होंने कहा कि इस नीति को को रक्षा क्षेत्र में शामिल करने की पहले, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय स्टार्टअप ढांचा और टेलीकॉम क्षेत्र नवाचार नीति जैसे सफल मॉडल का अध्ययन करने के बाद तैयार किया गया। वित्तपोषण संरचना के बारे में जानकारी देते हुए रेल मंत्री ने बताया कि जब कोई स्टार्टअप या नवप्रवर्तक किसी काम का तकनीकी समाधान का प्रस्ताव पेश करते हैं, जैसे, रेलवे ट्रैक के पास हाथियों का पता लगाने के लिए एआई आधारित कैमरा प्रणाली, तो रेलवे ज़रूरी विकास निधि का 50 प्रतिशत तक मुहैया करायेगी। एक बार परियोजना सफल हो जाने पर समाधान को बढ़ाने के लिए बड़े लंबी अवधि तक के ऑर्डर दिए जाएंगे। यह नीति सिर्फ़ प्रयोग करने के लिए नहीं बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए तैयार की गयी है कि सफल नवाचार को बड़े पैमाने पर लागू किए जाएं। रेलवे के अनुसार इस दौरान रेल टेक नीति का मकसद भारतीय रेलवे में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए नवप्रवर्तकों , स्टार्टअप्स, उद्योगों और संस्थानों को शामिल करना है। यह नीति नवप्रवर्तकों के चयन को आसान बनाती है और नवाचार के लिए एक खास रेल टेक वेबसाइट' पेश करती है। नवाचार की चुनौती चैलेंज कोई भी नवप्रवर्तक या विभागीय उपयोगकर्ता शुरू कर सकता है, जिसमें प्रस्ताव को एक ही चरण में विस्तत में जमा करना होता है। यह नीति एक उपभोक्ता - अनुकूल अंतराफलक देती है, स्केल-अप ग्रांट को तीन गुना से ज़्यादा बढ़ाती है और प्रोटोटाइप विकास और प्रशिक्षण के लिए अधिकतम आवंटन को दोगुना करती है। मुख्य नवाचार क्षेत्र में हाथियों की आवाजाही का पता लगाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) आधारित प्रणाली (ईआईडीएस), कोच में आग लगने की घटना का पता लगाने के लिए एआई आधारित प्रणाली , टूटी हुई रेल का पता लगाना के लिए ड्रोन आधारित प्रणाली , रेलटूटी हुई पटरियों का पता लगाना, पार्सल वैन (वीपीयू) पर भार गणना उपकरण निगरानी उपकरण, , कोच पर सोलर पैनल, कोचों की सफाई की निगरानी के लिए एआई आधारित प्रणाली, कोहरे वाले माहौल में रुकावट का पता लगाना, और पेंशन और विवाद सुलझाने के एआई आधारित प्रणाली हैं। इस अवसर पर आरसीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति कंवलजीत सिंह अहलुवालिया भी उपस्थित थे। उन्होंने इस पहल के लिए रेल मंत्री श्री वैष्णव को बधाई दी और कहा कि उनके पास सूचना प्रौद्योगिकी विभाग भी है जिसके चलते यह सुधार तेजी से होने जा रहा है । उनके नेतृत्व की प्रसंसा करते हुए श्री अहलुवालिया ने कहा कि एआई आधारित ईआरसीटी प्रणाली से रेलवे में लंबित दवों का तेजी से सामाधान करने में बड़ी मदद मिलेगी। रेलवे का कहना है कि ई-आरसीटी चौबीसों घंटे ई-फाइलिंग और स्वचालित चेतावी के साथ दावों में तेज़ी, पारदर्शिता और नागरिक-केंद्रित डिजिटल प्रक्रिया सुनिश्चित करेगी। श्री वैष्णव ने 'रेलटेक' डिटिटल प्लेटफार्म को को 'स्टार्ट द्वारा, स्टार्टअप के लिए खुला मंच'' बताते हुए कहा कि रेलटेक नीति का मसौदा स्टर्टअप इकाइयों ने ही बना कर दिया था। उन्होंने रेलटेक डिजिटल मंच को बटन दबा कर प्रारंभ करते हुए कहा, '' यह सतत खुला रहेगा। इस वेबसाइट पर आप अपने विचार, प्रौद्योगिकी समाधार कभी भी प्रस्तुत कर सकते हैं। इससे पहले श्री वैष्णव ने 14 परवरी को देश के विभिन्न हिस्सों में 500 कार्गो टर्मिनल बनाने तथा बिना आरक्षण वाले डिब्बों में आरक्षित डिब्बों की तरह सफाई की व्यवस्था करने की घोषणा की थी। उल्लेखनीय है कि रेलवे दावा न्यायाधीकरण 1987 के तहत बना रेलवे दावा न्यायाधिकरण, रेलवे दुर्घटनाओं और अनचाही घटनाओं में मौत या चोट लगने पर मुआवज़े, सामान के खोने या न मिलने, और किराए तता माल के रिफंड से जुड़े रेलवे प्रशासन के खिलाफ दावों पर फैसला करता है। मौजूदा समय में भारत के 21 शहरों में मौजूद इसकी 23 पीठें हैं। इसकी मुख्य पीठ दिल्ली में है। इसकी हर पीठ में एक न्यायिक सदस्य और एक तकनीकी सदस्य होता है।

## शराब पीकर गाड़ी...

रूप से रद्द कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस को ग्रेड सिस्टम में बदला जा रहा है और बार बार गलती होने पर जैसे ही 12 ग्रेड पर पहुंचेगा लाइसेंस को निलंबित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि करीब पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं हर साल होती हैं जिनमें 1 लाख 80 हजार लोगों की मृत्यु होती है। इनमें 72 प्रतिशत युवा होते हैं जिनकी उम्र 18 से 45 साल के बीच होती है जबकि 18 वर्ष से कम आयु के 10,119 बच्चों की मौत होती है। हेलमेट न पहनने के कारण 54,122 और सीट बेल्ट का उपयोग न करने से 14,466 लोगों की मृत्यु का आंकड़ा है। इसके अलावा तेज गति भी सड़क दुर्घटनाओं का बड़ा कारण है और इससे 1.2 लाख लोगों की मौत होती हैं। गलत दिशा में गाड़ी चलाना, शराब पीकर गाड़ी चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करना जैसे कई कारण सड़क दुर्घटनाओं के हैं। सड़क दुर्घटनाओं के चार प्रमुख कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि इसमें रोड इंजीनियरिंग में डीपीआर की गुणवत्ता में कमी भी एक कारण है इसलिए इसमें बदलाव लाया गया है और ठेकेदारों और डीपीआर कंपनियों की रेटिंग तय कर दी गई है।

## 47 हजार..

उन कार्मिकों को एसीपी न दिया जाय जिन्हें इस वर्ष देय हो। इसी प्रकार उक्त कार्मिकों को विदेश यात्रा और प्रतिनियुक्ति के लिए विजिलेंस क्लीयरेंस न दिया जाय। इतना ही नहीं यह निर्देश दिए गए हैं कि पोर्टल पर विवरण न दर्ज करने वाले कार्मिकों को जनवरी का वेतन भुगतान करने वाले आहरण वितरण अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। शासनादेश में कहा गया है कि 31 जनवरी तक अपना विवरण न दर्ज करने वाले कार्मिक, जो 10 मार्च तक अपनी चल अचल संपत्ति का विवरण अपलोड कर देते हैं, उन्हें ऐसा करने के तुरंत बाद जनवरी व फरवरी 2026 का वेतन भुगतान कर दिया जाएगा। यह संबंधित आहरण वितरण अधिकारी का दायित्व होगा।

## मुख्यमंत्री का सिंगापुर-जापान...

और निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। जापान में निवेश संवाद के दौरान जिन प्रमुख कंपनियों के साथ एमओयू हस्ताक्षरित हुए, उनमें कुबोटा कॉरपोरेशन, स्पार्क मिंडा (सहयोग में टोयो डेन्सो), जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री और नागासे एंड कंपनी लिमिटेड शामिल हैं। बयान के मुताबिक़, वहीं बी2जी बैठक में सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन, होंडा कार्स इंडिया लि., कोनोइके ट्रांसपोर्ट कंपनी लि., मित्सुई एंड कंपनी लि., रैपिडस कॉरपोरेशन, मारुबेनी कॉरपोरेशन, सुमितोमो रियलिटी एंड डेवलपमेंट कंपनी लि. और एमयूएफजी बैंक जैसी दिग्गज कंपनियों ने सहभागिता की। इन कंपनियों के प्रमुख निवेश क्षेत्र कृषि मशीनरी, ऑटो ओईएम व कंपोनेंट्स, ऑटो आरएंडडी, सेमीकंडक्टर, डाटा सेंटर, ग्रीन हाइड्रोजन, पावर-टू-गैस, कंप्रेस्ड बायो गैस, ईएसडीएम, लॉजिस्टिक्स एवं वेयरहाउसिंग रहे। जापान दौरे में हरित ऊर्जा सहयोग को बढ़ावा देते हुए यूनिवर्सिटी ऑफ यामानाशी, यामानाशी हाइड्रोजन कंपनी, आईआईटी कानपुर, हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी, आईआईटी बीएचयू और मदन मोहन मालवीय यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के सहयोग से ग्रीन हाइड्रोजन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने की घोषणा की गई। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में 500 एकड़ में 'जापान सिटी' विकसित की जाएगी, जहां जापानी कंपनियों के लिए समर्पित औद्योगिक वातावरण तैयार होगा। इसके अलावा ओईएम एवं कंपोनेंट निर्माताओं के लिए डेडिकेटेड ऑटो क्लस्टर और आरएंडडी सुविधाएं स्थापित की जाएंगी।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

## होली विशेष रेलगाड़ियाँ-2026 की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी होली त्यौहार के दौरान पहले से ही घोषित अनेक होली विशेष रेलगाड़ियों के अलावा रेलवे द्वारा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:

### 04088/04087 नई दिल्ली - पटना जं. - नई दिल्ली आरक्षित विशेष एक्सप्रेस (प्रतिदिन) — 10 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04088 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04087 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 14:30 | नई दिल्ली | 09:10 | --- |
| 10:45 | --- | पटना जं. | --- | 12:05 |

**चलने के दिन:** **04088 नई दिल्ली से** दिनांक 27.02.2026 से 03.03.2026 तक (प्रतिदिन) और **04087 पटना जं.** से दिनांक 28.02.2026 से 04.03.2026 तक (प्रतिदिन)।
**स्थान:** 3 टियर वाता,, शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** टूण्डला जं., गोविंदपुरी, सूबेदारगंज, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., दिलदारनगर जं., बक्सर, रघुनाथपुर, आरा एवं दानापुर स्टेशन।

### 04056/04055 आनन्द विहार(टर्मि.)-बलिया-आनन्द विहार(टर्मि.) विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04056 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04055 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 18:05 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 06:35 | --- |
| 10:10 | --- | बलिया | --- | 14:00 |

**चलने के दिन:** **04056 आनन्द विहार(टर्मि.) से** दिनांक 04.03.2026 से 25.03.2026 (बुधवार) तक। और **04055 बलिया** से दिनांक 05.03.2026 से 26.03.2026 (गुरुवार) तक।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान
**ठहराव:** कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., जौनपुर एवं गाजीपुर सिटी स्टेशन।

### 04664/04663 अमृतसर-पटना जं.-अमृतसर आरक्षित विशेष रेलगाड़ी — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04664 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04663 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 09:45 | अमृतसर | 20:00 | --- |
| 02:35 | 02:45 | लखनऊ | 03:45 | 03:55 |
| 13:30 | --- | पटना जं. | --- | 16:00 |

**चलने के दिन:** **04664 अमृतसर से** दिनांक 27.02.2026, 02.03.26 एवं 05.03.26 को। और **04663 पटना जं.** से दिनांक 28.02.2026, 03.03.2026 एवं 06.03.2026 को।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** ब्यास, जलंधर सिटी, ढंडारी कलां, सरहिंद जं., अंबाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, रूड़की, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, हरदोई, सुल्तानपुर जं., वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशन।

### 04026/04025 आनन्द विहार(टर्मि.)-गोरखपुर-आनन्द विहार(टर्मि.) विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन) — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04026 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04025 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 21:05 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 06:20 | --- |
| 12:00 | --- | गोरखपुर | --- | 14:00 |

**चलने के दिन:** **04026 आनन्द विहार(टर्मि.) से** दिनांक 27.02.2026 से 02.03.2026 तक (प्रतिदिन) और **04025 गोरखपुर** से दिनांक 28.02.2026 से 03.03.2026 तक (प्रतिदिन)।
**स्थान:** 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.।
**ठहराव:** गाजियाबाद, हापुड, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., ऐशबाग, गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।

### 01302 हज़रत निज़ामुद्दीन-कलबुरगि विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 01 फेरा

| रेलगाड़ी सं. 01302 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन |
|---|---|---|
| --- | 11:10 | हज़रत निज़ामुद्दीन |
| 08:30 | --- | कलबुरगि |

**चलने के दिन:** **01302 हज़रत निज़ामुद्दीन से** दिनांक 01.03.2026 को
**स्थान:** 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** कोसी कलाँ, मथुरा जंक्शन, आगरा कैंट, धौलपुर, ग्वालियर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, बीना, रानी कमलापति, इटारसी जं., खंडवा, अकोला जं., वाशिम, हिंगोली डेक्कन, बासमत, पूर्णा जं., परभणी जं., परली वैजनाथ, लातूर रोड और बीदर स्टेशन।

### 02569/02570 दरभंगा-नई दिल्ली-दरभंगा विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (प्रतिदिन) — 61 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 02569 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 02570 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 06:30 | दरभंगा | 10:00 | --- |
| 04:00 | --- | नई दिल्ली | --- | 12:15 |

**चलने के दिन:** **02569 दरभंगा से** दिनांक 01.03.2026 से 30.03.2026 तक (प्रतिदिन) और **02570 नई दिल्ली** से दिनांक 01.03.26 से 31.03.26 तक (प्रतिदिन)।
**स्थान:** 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान।
**ठहराव:** समस्तीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., छपरा, सीवान जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., बस्ती, ऐशबाग एवं कानपुर सेंट्रल स्टेशन।

### 05017/05018 मऊ जं.-वलसाड-मऊ जं. विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05017 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05018 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 03:45 | मऊ जं. | 00:45 | --- |
| 11:25 | 11:27 | बाराबंकी | 17:30 | 17:32 |
| 12:35 | --- | वलसाड | --- | 15:10 |

**चलने के दिन:** **05017 मऊ जं. से** दिनांक 28.02.2026 एवं 07.03.2026 को (शनिवार) और **05018 वलसाड** से दिनांक 01.03.2026 एवं 08.03.2026 को (रविवार)।
**स्थान:** 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर, बस्ती, गोंडा जं., बादशाहनगर, ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल, टूण्डला जं., ईदगाह आगरा जं., बयाना जं., गंगापुर सिटी, कोटा जं., रामगंज मंडी, भवानी मंडी, नागदा जं., रतलाम जं., वडोदरा जं. और सूरत स्टेशन।

### 05064/05063 गोमतीनगर-मालतीपाटपुर-गोमतीनगर एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 09 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05064 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05063 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 18:55 | गोमतीनगर | 20:00 | --- |
| 05:25 | 05:30 | जौनपुर | 09:40 | 09:50 |
| 03:30 | --- | मालतीपाटपुर | --- | 11:15 |

**चलने के दिन:** **05064 गोमतीनगर से** दिनांक 05.03.26 से 26.03.2026 तक (गुरुवार) और **05063 मालतीपाटपुर** से दिनांक 28.02.26 से 28.03.26 तक (शनिवार)।
**स्थान:** 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, मऊ जं., औंड़िहार जं., वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, सासाराम, डेहरी—ऑन—सोन, गया जंक्शन, कोडरमा जंक्शन, नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमो, भोजुडीह जंक्शन, आद्रा जंक्शन, बांकुड़ा, बिष्णुपुर, मेदिनीपुर, हिजली, बालेश्वर, भद्रक, जाजपुर केन्द्रुझर रोड, कटक, भुवनेश्वर और खोरधा रोड जं. स्टेशन।

### 05140/05139 प्रयागराज रामबाग-अयोध्या कैंट-प्रयागराज रामबाग विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (प्रतिदिन) — 20 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05140 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05139 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 18:05 | प्रयागराज रामबाग | 19:30 | --- |
| 05:35 | --- | अयोध्या कैंट | --- | 08:35 |

**चलने के दिन:** **05140 प्रयागराज रामबाग से** दिनांक 01.03.2026 से 10.03.2026 तक (प्रतिदिन) और **05139 अयोध्या कैंट** से दिनांक 02.03.2026 से 11.03.2026 तक (प्रतिदिन)।
**स्थान:** 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंड़िहार जंक्शन, दुल्लहपुर, मऊ जंक्शन, बेल्थरा रोड, सलेमपुर जंक्शन, भटनी जंक्शन, देवरिया सदर, चौरी चौरा, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, मनकापुर जंक्शन, कटरा और अयोध्या धाम जं. स्टेशन।

### 09639/09640 मदार जं.-रोहतक जं.-मदार जं. अनारक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (प्रतिदिन) — 62 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09639 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09640 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 04:30 | मदार जं. | 22:35 | --- |
| 12:50 | --- | रोहतक जं. | --- | 13:20 |

**चलने के दिन:** **09639 मदार जं. से** और **09640 रोहतक जं.** से दिनांक 01.03.2026 से 31.03.2026 तक (प्रतिदिन)।
**स्थान:** सामान्य।
**ठहराव:** किशनगढ़, नरेना, फुलेरा जं., रेनवाल, बधाल, रिंगस जं., श्री माधोपुर, कांवट, भगेगा, नीम का थाना, मांवडा, डाबला, निजामपुर, नारनौल, अटेली, कुण्ड, रेवाड़ी, गोकलगढ़, पाल्हावास, झज्जर और अस्थल बोहर स्टेशन।

### 02563/02564 बरौनी जं.-नई दिल्ली-बरौनी जं. विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (प्रतिदिन) — 61 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 02563 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 02564 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 07:40 | बरौनी जं. | 15:10 | --- |
| 05:10 | --- | नई दिल्ली | --- | 17:55 |

**चलने के दिन:** **02563 बरौनी जं. से** दिनांक 01.03.2026 से 30.03.2026 तक (प्रतिदिन) और **02564 नई दिल्ली** से दिनांक 01.03.26 से 31.03.26 तक (प्रतिदिन)।
**स्थान:** 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान।
**ठहराव:** मुजफ्फरपुर जं., छपरा, सीवान जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., बस्ती, ऐशबाग एवं कानपुर सेंट्रल स्टेशन।

**रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।**

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# गृह मंत्री अमित शाह ने सीमा क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण हटाने और घुसपैठियों को बाहर निकालने की भरी हुंकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अररिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीन दिवसीय सीमांचल के दौरे पर हैं। गृह मंत्री किशनगंज के बाद दौरे के दूसरे दिन अररिया के सिकटी प्रखंड में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) 52 वीं बटालियन के लेटी स्थित बॉर्डर आउट पोस्ट पहुंचे। जहां करोड़ों की लागत से बने भवन का लोकार्पण किया।

मौके पर गृह मंत्री ने भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र के दस किलोमीटर की परिधि में अवैध अतिक्रमण और घुसपैठियों पर निशाना साधा। उन्होंने ऐलान किया कि सीमा से दस किमी के अंदर तक के अवैध अतिक्रमण को खत्म कर घुसपैठियों को देश से बाहर किया जायेगा। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों को आश्वस्त किया कि एक एक घुसपैठियों को बाहर निकालने को लेकर वे दृढ़ संकल्पित हैं। घुसपैठियों को बाहर निकालने के बाद ही वे वोट मांगेंगे। उन्होंने कहा कि घुसपैठियों को देश से बाहर निकालना एक बड़ी ी चुनौतीहै। केन्द्र-राज्य सरकार के साथ-साथ सुरक्षा एजेंसियों के तालमेल से कार्य योजना तैयार कर उसे मूर्तरूप प्रदान करने के काम करेंगे। उन्होंने सीमा सुरक्षा प्रबंधन के तहत सीमा से दस किलोमीटर के अंदर के अवैध अतिक्रमण को हटाने को पहली प्राथमिकता करार दिया। उन्होंने घुसपैठियों के कारण हो रहे जनसांख्यिकी बदलाव को देश की संस्कृति और डेमोग्राफी के लिए चिंता का विषय बताया। अमित शाह ने कहा कि जनसंख्यायिकी परिवर्तन पर उच्च स्तरीय समिति बनाकर सीमांत क्षेत्र, बल्कि पूरे देश की समीक्षा की जायेगी। उन्होंने स्वीकार किया कि सबसे अधिक जनसांख्यिकी बदलाव पश्चिम बंगाल के साथ बिहार और झारखंड में हुआ है।उन्होंने कहा कि इसकी रोकथाम के लिए सीमा सुरक्षा के तहत अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर कंटीले तार और बाड लगाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा के दौरान जो हमने वादा किया था कि सीमांचल से घुसपैठियों को बाहर निकालेंगे, उसके हर हाल में पूरा करेंगे। गृह मंत्री के कार्यक्रम को लेकर भारत नेपाल सीमा से लेकर हेलिपैड, लेटी बीओपी कैम्प पर भारी संख्या में बिहार पुलिस के जवान और दंडाधिकारी के साथ के एसएसबी, सीआरपीएफ के अधिकारियों और जवानों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। इससे पहले लेटी पहुंचने पर गृह मंत्री का स्वागत डीएम विनोद दूहन,एसपी जितेन्द्र कुमार,भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा,सांसद प्रदीप कुमार सिंह,विधायक विजय कुमार मंडल सहित एसएसबी और केंद्रीय पुलिस बल के अधिकारियों आदि ने उनका स्वागत बुके और अंगवस्त्र प्रदान कर किया।

# चांदनी चौक में बिजली की तारों को भूमिगत करने की परियोजना का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को चांदनी चौक में ओवरहेड बिजली के तारों को भूमिगत करने की परियोजना का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली ने अपने अतीत को नमन करते हुए भविष्य की ओर एक मजबूत कदम बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने यहां पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि चांदनी चौक में लंबे समय से चली आ रही खतरनाक ओवरहेड बिजली के तारों की समस्या का समाधान किया जा रहा है। इसके तहत 28 प्रमुख सड़कों पर लगभग 160 करोड़ रुपये की लागत से भूमिगत बिजली की तारों को बिछाने का काम शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि हम बुनियादी ढांचे में सुधार लाने और दुकानदारों, स्ट्रीट वेंडरों और ग्राहकों को होने वाली समस्याओं को हल करने के लिए भी काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चांदनी चौक३ सदियों से व्यापार और संस्कृति का जीवंत केंद्र रहा है। यहां की हवेलियां इतिहास की गवाही देती हैं और गलियां हमारी विरासत को संजोए हुए हैं। लेकिन लंबे समय से ऊपर लटकते बिजली के तार इस सौंदर्य पर परदा डालते थे और सुरक्षा के लिए भी चुनौती थे। उन्होंने कहा कि आज चांदनी चौक में बिजली के तारों को भूमिगत करने की परियोजना का शुभारंभ केवल तकनीकी बदलाव नहीं है, बल्कि हमारी धरोहर को सुरक्षित, व्यवस्थित और सुंदर बनाने का संकल्प है। मुख्यमंत्री ने यहां से मंडोली में बीवाईपीएल के 66/11 केवी जीआईएस ग्रिड सब-स्टेशन और शिवालिक द्वारका तथा गोयला खुर्द में बीआरपीएल की चार यूटिलिटी-स्तरीय बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया गया। उन्होंने कहा कि इन पहलों से लाखों परिवारों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विरासत की रक्षा और भविष्य की तैयारी दिल्ली इसी संतुलन के साथ आगे बढ़ रही है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद, पार्षद सुमन गुप्ता, जिला अध्यक्ष अरविंद गर्ग उपस्थित रहे।

# बेटियों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है सरकार: धामी




कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रदेश सरकार बेटियों के जन्म से लेकर उनकी शिक्षा, सुरक्षा और रोजगार तक के समग्र सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए निरंतर कार्य भी कर रही है।

मुख्यमंत्री धामी गुरुवार को अपने आवास पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके परमुख्यमंत्री धामी ने नंदा गौरा योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रदेश की 33,251 बालिकाओं के बैंक खातों में डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) के माध्यम से 1 अरब 45 करोड़ 93 लाख रुपये की धनराशि एक क्लिक से हस्तांतरित की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज में बेटा-बेटी के बीच भेदभाव को समाप्त करने और कन्या जन्म को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने नंदा गौरा योजना शुरू की है। योजना के अंतर्गत बालिका के जन्म पर 11 हजार रुपये तथा 12वीं उत्तीर्ण करने पर उच्च शिक्षा के लिए 51 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि अब तक योजना के माध्यम से 3,77,784 बालिकाओं को कुल 11 अरब 68 करोड़ 49 लाख रुपये की धनराशि वितरित की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार बालिकाओं की उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में सरकारी सेवाओं में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया गया है, जिससे प्रदेश में महिलाओं की भागीदारी मजबूत हुई है और प्रशासनिक कार्य संस्कृति में सकारात्मक बदलाव आया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लखपति दीदी योजना' के माध्यम से भी महिलाओं की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नंदा गौरा योजना कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाने, संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने तथा समाज में लैंगिक असमानता को कम करने की दिशा में प्रभावी सिद्ध हो रही है। इस अवसर पर महिला कल्याण मंत्री रेखा आर्य ने बताया कि इस वर्ष लाभान्वित बालिकाओं में 5,913 नवजात शामिल हैं, जबकि 27,338 बालिकाओं को 12वीं उत्तीर्ण करने पर प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है। उन्होंने सभी लाभार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए विभागीय टीम की सराहना की।

## रुड़की वाटर कॉन्क्लेव 2026 का सफल समापन

**हरिद्वार।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान(आईआईटी) रुड़की एवं राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, रुड़की के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय 'रुड़की वाटर कॉन्क्लेव 2026' का समापन बुधवार शाम को आईआईटी परिसर में हुआ। यह त्रिदिवसीय सम्मेलन जल सहयोग, जल गुणवत्ता, सीमा पार नदी प्रबंधन तथा सतत विकास जैसे विषयों पर विचार-विमर्श का महत्वपूर्ण मंच सिद्ध हुआ।

# बजट सत्र : बिहार विधानसभा में वर्ष 2022-23 की सीएजी रिपोर्ट पेश, 4,844 करोड़ का राजस्व बकाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार विधानसभा में गुरुवार को भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट पेश की गई। इस रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2022-23 के लिए बिहार सरकार की कुल आय 1,72,688.02 करोड़ थी जिसमें राज्य सरकार द्वारा अपने स्त्रोतों से प्राप्त राजस्व से 48,152.63 करोड़ जो विगत वर्ष से 9,313.75 करोड. (23.98 प्रतिशत) अधिक था। जबकि की केंद्र सरकार से प्राप्त का हिस्सा 1,24,535.39 करोड़ (कुल प्राप्तियों का 72.12 प्रतिशत) था। आज पेश की गई सीएजी की रिपोर्ट के मुताबिक 31 मार्च, 2023 तक 4,844 करोड़ राजस्व बकाया है। जिनमें से 1430.32 करोड़ पांच वर्षो से लंबित था। वहीं फसलों की सब्सिडी में अनियमितता की बातें सामने आई हैं। सीएजी ने एटीएस को लेकर परिवहन विभाग में गड़बड़ी का खुलासा किया है।

रिपोर्ट के मुताबिक एसओपी का पालन किए बगैर गाड़ियों के फिटनेस सर्टिफिकेट जारी हुए, जिससे सरकार को करोड़ों का नुकसान हुआ। सीएजी रिपोर्ट में कृषि इनपुट सब्सिडी योजना में अनियमितताओं का खुलासा किया है। जिसमें 2019 में 10 ऐसे जिलों में 21.48 करोड़ की सब्सिडी का भुगतान किया गया, जिन्हें आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बाढ़ प्रभावित घोषित नहीं किया गया था। इसके अलावा 14 अन्य जिलों के आवेदकों को 4.03 करोड़ की राशि का भुगतान किया गया, जबकि वे चिन्हित आपदा प्रभावित क्षेत्रों में शामिल नहीं थे। रबी और खरीफ मौसम 2019 और 2020 के दौरान कृषि विभाग द्वारा 151.92 करोड़ की सब्सिडी बांटी गई, जो चिन्हित फसल क्षति क्षेत्र से 1.34 लाख हेक्टेयर अधिक क्षेत्र में दी गई। एसडीआरएफ के निर्धारित मानकों के अनुरूप सहायता दरों का पालन नहीं करने के कारण आवेदकों को 3.74 करोड़ का अधिक भुगतान किया गया। सब्सिडी आवेदन के प्रोसेसिंग और स्वीकृति के दौरान डेटाबेस में व्यावसायिक नियमों, अनुचित मैपिंग और निर्धारित प्रावधानों का अनुपालन नहीं किया गया। इसके चलते 15.53 लाख मामलों में 56.14 करोड़ का अधिक, कम या अनियमित भुगतान किया गया।

# अमित शाह 14 मार्च को मोगा में भाजपा की 'बदलाव रैली' को करेंगे संबोधित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने गुरुवार को कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 14 मार्च को मोगा में पार्टी की 'बदलाव रैली' को संबोधित करेंगे।

श्री शर्मा ने गुरुवार को कहा कि हर तरह से त्रस्त पंजाब का हर वर्ग आम आदमी पार्टी को सत्ता से बेदखल कर बदलाव के रूप में भाजपा को एक विश्वसनीय विकल्प मान चुका है। उन्होंने कहा कि 16 मार्च 2026 को मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के चार वर्ष पूरे हो जाएंगे। उन्होंने कहा इन चार वर्षों में चुनावी गारंटियां और वादे पूरे करना तो दूर, आप सरकार पंजाब में कानून का राज भी सुनिश्चित नहीं कर पायी।

# शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तीन दिवसीय यज्ञ का हुआ शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नवादा। जिले में कौआकोल प्रखण्ड के पावापुरी गोवरैया गांव में ग्रामीणों के सहयोग से हुए शिव मंदिर नवनिर्माण के बाद प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गुरुवार से तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जिसके प्रथम दिवस गुरुवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में 500 से अधिक महिलाओं ने अपने अपने सर पर कलश रखकर गांव का भ्रमण किया। कलश यात्रा पावापुरी गोवरैया गांव स्थित मन्दिर व यज्ञ मण्डप परिसर से निकलकर गांव भ्रमण करते हुए रानीबाजार होते हुए ब्लॉक परिसर अवस्थित शिव मन्दिर पहुंचा। वहां से पुनः रानीबाजार सूर्य मंदिर तक कलश यात्रा पहुंची। जहां वाराणसी से आए ब्राह्मण पण्डित जालेश्वर पंडित की देखरेख में जलभराई की गई। इसके बाद कलश यात्रा पुनः गोवरैया गांव स्थित यज्ञ मण्डप के पास पहुंची। यज्ञ मण्डप में विधिवत कलश स्थापना के बाद पूजा अर्चना शुरू की गई। आयोजनकर्ताओं से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को समस्त वेदी पूजन एवं शनिवार को नगर भ्रमण,अधिवास के बाद प्राण प्रतिष्ठा एवं हवन व पूर्णाहुति के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। यज्ञ को लेकर गांव तथा आस-पास का माहौल भक्तिमय हो गया है। कलश यात्रा में विक्की पांडेय,गुड्डू यादव,बिरेन्द्र कुमार उर्फ बीरू यादव,रणजीत ठाकुर समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# संक्षिप्त समाचार

## बाइस टूरिस्ट कॉम्प्लेक्सों में पांच दिवसीय रंगोत्सव 28 फरवरी से

चंडीगढ़। हरियाणा में पहली बार पर्यटन विभाग के 22 टूरिस्ट कॉम्प्लेक्सों में पांच दिवसीय रंगोत्सव 2026 का आयोजन किया जाएगा। विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने हरियाणा सिविल सचिवालय में पोस्टर लॉन्च कर कार्यक्रम की शुरुआत की घोषणा की। उन्होंने बताया कि 28 फरवरी से चार मार्च तक चलने वाले इस उत्सव का उद्देश्य आमजन, परिवारों, कॉरपोरेट समूहों, आरडब्ल्यूए और विभिन्न संगठनों को पर्यटन गतिविधियों से जोड़ना है।

## ब्रह्मपुर में नवविवाहिता की संदिग्ध मौत, तालाब से मिला शव

बक्सर। ब्रह्मपुर नगर पंचायत में नवविवाहिता नेहा कुमारी (20)की रहस्यमयी मौत से इलाके में सनसनी फैल गई है। गुरुवार सुबह ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर परिसर स्थित शिव सरोवर से उनका शव बरामद किया गया। नेहा, द्वारिका राम की पुत्री थीं और उनकी शादी 12 फरवरी को कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के छतनवार गांव में हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद वह बुधवार को ससुराल से मायके ब्रह्मपुर आई थीं। देर रात वह अचानक घर से लापता हो गईं। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उनका पता नहीं चला। गुरुवार सुबह स्थानीय लोगों ने मंदिर के पास तालाब में शव तैरता देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकालकर कब्जे में ले लिया। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा होगा। थाना अध्यक्ष ब्रजेश कुमार ने बताया कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

## सड़क दुर्घटनाओं पर विधायक ने जताया दुख

भागलपुर। बिहपुर विस के भाजपा विधायक इँ.शैलेंद्र ने बिहपुर विस क्षेत्र में लगातार हो रहे सड़क दुर्घटनाओं पर दुख जताया है। उन्होंने दुर्घटनाओं का मुख्य कारण वाहन चालकों द्वारा ट्रैफिक नियमों का पालन न करना बताया है। फोरलेन सड़क बन जाने के बाद इस प्रकार के दुर्घटनाओं पर भी विराम लग जाएगा। विधायक ने कहा कि एक तरफ गंगा पर बना भागलपुर विक्रमशिला सेतु दक्षिण बिहार समेत सहित झारखंड को जोड़ता है। वहीं बिहपुर से वीरपुर नेपाल के सीमा तक बन रहा एनएच 106 पुल और पथ के निर्माण के बाद अंगप्रदेश का यह क्षेत्र सीधे मिथिला क्षेत्र से जुड़ जाएगाफिलहाल एनएच 31 पर वाहनों का भारी भीड़ और दवाब है। सूबे डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी से बात करने के बाद विधायक शैलेंद्र ने बताया कि खगड़िया से पुर्णिया एनएच 31 तक फोरलेन के लिए परियोजना का डीपीआर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। 140 किलोमीटर लंबाई वाले इस परियोजना में कुल भूमि की आवश्यकता 890 हेक्टेयर है। जिसमें उपलब्ध भूमि 770 हेक्टेयर है। जबकि 120 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण किया जाएगा। विधायक ने इस परियोजना का अनुमानित लागत 13 सौ करोड़ बताया। यह एनएच 31 का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह महत्वपूर्ण परियोजना खगड़िया से शुरू होकर महेशखूंट, नारायणपुर, बिहपुर, नवगछिया और कुर्सेला होते हुए पुर्णिया तक जाती है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रो.गौतम ने बताया कि विधायक ई.शैलेंद्र ने राज्य के राज्य के उद्योग एव पथ निर्माण मंत्री सह भागलपुर जिला के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल से बात करने के बाद कहा कि खगड़िया से पूर्णिया फोरलेन एनएच 31 का निर्माण जल्द शुरू होगा। इसके बाद पटना-पूर्णिया एक्सप्रेस हाइवे का तोहफा दे रहे हैं।जो इसी के आगे से गुजरेगा। साथ ही एक और हाईवे मिलेगा।

## बिहार में तमिलनाडु के पर्यटकों से भरी ट्रैवलर ने ट्रक में मारी टक्कर, एक की मौत, 19 घायल

**डेहरी आन सोन।** बिहार के रोहतास जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग पर डेहरी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सुअरा गांव के पास गुरुवार तड़के तमिलनाडु के पर्यटकों से भारी ट्रैवलर ने एक ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में एक पर्यटक की मौत हो गई और 19 लोग घायल हो गए हैंद्य ट्रैवलर पर 24 लोग सवार थेद्य घायलों को नारायण मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, तमिलनाडु के कांचीपुरम के पर्यटकों से भरी ट्रैवलर ने गुरुवार तड़के ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी।

# 35वीं वाहिनी, आईटीबीपी ने मनाया सेवानिवृत्त सैनिक दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता




उत्तरकाशी। 35वीं वाहिनी, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल, माहिडाण्डा में सेवानिवृत्त सैनिक दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में कमांडेंट भानु प्रताप सिंह ने सेवानिवृत्त पदाधिकारियों का बधाई दी। इस अवसर पर सेवानिवृत्त पदाधिकारियों को उनकी सेवा के लिए धन्यवाद दिया गया और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। इस समारोह में बटालियन के सीमा क्षेत्र में निवास करने वाले सीएपीएफ के सेवानिवृत्त कार्मिकों, दिवंगत एवं शहीदों के आश्रितों ने हिस्सा लिया। जिसमें सबसे उम्रदराज पूर्व सैनिक और अध्यक्ष व उपाध्यक्ष भूतपूर्व केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल उत्तरकाशी को प्रतिक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त सैनिकों ने अपने सेवाकाल की प्रेरणादायक अनुभूतियों और महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। कमांडेंट ने कहा कि बटालियन स्तर की समस्याओं का समाधान तत्काल किया जाएगा और जिन समस्याओं का समाधान नहीं किया जा सकता, उन्हें उच्च मुख्यालय भेजा जाएगा। इस मौके पर वाहिनी के अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण, हिमवीर , बचन सिंह नेगी, सेवानिवृत्त उप सेनानी, संरक्षक, एवं एस0एस0 कुन्दरा, सेवानिवृत्त निरीक्षक, उध्यक्ष, भूतपूर्व केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल एसोसिएशन उत्तरकाशी के अध्यक्ष तथा सेवानिवृत्त पदाधिकारी एवं दिवंगत कार्मिकों के आश्रित मौजूद रहे।

## बगहा नगर परिषद क्षेत्र में मरीन ड्राइव का निर्माण हो: विधायक राम सिंह

पश्चिम चम्पारण (बगहा)। बगहा नगर परिषद क्षेत्र में मरीन ड्राइव निर्माण को लेकर बिहार विधानसभा में गुरुवार को मामला गूंजा। बगहा से भाजपा विधायक राम सिंह ने तारांकित प्रश्न के माध्यम से नगर परिषद क्षेत्र में प्रस्तावित मरीन ड्राइव निर्माण की योजना पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। विधायक ने सदन में कहा कि बगहा नगर के 22 वार्ड नदी के किनारे बसे हुआ है, ऐसे में यदि मरीन ड्राइव का निर्माण होता है तो इससे शहर के विकास को नई दिशा मिलेगी। साथ ही नगर के सौंदर्यीकरण और पर्यटन की संभावनाओं को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने सरकार से निर्माण कार्य की प्रगति, स्वीकृति और विभागीय प्रक्रिया की स्थिति स्पष्ट करने की मांग की।इस पर संबंधित मंत्री ने सदन में जवाब देते हुए बताया कि मरीन ड्राइव निर्माण को लेकर विभागीय स्तर पर आवश्यक प्रक्रियाएं अपनाई जा रही हैं। उन्होंने स्वीकृति एवं आगे की कार्ययोजना की जानकारी भी दी तथा आश्वस्त किया कि नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय   कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान   स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे।   फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333   e-mail : info@kanwhizztimes.com   RNI NO - UPHIN/2012/42063